सुप्रभात
रांची, शनिवार
09.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 146



12 फिल्म फाइटर का टीजर जारी

## न्यूज डायरी

**मानगो : भूमि कारोबारी और जवान की हत्या**

**जमशेदपुर।** मानगो जवाहरनगर रोड नंबर 16 में शुक्रवार को अपराधियों ने जमीन कारोबारी मो सज्जाद उर्फ टांडा की गोली मार कर हत्या कर दी। गोली मार कर भागने के दौरान अपराधियों में से तीन को टाइगर मोबाइल के दो जवानों ने पकड़ लिया। इसी बीच एक बदमाश ने टाइगर मोबाइल के जवान रामदेव को गोली मार दी।

**मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध**

**नयी दिल्ली।** 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव अब केवल 4 महीने दूर है, तो मोदी सरकार इस महाचुनाव से पहले महंगाई को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है। ऐसे में सरकार ने मार्च 2024 तक प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने का फैसला किया है।

**16 से खरमास, नहीं होंगे मांगलिक कार्य**

**रांची।** शादी-विवाह और शुभ कार्य 15 दिसंबर तक होंगे। सूर्य देव ब्रह्मांड का चक्कर काट जब 16 दिसंबर को धनु राशि में प्रवेश करेंगे तो खरमास लग जायेगा। इसके बाद एक माह तक सभी मांगलिक कार्य रूक जायेंगे।

**बस और स्कूल वैन में टक्कर, चालक की मौत**

**हजारीबाग।** कटकमसांडी थाना क्षेत्र में एक स्कूल वैन पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन बच्चे घायल हो गये हैं। कटकमसांडी पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार सुबह यह दुर्घटना हुई।

**एंबुलेस से शराब की तस्करी में तीन धराये**

**लातेहार।** पुलिस से एंबुलेंस से शराब की तस्करी का खुलासा करते हुए इसमें शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शराब तस्कर लातेहार के रास्ते शराब की खेप बिहार ले जाने की फिराक में थे।

***वेड इन इंडिया* आंदोलन शुरू होना चाहिए : मोदी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे मेड इन इंडिया है, वैसे ही 'वेड इन इंडिया' आंदोलन शुरू होना चाहिए। पीएम ने कहा- मैं खास तौर पर इस देश के अमीर लोगों से कहना चाहता हूं कि जब आप यहां शादी कर सकते हैं तो आप विदेश में शादी क्यों करते हैं?

**नहीं रहे जूनियर महमूद कैंसर ने ले ली जान**

**मुंबई।** अपने दौर के सबसे मशहूर बाल कलाकार के तौर पर चर्चित जूनियर महमूद उर्फ नईम सैय्यद (60) अब इस दुनिया में नहीं रहे। गुरुवार देर रात करीब दो बजे के मुंबई के खार वाले घर में उनका निधन हो गया।

**आरबीआइ के रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं**

**मुंबई।** आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) शुक्रवार को खुलासा कर दिया है कि रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होगा। देश की आर्थिक दशा काफी अच्छी है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




### पीएम बोले, इन नोटों के ढेर को देखें और ईमानदारी पर कांग्रेस का भाषण सुनें

# लूटनेवालों को पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली, रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़ी कंपनियों से आइटी रेड में बरामद करोड़ों की नकदी पर पीएम मोदी की पहली प्रतिक्रिया सामने आयी है। कांग्रेस नेता से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म एक्स पर लिखा- देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। साथ ही पीएम मोदी ने क्रॉस और डॉलर की इमोजी भी लगायी है। हंसने वाली इमोजी भी डाली है। 300 करोड़ रुपये से अधिक की कैश की जब्ती हुई है। गिनती अब भी जारी है।

**धीरज के बहाने कांग्रेस पर बड़ा हमला :** धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों पर छापेमारी में मिले करोड़ रुपये के कैश मामले में पीएम मोदी ने विपक्ष पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने तीन लाफिंग इमोजी के साथ सोशल मीडिया मंच पर मीडिया रिपोर्ट शेयर किया और लिखा, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के भाषणों को सुनें...। उन्होंने कहा, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी,



यह मोदी की गारंटी है। आमतौर पर पीएम मोदी अपने हैंडल से बयान के साथ इमोजी नहीं लगाते हैं। एस मामले में उनके इस ट्वीट ने कई लोगों को ध्यान खींचा। पीएम मोदी ने जिस खबर को शेयर किया है उसमें नोटों से भरी कई अलमारियों की तस्वीर देखी जा सकती हैं।

**नोटों से भरे 156 बैग बरामद :** आयकर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ कर चोरी के आरोप में शुक्रवार को तीसरे दिन भी छापे मारे। उन्होंने बताया कि इस दौरान नकदी से भरे 156 बैग बरामद किये गये हैं। नोटों की गिनती जारी है।

(शेष पेज 11 पर)

**रांची के आवास में भी तलाशी :** धीरज साहू के रांची रांची रेडियम रोड स्थित आवास में भी हुई तलाशी ली गयी। कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त बरामद किये गये। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीआएसएफ की टीम मौजूद थी। आयकर अधिकारियों की टीम घर में दस्तावेज आदि की तलाशी ले रहे थे। घर से महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया है। झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा में पिछले तीन दिनों से आयकर विभाग की हुई छापेमारी में राज्यसभा सांसद धीरज साहू तीन सौ करोड़ की राशि बरामदगी के मामले में फंसते नजर आ रहे हैं। हैदराबाद और भुवनेश्वर के बैंकों के 30 बैंककर्मी नोट गिनने की मशीन से गिनती कर रहे हैं। अनुमान है कि राशि की संख्या बढ़ सकती है।



### बेटियों को मिलने वाले अधिकार से कोई समझौता नहीं : हेमंत

# विपक्ष को अब आ रही है आदिवासियों की याद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, गोड्डा।** पथरगामा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की बेटियों को मिलनेवाले लाभ से कोई समझौता नहीं करेगी। इसमें जो अधिकारी लापरवाही बरतेंगे, वे नपेंगे। कार्यक्रम में सीएम ने केंद्र सरकार और विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि एक तो केंद्र सरकार झारखंड का बकाया पैसा नहीं दे रही। वहीं दूसरी ओर यहां जब से आप जनता की सरकार बनी है, विपक्ष उसे गिराने में लगा हुआ है। विपक्ष की साजिश कभी सफल नहीं होगी। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, केंद्र और भाजपा को आदिवासियों और भगवान बिरसा मुंडा की याद आ रही है। कार्यक्रम में सीएम ने लोगों से योजनाओं का ज्यादा लाभ उठाने की अपील की।

**यहां गरीब अधिक हैं, पर पीएम आवास फंड रोका :** सीएम ने केंद्र को पता है कि झारखंड में गरीबों की संख्या अधिक है। राज्य के पास पैसा नहीं है, फिर भी केंद्र सरकार ने पीएम आवास का फंड रोक दिया।

(शेष पेज 11 पर)

**गोड्डा की सीडीपीओ निलंबित**



सीएम हेमंत सोरेन के आदेश के बाद गोड्डा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (एसडीपीओ) अनिशा कुजूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उन पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लाभुक बालिकाओं को ससमय योजना का लाभ नहीं पहुंचाने और अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं पूर्व से दिये गये सरकारी निर्देशों की अवहेलना एवं उदासीनता बरतने का आरोप है। गुरुवार को पथरगामा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वह बच्चों से और विभिन्न पंचायत में लगे शिविर में आये लाभुकों से संवाद कर रहे थे। इस क्रम में उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की लाभुक बालिकाओं ने शिकायत की कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सीएम ने इसे काफी गंभीरता से लिया और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके राज्य के योग्य किशोरियों के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विवाह उन्मूलन, स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता रद

### एथिक्स कमेटी ने की थी अनुशंसा, विरोध में विपक्ष का वाकआउट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता को शुक्रवार को ध्वनिमत से रद्द कर दिया। मोइत्रा को लेकर एथिक्स समिति की रिपोर्ट शुक्रवार को ही लोकसभा में पेश की गयी थी। उनपर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगा था और इस मामले की जांच के लिए बनी संसद की समिति की रिपोर्ट की सिफारिश के आधार पर उनकी सदस्यता रद्द की गयी। विरोध में टीएमसी कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। समिति के अध्यक्ष ने जैसे ही रिपोर्ट पेश की, कांग्रेस और तृणमूल के सदस्य अध्यक्ष के आसन के करीब पहुंच गये और नारे लगाते हुए रिपोर्ट की प्रति देने की मांग करने लगे। महुआ मोइत्रा पर सांसद का लॉगिन पासवर्ड साझा करने का भी आरोप था, जिसे उन्होंने स्वीकार भी किया था। बाद में स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी।

**यह संविधान की हत्या है : ममता-** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने अपनी नेता का साथ दिया। कहा कि स्पीकर ने जल्दीबाजी में फैसला लिया। उन्होंने कहा- आज संविधान की हत्या कर दी गयी। यह 'डेमोक्रेसी की बाईपास सर्जरी' है।

(शेष पेज 11 पर)

**बिना सबूतों के ही मिली सजा : मोइत्रा**



संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सुश्री मोइत्रा की सदस्यता खत्म करने संबंधित प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन में ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। टीएमसी ने अध्यक्ष से बार-बार यह आग्रह किया कि मोइत्रा को पक्ष रखने का मौका दिया जाये। अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय परम्परा का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया। फैसले पर महुआ मोइत्रा ने काफी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह नेचुरल जस्टिस नहीं है। बिना सूबतों के ही सजा सुना दी गयी। निष्कासित होने पर कहा कि उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ कोई सबूत नहीं थे, लेकिन फिर भी कंगारू कोर्ट ने ये फैसला लिया क्योंकि मोदी सरकार के लिए अडानी ग्रुप जरूरी है। रिपोर्ट पेश होने से पहले ही महुआ ने कहा था 'महाभारत का रण' अब शुरू होगा।

### तीन राज्यों में सीएम के नाम की घोषणा शीघ्र, पर्यवेक्षक बनाये गये

# छत्तीसगढ़ में अर्जुन मुंडा और मध्य प्रदेश में आशा लकड़ा चुनेंगी सीएम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** काफी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने शुक्रवार को तीनों राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिये। जल्द ही वहां विधायक दल के नेता का चुनाव किया जायेगा। पर्यवेक्षकों की सूची में झारखंड के दो नेताओं अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा का नाम शामिल है। अर्जुन मुंडा को छत्तीसगढ़ और रांची की पूर्व मेयर सह भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा को मध्य प्रदेश के विधायक दल के नेता के चयन के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है।



हालांकि इन दोनों के अलावा कई और नेता भी पर्यवेक्षक बनाये गये हैं। पार्टी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक राजस्थान में विधायक दल के नेता के चयन के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सदस्य सरोज पांडे और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पार्टी के अंदर और बाहर सीएम के नामों पर चर्चा जोरों पर है। जाहिर है कि उसी को जिम्मेदारी मिलेगी, जो ज्यादा लोकसभा सीटें दिलाने की क्षमता रखता हो। (शेष पेज 11 पर)

**पर्यवेक्षकों की सूची और जिम्मेदारी**

एमपी में नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों में हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण औ राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के अलावा मंत्री सवार्नद सोनोवाल और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम पर्यवेक्षक है। राजस्थान के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को जिम्मेदारी दी गयी है।

**मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की रेस में हैं ये नाम :** छत्तीसगढ़ में पूर्व सीएम रमन सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय, ओपी चौधरी के नाम की चर्चा चल रही है। आदिवासी समाज से आने वाली रेणुका सिंह भी रेस में दिख रही हैं। अरुण साव और पूर्व मंत्री रामविचार नेताम भी दौड़ में शामिल हैं। वहीं एमपी में शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रह्लाद सिंह पटेल और कैलाश विजयवर्गीय के नाम की भी चर्चा चल रही है।

### 2024 में जीत को मोदी आश्वस्त

# मेरे तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी शक्ति बनेगा भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनाने से खुश और उत्साहित पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव पर बहुत बड़ा बयान दिया है। देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के तीसरे टर्म में आने की घोषणा कर दी। पीएम ने आगामी लोकसभा चुवाओं से पहले अपने तीसरे टर्म को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा- केंद्र में मेरे तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिर शक्ति के रूप में उभरेगा। यानी साफ है कि पीएम मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव को जीतने को लेकर आश्वस्त हैं।

**विपक्ष पर नमक छिड़का**



ऐसा कह कर उन्होंने तीन राज्यों में हार से कराह रहे विपक्ष के जख्मों पर नमक छिड़क दिया है। देहरादून में पीएम मोदी एक बार फिर से पहाड़ी टोपी में नजर आये। देश में लगातार विकास और पॉलिसी लेवल पर सुधार पर बोलते हुए उन्होंने सभी निवेशकों का आह्वान किया कि उत्तराखंड में अधिक से अधिक निवेश करें। मोदी ने ऐलान किया कि उनके तीसरे टर्म में भारत देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। पीएम मोदी का यह बयान सियासी गलियारों में चर्चा में रहने वाला है। हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद तीन राज्यों में सरकार बनाने जा रही भाजपा के प्रदर्शन से खुश मोदी का यह बयान दिखता है कि वह पूरे कॉन्फिडेंस में हैं। आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने अपने तीसरे टर्म की घोषणा कर दी है।

# आदिवासी छात्र को लंदन विवि से डिस्टिंक्शन के साथ मिली डिग्री

### सीएम हेमंत सोरेन का सपना होने लगा साकार, अजय ने कहा- थैंक्यू सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के वंचित और शोषित समाज के मेहनती और होनहार आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक बच्चों की प्रतिभा दुनिया के सामने लाने का जो सपना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देखा था, आज वह हकीकत में बदल रहा है। झारखंड के युवा अब शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहें हैं। ऐसी ही प्रतिभा का प्रदर्शन पूर्वी सिंहभूम के पोटका प्रखंड स्थित भाटिन गांव निवासी अजय हेंब्रम ने दिखायी है। अजय ने लंदन के यूनिवर्सिटी में डिस्टिक्शन के साथ डिग्री प्राप्त की। अजय खुश है। कहते हैं भले ही डिग्री के लिए मैंने पढ़ाई की लेकिन इसका श्रेय सीएम हेमन्त सोरेन और मंत्री चंपई सोरेन को जाता है। उन्होंने हम जैसे युवाओं को वैश्विक मंच पर छा जाने का अवसर मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के जरिये दिया। अब हमलोग यहां के लोगों के बीच अपने समाज, राज्य और देश की और भी बेहतर छवि बनाने का प्रयास करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने बढ़ाया हौसला :** सीएम ने ट्वीट कर अजय से कहा कि बाबा दिशोम गुरुजी कहा करते हैं कि गरीब और वंचित समाज के युवाओं को शिक्षा के अवसर मिलते हैं तो सिर्फ वो ही नहीं, उनका घर, गांव और समाज भी आगे बढ़ता है। आप सदैव अपनी मेहनत और लगन से सफलता की बुलंदियों को छूते रहें। मुख्यमंत्री ने अजय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि झारखंड के युवाओं के साथ उनका यह भाई हमेशा खड़ा है और रहेगा।

**50 बच्चे बाहर कर रहे हैं पढ़ाई**



मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत अब तक राज्य के 50 युवक-युवती ब्रिटेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, या कर रहें हैं। जिन्होंने पढ़ाई पूरी कर ली है उनमें से कुछ विदेश में ही नौकरी कर रहे हैं और कुछ देश में ही उच्च संस्थानों में नौकरी कर रहे हैं। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र- छात्राएं शामिल हैं। इन सभी को राज्य सरकार शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। देश भर में पहली बार मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस तरह की छात्रवृत्ति योजना झारखंड में लागू की गयी है। अभी सरकारी खर्चे पर वंचित वर्ग से 50 युवा विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

# पटना में अमित शाह के साथ बैठक की तैयारी में जुटी नीतीश सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 10 दिसंबर 2023 दिन रविवार को होने जा रही है। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26 वीं बैठक पटना में आयोजित है। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शामिल होना था। हालांकि अभी यह पूरी तरह तय नहीं हो सका है कि इस बैठक में इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों में कौन खुद शिरकत करेंगे और कौन अपनी जगह अपने प्रतिनिधि को भेजेंगे। वहीं सामने आ रही जानकारी के अनुसार, एक मुख्यमंत्री के इस बैठक में शामिल होने की संभावना बेहद कम है।

**गृह विभाग (कारा) में 43 पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति :** बिहार सरकार ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए बिहार प्रशासनिक सेवा के 43 पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति गृह विभाग (कारा) में की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने हाल में ही इस बाबत आदेश जारी किया था। इनमें 32 अधिकारियों को आगंतुक एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ संपर्क पदाधिकारी के रूप में संबद्ध किया गया है।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834031, झारखण्ड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in." के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING).**
**KUTCHERY CHOWK, RANCHI-834001**
**OA NO. 282 OF 2022**

BETWEEN
BANK OF INDIA, RATU BR., RANCHI
.........APPLICANT BANK
Vs
M/S BHARATI ENGINEERING COMPANY & ORS.
.......DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR NO | DEFENDANTS | ADDRESSS |
|---|---|---|
| 1. | M/S BHARAT ENGINEERING COMPAY PROP: SACHIDA NAND SINHA S/O SANTAN SINGH | WORKSHOP OFFICE R/O AT - VILLAGE, P.O.-KAMRE, P.S. - RATU, DIST.-RANCHI 835222 JHARKHNAD |
| 2. | SACHIDA NAND SINHA S/O SANTAN SINGH | |

Whereas, the Applicant has instituted an application u /s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for recovery of sum of **Rs. 37,71,968.00/- Rupees Rupees Thirty Seven Lakhs Seventy One Thousend Nine Hundred Sixty Eight Only)** together with current and future interest, cost and for other reliefs.

The above mentioned Defendant(s) is/are therefore directed to appear before the **Registrar** in on **5th day of Jan, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show - cause in the matter the notice that in case of default, the application will heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **10th day of Oct, 2023**

D.K. MAHTO
REGISTRAR



FORM NO. 17
[See Regulation 35(1)]

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICE - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Buildin, Kutchery Chowk, Ranchi - 834001
RC/168/2022
NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEVTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
VS
UMESH KUMAR

To
(CD1) UMESH KUMAR
RESIDENT OF VILLAGE
DAHUNAWADA, PS TANDWA - 825321
Also At:
RESIDENT OF VILLAGE
DAHUNAWADA, PS TANDWA - 825321

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the OA/208/2019 drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of Rs. 2617626.00 (Rupees Twenty Six Lakhs Seventeen Thousands Six Hundred Twenty Six Only) along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on 05/03/2024 and to show cause why you should not by arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date. 30.11.2023

Seal Of Tribunal
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– मास्टर प्रेम उम्र–39 वर्ष,रंग–काला, ऊँचाई–5 फीट, 05 ईंच, पहचान चिन्ह– तोतला कर बोलना।

उपरोक्त लापता पुरूश मास्टर प्रेम उम्र–39 वर्ष पे0 स्व0 कोका लोहरा, सा0– चटनीया पानी बलथरवा, पो0–चामा, थाना– चान्हों, जिला –राँची ए0/पी0–सुभाश नगर थाना–खलारी जिला–राँची, सी0सी0एल कर्मचारी है तथा सी0सी0एल अमरपाली प्रोजेक्ट में कार्यरत है जो दिनांक–21.10.23 को समय करीब 08:30 बजे सी0सी0एल अपरपाली प्रोजेक्ट में डियूटी के लिए निकला और डियूटी कर अभी तक घर वापस नही आयें है। जिसके संबंध में खलारी थाना सनहा संख्या–22/23, दिनांक–22.10.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक खलारी राँची। –9431742777
थाना प्रभारी खलारी, राँची। –94317 06188

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 313051 (Police)23-24*D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– साधो तिर्की उम्र–77 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, 07 ईंच,

उपरोक्त लापता साधो तिर्की, पिता–पे0–भादो उराँव, सा0 डहुआ बगान टोली, थाना–अनगड़ा, जिला–राँची, ,घर से जो दिनांक–27.11.23 को देवघर जाने के लिए निकले जो कि मुरी स्टेशन में उत्तर गये जो कि सी0सी0टीवी फुटेज मे मुरी स्टेशन गेट से बाहर निकलते देखा गया जो अब तक घर लोट कर नहीं आये है। जिसके संबंध में अनगड़ा थाना– सनहा संख्या–11/23, दिनांक–29.11.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली राँची। –9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा, राँची। –9934717334

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 313059 Police(23-24)#D


## सांसद का आरोप : देवघर एम्स में मूलभूत सुविधा के लिए राज्य सरकार नहीं दिखा रही दिलचस्पी

# हाईकोर्ट ने सरकार को कई विभागों के जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का दिया समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। देवघर एम्स के मामले में प्रार्थी सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर ऊर्जा विभाग एवं पेयजल स्वच्छता विभाग का ही जवाब आ सका, जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी के उठाए गए बिंदुओं के आलोक में राज्य सरकार को सभी विभागों का जवाब दाखिल करने के लिए 10 दोनों का समय दिया। सांसद निशिकांत द्वारा मामले में राज्य के मुख्य सचिव के जवाब पर अपना शपथ पत्र दाखिल किया था। इसमें सांसद की ओर से देवघर एम्स में सुविधा को लेकर कई बिंदु उठाए गए थे। कहा गया था कि चीफ सेक्रेटरी ने देवघर एम्स के पावर सब-स्टेशन के लिए 64 करोड़ रुपए की लागत आने की बात कही है, जिसके लिए कैबिनेट की अप्रूवल जरूरी है। सांसद का कहना है कि विगत एक माह में दो-तीन बार कैबिनेट की बैठक हो गई लेकिन देवघर एम्स के लिए सरकार 64 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर दिलचस्पी नहीं दिख रही है। वहीं देवघर एम्स को पानी देने के सवाल पर प्रार्थी की ओर से कहा गया कि देवीपुर मल्टी विलेज स्कीम के तहत देवघर एम्स को पानी देने की बात कही जा रही है इससे पंचायतों को मात्र दो-तीन दिन ही पानी मिलता है। ऐसे में एम्स के लिए पुनासी डैम से पानी की व्यवस्था की जाए। मुख्य सचिव ने बताया था कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए एक अग्निशमन वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। जिसके जवाब में प्रार्थी निशिकांत दुबे की ओर से कहा गया है कि यह अग्निशमन वाहन मात्र चार-पांच तल्ला में आग बुझाने में सक्षम है, जबकि देवघर एम्स 24 मंजिला है, ऐसे में इस अग्निशमन वाहन से काम नहीं होगा।

देवघर एम्स के लिए शेष बचे 20 एकड़ जमीन उपलब्ध अब तक उपलब्ध नहीं होने मामले में चीफ सेक्रेटरी ने बताया है कि इस संदर्भ में उपयुक्त द्वारा जमीन अधिग्रहण के लिए प्रयास किया गया है जिसमें सांसद का कहना है कि देवघर एम्स को 237 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी लेकिन अब तक उसे मात्र 217 एकड़ जमीन ही मिली है। शेष 20 एकड़ दिलाने के लिए राज्य सरकार को एक समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए।

सांसद निशिकांत की ओर से यह भी कहा गया है कि देवघर एम्स में कार्यरत कर्मियों के बच्चों के लिए वहां सेंट्रल स्कूल बनाने के लिए केंद्र सरकार तैयार है लेकिन राज्य सरकार इसके लिए जमीन उपलब्ध नहीं कर रही है।



**क्या है याचिका में :** प्रार्थी सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। याचिका में सांसद की ओर से कहा गया है देवघर एम्स में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कोर्ट से देवघर एम्स के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, पहुंच सड़क, फायर ब्रिगेड वाहन आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार को निर्देश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

## 1984 के सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान के मामले में राज्य सरकार से 3 दिन में मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**रांची।** वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में मुआवजा भुगतान को लेकर कोर्ट के 15 सितंबर के आदेश के आलोक में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किए जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई और राज्य सरकार को 3 दिन में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है की बोकारो जिला में मुआवजा भुगतान के लिए एक करोड़ 20 लाख की अतिरिक्त राशि कंटीन्जेंसी फंड से उपलब्ध कराए जाने पर क्या हुआ। कैबिनेट ने भी इस पर अप्रूवल दे दिया है, इसके बाद भी बोकारो में मुआवजा भुगतान के लिए बोकारो जिला को एक करोड़ 20 लाख क्यों नहीं आवंटित किया गया। इसके अलावा सरकार ने कोर्ट में रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन की रिपोर्ट की कॉपी भी प्रस्तुत नहीं की है। हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।

**चार जिलों में मुआवजा का होना है भुगतान :** राज्य सरकार की ओर से बताया गया था की तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरूआत कर दी गई है। वही बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है। फंड मिलते ही बोकारो में भी मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को बताया- रांची में अतिरिक्त जेजे बोर्ड का गठन पूर्ण, जमशेदपुर में जारी है प्रक्रिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा कोर्ट में वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। वहीं जगजीत सिंह छाबड़ा भी वर्चुअल मोड में बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से हाजिर हुए।

मामले में राज्य सरकार एवं सचिव कृपानंद झा की ओर से कहा गया कि रांची एवं जमशेदपुर में एक-एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी थी, राज्यपाल से भी इसकी अनुमति मिल गई थी। इसके बाद रांची में अतिरिक्त जेजे बोर्ड गठन कर लिया गया है, जबकि जमशेदपुर में गठन की प्रक्रिया जारी है। चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) में चेयरमैन के छह जिलों में रिक्त पदों के लिए दो सप्ताह में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल कुछ उम्मीदवारों के बारे में कुछ शिकायत आई थी जिसका वेरीफिकेशन कर दो सप्ताह में नियुक्ति पर किया शुरू कर ली जाएगी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि दुमका, हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, साहिबगंज और सिमडेगा छोड़कर बाकी सभी जगह सीडब्ल्यूसी कार्यरत है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किया जा सका, कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सरकार को समय प्रदान करते हुए 20 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि खंडपीठ को पूर्व में बताया गया था कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड) व सीडब्ल्यूसी अधिकतर पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है, लेकिन अब भी कई पद खाली हैं। वहीं राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष व सदस्य का पद कई वर्ष से खाली हैं। पद खाली रहने के कारण आयोग सही तरीके से काम भी नहीं कर पा रहा है। प्रार्थी चंदन सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गयी है।

### हाईकोर्ट में दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह बाद

**रांची।** साहिबगंज में इनफिनिटी इंटरप्राइजेज के कार्यालय से हथियार के बल पर 137000 रुपए लूटने के मामले में आरोपी दाहू यादव उर्फ राजेश यादव की अग्रिम जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पैरवी की। मामले में इनफिनिटी इंटरप्राइजेज के कर्मचारी रोहित कुमार ने सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था। बाद में साहिबगंज मुफस्सिल थाना में मामले को लेकर कांड संख्या 91 /2021 दर्ज किया गया था। इसमें दाहू यादव, बच्चू यादव समेत 12 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनफिनिटी इंटरप्राइजेज के मालिक के अंकुश राजहंस बताए जाते हैं।

**खबर एक नजर में**

### राज्यपाल बने झारखंड के मतदाता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को राज्य के नए मुख्य सचिव एल खियांग्ते राज भवन में मुलाकात किया। यह शिष्टाचार मुलाकात थी। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज भवन में भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को राज्य में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने झारखंड राज्य के मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

### झाप्रसे संघ के अध्यक्ष मिलीं मुख्य सचिव से



**रांची।** प्रोजेक्ट भवन कार्यालय में राज्य के नये मुख्य सचिव एल खियांग्ते से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई। सर को संघ के सदस्यों के समक्ष आ रही प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया गया। इसमें प्रीमियर सर्विस, चाइल्ड केयर लीव, डीपीसी की बैठक एवं समयबद्ध प्रमोशन तथा प्रोन्नत पदाधिकारी के पद को उत्क्रमित करने की परिपाटी को समाप्त करना शामिल थी।

### आज पलामू व गढ़वा में रहेंगे राजेश ठाकुर



**रांची।** संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शनिवार को पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि सुबह 10 बजे डालटेनगंज में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। उसके बाद 11 बजे गढ़वा में इंदिरा गांधी चौक से निकाले जा रहे मोटरसाईकिल जुलूस में शिरकत करेंगे तथा 1 बजे भवनाथपुर विधानसभा के विशुनपुरा में प्रखंड, मंडल एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक संगठन सशक्तिकरण अभियान पर चर्चा करेंगे।

### मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी को बेल नहीं

**रांची।** प्रधान न्याायायुक्त एके राय की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में जेल में बंद शिवराज कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। वह उक्त आरोप में बीते दो अक्तूबर से जेल में बंद है। आरोपी को नामकुम पुलिस ने एक अक्तूबर 2023 को 2.350 किलोग्राम अफीम के साथ रंगे हाथ पकड़ा था। पकड़े जाने पर पुलिस के सामने स्वीकार किया था कि वह अफीम का अवैध कारोबार करता है।

## लोन पर खरीदे गये दो ट्रकों को जबरन जब्त करने के मामले में थाना को एफआइआर दर्ज करने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एक्सिस बैंक से फाइनेंस कराए गए दो ट्रक नियम विरुद्ध जब्त किए जाने को लेकर भूली ओपी, धनबाद में शिकायत दर्ज होने के बाद भी संबंधित थाना में एफआईआर दर्ज नहीं होने मामले में दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने एक्सिस बैंक, राज्य सरकार एवं प्रार्थी का पक्ष सुनने के बाद बैंक मोड़ थाना, धनबाद को प्रार्थी की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

प्रोजेक्ट इक्विपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर संजय कुमार की और से दायर याचिका में कहा गया था कि कुख्यात गैंगस्टर रहे उपेंद्र सिंह की यूएस एजेंसी जो एक्सिस बैंक का रिकवरी एजेंट था, उसके साथ मिलकर एक्सिस बैंक के अधिकारियों ने 24 मार्च 2022 को बिना कोर्ट के आदेश के उनके दो ट्रक जो एक्सिस बैंक से फाइनेंस किए गए थे, उसको जब्त कर लिया। जबकि वे फाइनेंस कराए गए इन दोनों ट्रैकों का किश्तवार राशि नियमित रूप से भुगतान करते आ रहे हैं। इसके बाद भी रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह समेत बैंक अधिकारियों ने उनकी ट्रक को जब्त कर लिया और गुरु पार्किंग यार्ड, धनबाद में रखा है। साथ ही ड्राइवर के साथ मारपीट की गई और ट्रक छोड़ने के एवज में पैसे मांगे गये।

इस संबंध में उन्होंने एफआईआर दर्ज करने के लिए भूली ओपी धनबाद में आवेदन दिया तो पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया कि रिकवरी बैंक एजेंट उपेंद्र सिंह कुख्यात गैंगस्टर था, उसके खिलाफ 22 केस दर्ज किए गए थे। निर्धारित समय से इन दोनों ट्रक की किस्त जमा करने के बाद भी बिना कोर्ट के आदेश के प्रार्थी के दो ट्रक को जप्त कर लिया गया।

उनका कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम प्रकाश कौर एवं अन्य के मामले में एक आदेश दिया है। जिसके तहत आपराधिक छवि वाले लोगों की सहायता से किसी की फाइनेंस कराए गए वाहन को जब्त कर लेना कानूनी रूप से सही नहीं है।

## गोड्डा के मुंदर कोठी स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम ने कहा

# 8 लाख परिवारों को देंगे अबुआ आवास योजना का लाभ

**मुख्यमंत्री ने 441.06 करोड़ रुपये की 217 योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास, 181303 लाभुकों के बीच लगभग 300 करोड़ 96 लाख रुपए की बांटी परिसंपत्ति**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान में हमारी सरकार जो योजनाएं बना रही है वो आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त हुए आवेदनों के आकलन के आधार पर ही तैयार की जाती है। श्री सोरेन शुक्रवार को गोड्डा जिला स्थित मुंदर कोठी स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन लागू करने के मामले में झारखंड देश का पहला राज्य है। कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत-पंचायत पहुंच कर लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है। पिछले दो साल में लाखों आवेदन हमें शिविर के माध्यम से प्राप्त हुए। आवेदनों के निराकरण के लिए सूची तैयार की गई। उसका परिणाम यह हुआ कि सबसे पहले हमारी सरकार ने राज्य के बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा माताओं-बहनों सहित सभी जरूरतमंदों के प्रति सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने वाले पात्र लोगों को पेंशन के लिए विभिन्न कार्यालयों चक्कर नहीं काटना पड़ रहा है। झारखंड जैसा पिछड़ा राज्य अब सभी पात्र लाभुकों एक हजार रुपये पेंशन दे रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022 तक सभी गरीबों को आवास देने की बात कही थी। केन्द्र सरकार को मालूम है झारखंड में गरीबों की संख्या अधिक है। हमारी सरकार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए कई कई बार केंद्र सरकार से समन्वय बनाने का प्रयास किया लेकिन हमारी बात को अनसुना कर दिया लेकिन राज्य सरकार ने अपने दम पर 8 लाख गरीब परिवारों को आवास देने का लक्ष्य तय किया है। इस निमित्त अबुआ आवास योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत तीन कमरों का आवास गरीबों को दिया जायेगा।

### सीएम ने यह भी कहा- आमजन की आवश्यकता अनुरूप बना रहे योजना

### सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य



### सभी बेटियों को मिलेगा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से राज्य की 8 लाख बच्चियों को योजना से जोड़ा गया है। परिवार की दो बेटियों को योजना का लाभ देने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। परिवार की सभी बेटियों को योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीणों को अब मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ मिल सकेगा। इस योजना के तहत ट्रांसपोर्टर को राज्य सरकार आर्थिक सहायता भी देगी। यह योजना जल्द शुरू होने वाली है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा बेबी देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिंदु मंडल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद दादेल और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

आरयू में युवा उत्सव 2023 का हुआ आयोजन

# युवा उत्सव समाज को जगाने में सक्षम : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो






**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में कहा कि युवा उत्सव समाज की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह आयोजन नेहरू युवा केंद्र की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अगले 25 वर्षों के लिए 5 संकल्प लेने का आह्वान किया है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में ये पांच संकल्प लोगों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस दिशा में युवाओं का उत्तरदायित्व काफी बढ़ जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम से युवाओं में देशभक्ति की भावना और प्रबल होती है।

उन्होंने कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भर एवं विकसित तभी होगा, जब हम विभिन्न क्षेत्रों यथा कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ केयर, स्पोर्ट्स इत्यादि में आत्मनिर्भर होंगे। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए युवाओं को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करानी होगी। युवाओं को भी निरंतर प्रयास करते हुये प्रगति के पथ पर अग्रसर होना होगा।

सड़कों के निर्माण से कृषकों के उत्पाद का शहर तक पहुँचना सुगम हो गया है। आज आवश्यकता इस बात कि है की अपनी विरासत पर गर्व करते हुए युवाओं को चरित्र निर्माण के साथ-साथ अपनी योग्यता से समाज को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभानी होगी। हम सब प्रयास करें तो रांची विश्वविद्यालय एक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बन सकता है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह द्वारा पंच प्रण की शपथ ली गयी।

## बादल छंटते ही ठंड बढ़ी, गर्म कपड़ों की खरीदारी तेज



## झारखंड हाईकोर्ट का आदेश- पत्नी को घर ले जायें तभी मिलेगी बेल, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ऐसी शर्त उचित नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने एक आदेश में कहा है कि आइपीसी की धारा 498ए के तहत आरोपी पति को अग्रिम जमानत देते समय यह शर्त नहीं लगायी जा सकती कि पति पत्नी को अपने घर ले जायेगा और उसका भरण-पोषण करेगा। शीर्ष अदालत ने आदेश में कहा कि हमारी राय में अग्रिम जमानत देते समय हाईकोर्ट को न तो ऐसी शर्त लगाई जानी चाहिए और न ही यह अपीलकर्ता द्वारा दायर याचिका को अस्वीकार करने का आधार होना चाहिए।

**हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी गयी थी चुनौती :** घरेलू हिंसा के एक मामले में पति ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने पति को जमानत देते हुए यह शर्त लगायी कि उसे अपनी पत्नी को अपने घर ले जाना होगा और उसे सम्मान के साथ रखना होगा।

## कांग्रेस सांसद के ठिकानों से लगभग ₹300 करोड़ नकद बरामदगी का मामला

# सांसद धीरज साहू के खिलाफ जल्द दर्ज हो प्राथमिकी, गिरफ्तार किये जायें : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा : गरीबों को लूटकर पैसा जमा करने वालों से पाई पाई निकलवाने की मोदी जी की है गारंटी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। श्री मरांडी ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य सभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से आईटी के छापेमारी में बरामद लगभग 300 करोड़ रुपये की नकद राशि भ्रष्टाचार का एक बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि इसके तार छत्तीसगढ़, झारखंड से जुड़े हैं। ये पैसा गरीबों की गाढ़ी कमाई का, शराब घोटाले का है। इसके संकलन कर्ता भी झारखंड के हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये पैसे चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए रखे गये थे। उन्होंने कहा कि आशंका है कि झारखंड में ईडी के छापे के बाद रातों रात ओड़िशा, बंगाल, बिहार की तरफ एंबुलेंस में ढोकर पैसे ले जाने की बात चर्चा में आई थी। इतनी बड़ी रकम की नकद बरामदगी के बाद आज भी यह चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी झारखंड में हुई ईडी की कारवाई में करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि लूट के पैसे से सोना खरीद कर जमीन में गाड़ कर छुपाया गया।

उन्होंने कहा कि गरीबों को लूटकर पैसा जमा करने वालों से पाई पाई निकलवाने की मोदी की गारंटी है। झारखंड का लूटा हुआ पैसा जनता को लौटाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए संकल्पित हैं। प्रदेश भाजपा जनता के पैसे की हो रही लूट को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी इस मुद्दे को उठाते हुये संघर्ष करेगी। 10 दिसंबर को झारखंड भाजपा सभी जिलों में धरना प्रदर्शन करेगी इस अवसर पर प्रदीप वर्मा, प्रतुल शाहदेव व शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने अपने साथी दलों के साथ झारखंड को सिर्फ लूटने का काम किया : डॉ देवशरण



**रांची।** आयकर विभाग ने कंग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के अलग अलग ठिकानों से 200 करोड़ कैश बरामद किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ देवशरण भगत ने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में कैश मिलना इस बात की पुष्टि करता है कि कांग्रेस ने अपने साथी दलों के साथ मिलकर हमेशा झारखंड को सिर्फ लूटने और ठगने का काम किया है। जनता को अपने झूठे वादों से दिग्भ्रमित कर यह लोग आज सत्ता में बैठ गए हैं। धन राशि जिसे जनता और इस प्रदेश के विकास पर खर्च होना चाहिए था उसे इन्होंने अपने यहां तिजोरी में बंद कर लिया है। यह पैसा जनता का है, जनता के हक का है। आज इस सरकार की कुशासन व्यवस्था से राज्य के हर वर्ग व समुदाय के लोग परेशान है। सरकार ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना कर लूट की खुली छूट दे रखी है।

## कांग्रेस के 'आ अब लौट चले' कार्यक्रम के प्रति बढ़ रहा रूझान : राकेश सिन्हा

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम 'आ अब लौट चले' के तहत लगातार कांग्रेस के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है और यही कारण है कि राजनैतिक, सामजिक एवं प्रशासनिक स्तर के लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस कड़ी में आगामी 10 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के समक्ष कांग्रेस नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए एवं राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा द्वारा दिये जा रहे संदेशों से प्रभावित होकर राज्य प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ संजय सिंह एवं कारगिल युद्ध के योद्धा हृदयानंद यादव कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि लगातार राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ताओं का संपर्क कांग्रेस की सदस्यता लेने के लिए किया जा रहा है जो इस बात को दशार्ता है कि झारखंड में प्रदेश नेतृत्व के द्वारा दिये जा रहे कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान से लोग का रूझान बढ़ा है।

## बीआरपी-सीआरपी को झटका, सेवाशर्त नियमावली पर निर्णय नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआरपी सीआरपी अपनी सेवा शर्त नियमावली को लेकर पिछले एक साल से इंतजार कर रहे हैं। हर बार उन्हें आश्वासन दिया जाता है कि शायद इस बार के कैबिनेट में नियमावली पर निर्णय हो जाये पर अब तक नहीं हो पाया है। इसे लेकर बीआरपी-सीआरपी काफी निराश हैं। संघ का कहना है कि यह पूरी तरह से अनभुज पहेली की तरह बन गया है।

मालूम हो की बीआरपी सीआरपी झारखंड शिक्षा परियोजना में विगत 18 साल से अत्यंत अल्प मानदेय पर बिना किसी बुनियादी सुविधा यथा ईपीएफ, परियोजना भत्ता, चिकित्सा भत्ता, ग्रुप बीमा के कार्य कर रहे हैं। वहीं परियोजना में कार्यरत अन्य सरकारी कर्मी को देय सभी सुविधा के साथ उच्च वेतन/ मानदेय दिया जाता है, यहां तक कि पारा शिक्षक की सेवा शर्त नियमावली जनवरी 2022 से लागू कर मानदेय बीआरपी सीआरपी से अधिक कर दिया गया लेकिन सरकार बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली के लिए गठित कमिटी की अनुसंशा को अभी तक कैबिनेट में लाने में विफल रह रही है।

**राज्य में कुल 2700 की संख्या में बीआरपी सीआरपी कार्यरत :** राज्य में कुल 2700 बीआरपी सीआरपी कार्यरत हैं। बीआरपी सीआरपी एसएस संघ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद और कुमार रोहित ने कहा कि दिवंगत शिक्षा मंत्री जग्गानाथ महतो का अंतिम इच्छा बीआरपी सीआरपी को बेहतर सेवा शर्त नियमावली बनाकर सम्मान-जनक मानदेय देने की इच्छा को अभी तक सरकार पूर्ण नहीं कर पा रही है, जो चिंता का विषय है।

**पांच साल से नहीं बढ़ा मानदेय :** उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल से बीआरपी सीआरपी के मानदेय में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है। वहीं परियोजनाकर्मी के मानदेय में कई गुणा वृद्धि हो चुकी है और उन्हें सातवें वेतनमान के समकक्ष मानदेय देने की बात चल रही है। सरकार के इस उपेक्षापूर्ण रवैए से बीआरपी सीआरपी काफी आहत और मर्माहत हैं जो उनके कार्यक्षमता को प्रभावित कर रही है। संघ द्वारा सरकार से बार-बार आग्रह किया जाता रहा है। पर आज तक कुछ नहीं हुआ।

### खबर एक नजर में

## पंकज मिश्रा रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती किया गया है। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से रिम्स लाया गया, जहां सेंट्रल इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर में इलाज के बाद रिम्स के पेइंग वार्ड के कमरा संख्या 14 में उन्हें शिफ्ट किया गया। इससे पूर्व 29 जुलाई 2022 को भी पेट दर्द होने पर उन्हें रिम्स में भर्ती किया गया था।

## मारपीट का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी कावेरी कुमारी की अदालत ने नौ साल पुराने घर में घुस कर मारपीट करने से जुड़े मामले के छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने आशिक खान, मुन्ना उर्फ मुख्तार, मुश्ताक आलम उर्फ मोटू, राजा खान, छोटू उर्फ सुल्तान एवं गोल्डेन को बरी किया। सभी हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र के नदी ग्राउंड नेजाम नगर निवासी है। इनलोगों पर पकीजा खानूत उर्फ डोली नामक महिला ने उक्त आरोप में 15 अगस्त 2014 को मुकदमा किया था। लेकिन मामले में सुनवाई के दौरान एक भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जिसका लाभ आरोपियों को मिला।

## दस दिसंबर को होगी मूलवासी सदानों की विचार गोष्ठी : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति ने 2024 के लोकसभा, विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने और आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत मूलवासी सदान मोर्चा ने एक विचार गोष्ठी रांची में दस दिसम्बर को आयोजित किया है। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने पूरे राज्य में अपना दौरा और कार्यक्रम जारी रखा है। सदानी झंडा घर-घर में लगाने का काम भी ग्रामीण क्षेत्रों में जोड़ों से चल रहा है। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मूलवासी सदानों के अधिकार के लिए झारखण्ड के चुनाव में मूलवासी सदान का क्या रणनीति अपनानी होगी इस पर बुद्धिजीवी और युवा अपने विचार 10 दिसंबर को अपनी-अपनी बातें रखेंगे।

# कोर्ट हाजत में कैदियों की मुलाकाती अब बंद, पब्लिक की पार्किंग बाहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सिविल कोर्ट में पेशी के दौरान हाजत में रहनेवाले कैदियों से अब मुलाकात बंद कर दिया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता शुक्रवार को सिविल कोर्ट पहुंचे और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री की ओर से जारी आदेश के बाद कोर्ट और कोर्ट हाजत की सुरक्षा के मददेनजर यह कार्रवाई की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान यह निर्णय लिया गया कि कोर्ट हाजत में बंद कैदी या बंदी से किसी को मिलने पर पाबंदी लगा दी है।

कोर्ट में सीसीटीवी कैमरों की संख्या में इजाफा किया जायेगा। कोर्ट के अंदर पब्लिक की गाड़ी का प्रवेश पूर्णतः बंद कर दिया गया है। कोर्ट की सुरक्षा मानकों से गुजरने के बाद ही कोर्ट में प्रवेश दिया जायेगा। कोर्ट में प्रवेश करनेवाले सभी गेटों पर निगरानी मुस्तैद पुलिस से कराया जायेगा।

## बहू बाजार में पानी भरे गड्ढे से एक व्यक्ति का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के बहू बाजार स्थित वाईएमसीए के बगल से आज शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान मनोज टोप्पो के रूप में हुई है। वह धूमसा टोली चुटिया का रहने वाला था। पानी भरे गड्ढे में शव मिलने की सूचना के बाद लोअर बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**हत्या या हादसा, जांच में जुटी पुलिस :** पुलिस ने आसपास के लोगों से उस व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की। लेकिन किसी ने उसे नहीं पहचाना। व्यक्ति की हत्या कर उसके शव को पानी में फेंका गया है या फिर पानी में गिरने से उसकी मौत हुई है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा कि व्यक्ति की मौत कैसे हुई है।

## उपलब्धि : देवघर से 103 साइबर अपराधी गिरफ्तार, पुलिस का अभियान जारी

# प्रतिबिंब एप साइबर ठगों के खिलाफ बना हथियार

# 228 अपराधी हुए गिरफ्तार, 595 मोबाइल भी जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रतिबिंब ऐप कारगर साबित हो रहा है. ऐप लॉन्च होने के एक महीने के अंदर राज्य के अलग-अलग जिलों से 228 साइबर ठग सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं। इतना ही नहीं इनके पास से 595 मोबाइल फोन, 901 सिमकार्ड बरामद हो चुके हैं. इसके अलावा साइबर अपराधियों के खिलाफ 55 एफआईआर अलग जिलों में दर्ज हुई हैं। झारखंड पुलिस ने अबतक 103 साइबर अपराधी देवघर जिले से गिरफ्तार किया है।

### 07 नवंबर को लॉन्च हुआ था प्रतिबिंब ऐप

झारखंड सीआइडी ने पिछले महीने सात नवंबर को प्रतिबिंब ऐप लॉन्च किया गया था। इसके बाद से ही पुलिस इसके माध्यम से साइबर क्रिमिनल्स पर शिकंजा कस रही है। साइबर अपराध को रोकने के लिए सीआईडी झारखंड का ऐप प्रतिबिंब पूरे देश के लिए मॉडल बनेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाली संस्था आई 4 सी की पहल पर झारखंड सीआईडी ने प्रतिबिंब के इस्तेमाल की अनुमति दूसरे राज्यों को भी दी है। इन राज्यों की पुलिस को इसका लॉगिन व आइडी दिया गया है।

### साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार

| | |
|---|---|
| देवघर : | 103 |
| धनबाद : | 08 |
| गिरिडीह : | 41 |
| हजारीबाग : | 19 |
| जमशेदपुर : | 04 |
| जामताड़ा : | 39 |
| पाकुड़ : | 05 |
| गोड्डा : | 02 |
| गढ़वा : | 01 |
| कोडरमा : | 06 |
| कुल: | 228 |



## कार्यकारी अध्यक्ष ने भी प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की मांग उठायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग करते हुए किसी आदिवासी नेता को कमान सौंपने की वकालत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में कांग्रेस की स्थिति लुंजपुंज हो गयी है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी आलाकमान को भी है इसकी जानकारी है। सब कुछ जानते हुए भी आलाकमान राज्य की जनता की भावनाओं के अनुरूप काम करने में जो देरी कर रहा है, वह घातक हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि नेतृत्व परिवर्तन शीघ्र नहीं किया गया तो झारखंड में भी हम हार जायेंगे।

कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस संगठन खस्ताहाल है। राज्य में कांग्रेस संगठन की खराब होती स्थिति और आदिवासियों की भावनाओं का हवाला देते हुए नेतृत्व परिवर्तन और किसी योग्य आदिवासी नेता को राज्य की कमान सौंपा जाना चाहिए। ऐसे नेता को प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपी जानी चाहिए जो आदिवासियों की भावनाओं के अनुरूप हो और उसका जनाधार हो।

### किसी आदिवासी को कमान सौंपें : बंधु तिर्की

पूर्व मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार का मुख्य कारण पार्टी का माइक्रो लेवल तक नहीं पहुंच पाना रहा। उन्होंने कहा कि एक तरफ झारखंड के भाजपा नेता और विधायक को छत्तीसगढ़ में कार्यकर्ता के रूप में तैनात थे। वहीं कांग्रेस ने झारखंड जैसे पड़ोसी और आदिवासी बहुल राज्य के नेताओं को नहीं भेजा।

**चुनाव नतीजों से डरे :** कांग्रेस के कई नेता छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजों से इसलिए भी ज्यादा परेशान हैं क्योंकि 2018 के छत्तीसगढ़ के नतीजों की तरह ही 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति रिजर्व सीट पर महागठबंधन ने भाजपा का सफाया कर दिया था। जब कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज ने खारिज कर दिया है तो झारखंड में पार्टी नेताओं को लग रहा है कि अगर यही सिलसिला जारी रहा तो कांग्रेस का क्या होगा।

## आज का राशिफल 09-12-2023

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। **मास** : मृगशीर्ष, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : एकादशी 06:32 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : चित्रा 10:43 बजे समाप्त। **योग** : शोभन 23:37 बजे समाप्त। **करण** : बालव 06:32 बजे तक, तदनंतर कौलव 18:59 बजे समाप्त। **चंद्रायु** 24.6 घंटे। **दिशाशूल** : पूर्व।

**मेष** : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएगा। शुभांक-2-4-6

**वृष** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।शुभांक-5-7-9

**मिथुन** : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-3-6-8

**कर्क** : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका लाभ प्राप्त हो सकता है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-8-9

**तुला** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। शुभांक-4-6-7

**मीन** : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

# सीएमपीडीआइ ने एनबीजेके के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

## नेत्र स्वास्थ्य उपकरणों से सुसज्जित मोबाइल आई केयर वैन प्रदान करेगी सीएमपीडीआइ

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** सीएमपीडीआइ (मुख्यालय), रांची के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) परियोजना के तहत झारखंड के रांची, रामगढ़ एवं हजारीबाग जिले के दूरदराज के गांवों में अंधेपन से मुक्ति के लिए व्यापक प्राथमिक नेत्र देखभाल सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराने को नव भारत जागृति केंद्र (एनबीजेके), हजारीबाग को सभी आवश्यक नेत्र स्वास्थ्य उपकरणों से सुसज्जित मोबाइल आई केयर वैन प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रो एवं नव भारत जागृति केंद्र (एनबीजेके), हजारीबाग के सचिव सतीश गिरजा के बीच समझौता-ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

इसके तहत 34.82 लाख रुपये लागत वाली स्वास्थ्य देखभाल उपकरणों से सुसज्जित मोबाइल वैन झारखंड के तीन जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में निवास करने वाले लोगों के द्वार पर नेत्र देखभाल सुविधाएं मुहैया करयेगी। नेत्र देखभाल सुविधा मुहैया कराने की दिशा में सीएमपीडीआइ द्वारा शुरू की गयी यह अपनी तरह की पहली परियोजना है।

इस मोबाइल आई केयर वैन का उपयोग रांची के ग्रामीण इलाकों में घर तक जाकर व्यापक नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जायेगा, जिससे अपवर्तक रोगियों के दरवाजे पर निःशुल्क नेत्र प्राथमिक, निवारक, नैदानिक और रेफरल नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए हर वर्ष निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जा सकेगा। साथ ही, मोतियाबिंद अंधापन और अन्य नेत्र रोगों और लक्षित क्षेत्रों में आंखों की सुरक्षा के लिए नेत्र स्वास्थ्य, सामान्य बीमारियों, समय पर निदान और उपचार के बारे में ग्रामवासियों के बीच जागरूकता बढ़ाने में मददगार होगा।

### सीएमपीडीआइ के डिस्पेंसरी में कैंसर जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन की इकाई रांची कैंसर हास्टिपल एंड रिसर्च सेंटर, रांची द्वारा सीएमपीडीआइ (मुख्यालय) रांची के डिस्पेंसरी में शुक्रवार को ओरल, स्तन तथा सर्वाइकल कैंसर के लिए एक कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सीएमपीडीआइ के कर्मियों एवं परिवार के सदस्यों तथा ठेका कर्मियों के लिए किया गया था। इस शिविर में कुल 45 लोगों की जांच के लिए सैंपल लिया गया है।

# पटेल बीएड कॉलेज का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एनएसएस के बैनर तले लोधमा स्थित पटेल बीएड कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज की सचिव श्रीमती संगीता कुमारी के निर्देशानुसार प्रिंसिपल डॉ अनुराधा कुमारी की देखरेख में पास के मुरहू गांव में 1 दिसंबर को एड्स जागरूकता शिविर से इसकी शुरुआत हुई। 8 दिसंबर (शुक्रवार) को डेंगू-मलेरिया उन्मूलन जागरूकता शिविर के साथ ही इस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। कॉलेज प्रबंधन की तरफ से इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के बीच मच्छरदानी, कॉपी, पेन, पेंसिल, टिफिन बॉक्स इत्यादि का वितरण किया गया। ग्रामीणों को डेंगू-मलेरिया से बचाव संबंधी उपायों की जानकारी देने के साथ ही भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता अभियानों के चलाये जाने की बात कही गयी। मौके पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार आलोक सहित सभी शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसएस प्लस टू ओरमांझी के बच्चों का फील्ड विजिट, सीआइटी के शिक्षकों ने किया मार्गदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों को आईटी एंड आईटीज के प्रति रूचि जगाने और इससे सम्बंधित जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को एस एस प्लस टू हाई स्कूल ओरमांझी के विद्यार्थियों को प्रोधोगिकी संस्थान कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का फील्ड विजिट कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने क्लासरूम्स, वर्कशॉप, लैब, लाइब्रेरी प्ले ग्राउंड आदि का भ्रमण कर इंजिनीयरिंग की पढ़ाई से सम्बंधित बारिकियों को जाना। इसके पूर्व संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने बच्चों के समूह को संबोधित कर संस्थान में उनका स्वागत किया। वहीं शिक्षक अरशद उशमानी ने विद्यार्थियों को इंजीनिरिंग की पढ़ाई के लिए आवश्यक अहर्ता, पढ़ाई के बाद कॅरियर के लिए स्कोप आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों के दल में कक्षा नौवीं से लेकर बारहवीं के बच्चे शामिल थे। मौके पर शिक्षक डॉ रणवीर कुमार, डॉ के पी दत्ता, प्रो, प्रो विनीत कुमार, प्रो रितेश कुमार, प्रो अभिनाश कुमार, प्रो पवन कुमार, प्रो के अलावे एस एस प्लस टू हाई स्कूल ओरमांझी के शिक्षक सुनीता सिंह, स्वेता रानी, संजय कुमार, चंदन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रो दीपक वर्मा की भूमिका अहम रही।

# बैंक ऑफ इंडिया ने शुरू किया नारी शक्ति बचत खाता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अग्रणी पंक्ति में है। बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रजनीश कर्नाटक ने प्रधान कार्यालय, मुंबई में निदेशक मंडल की उपस्थिति में अपने नारी शक्ति बचत खाता उत्पाद का शुभारंभ किया है। यह एक विशेष बचत बैंक उत्पाद है, जिसका उद्देश्य स्वतंत्र आय स्रोत की 18 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है।

इस बचत खाते को विशिष्ट सुविधाओं और विशेषताओं से समृद्ध करके पेश किया गया है, जैसे 100 लाख रुपये तक का उच्च व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर, रियायती स्वास्थ्य बीमा और वेलनेस उत्पाद, गोल्ड और डायमंड बचत खाताधारकों के लिए आकर्षक छूट के साथ एवं प्लैटिनम बचत खाताधारकों के लिए मुफ्त लॉकर सुविधा, खुदरा ऋण पर ब्याज की रियायती दर, खुदरा ऋण पर प्रसंस्करण शुल्क की छूट, मुफ्त क्रेडिट कार्ड जारीकरण और पीओएस पर पांच लाख रुपये तक की उच्चतर उपयोग सीमा।

नारी शक्ति बचत खाते की संकल्पना, स्वतंत्र आय की कामकाजी महिलाओं के प्रयोग के अनुकूल, वित्तीय बचत के एक माध्यम के रूप में की गयी है, ताकि वे सही अर्थों में आत्मनिर्भर बनें और उच्चतर वित्तीय आजादी का अनुभव कर सकें। बैंक खोले गये प्रत्येक नये नारी शक्ति खाते के लिए सीएसआर निधि में 10 रुपये का योगदान करेगा। इस सीएसआर निधि का उपयोग वंचित महिलाओं/बालिकाओं के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए किया जायेगा। नारी शक्ति बचत खाता हमारी सभी 5135 घरेलू शाखाओं और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से भी खोला जा सकता है।

इस खास अवसर पर रांची आंचलिक कार्यालय में बैंक ऑफ इंडिया टांगर शाखा से ऋण प्राप्त कर सफल उद्यमी बनी श्रीमती मीना उरांव को मुख्य अतिथि के तौर आमंत्रित किया गया। आत्मनिर्भर बनने में बैंक के योगदान के प्रति उन्होंने आभार प्रकट करते हुए बीओआइ नारी शक्ति बचत बैंक खाता योजना को हर महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना नारी सशक्तीकरण की दिशा में बैंक की ओर से एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। इसलिए हमें इस योजना से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने की आवश्यकता है। मौके पर नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक, सुनीत कुमार, उप आंचलिक प्रबंधक (व), महिला उद्यमी, रूपेश कुमार, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, टांगर शाखा और आंचलिक कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# सरप्लस प्रारंभिक शिक्षकों की सूची में काफी विसंगति : संघ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शुक्रवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि प्राथमिक व मध्य विद्यालय में शिक्षको की जारी सरप्लस सूची में काफी विसंगति खामियां हैं। इसे लेकर शिक्षक न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया है। यह कार्य एक वर्ष से अधिक से ही चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सरप्लस की गणना जिला पीटीआर के द्वारा किया गया है। जब कि इसे विद्यालयवार आरटीई मानक के अनुसार किया जाना चाहिये। आरटीई के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों 1से 5 में कम से कम दो शिक्षक एवं मध्य विद्यालयो में कम से तीन शिक्षक विज्ञान एक सामाजिक विज्ञान एक और भाषा में एक शिक्षक को रखा जाना है। झारखंड सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के अनुसार इनकी भी स्थानांतरण समायोजन पंचायत प्रखंड स्तर तक किया जाना है। इस कारण कई प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालय सरकारी शिक्षक विहीन हो जा रहे हैं। मध्य विद्यालय एक से आठ में भी केवल पारा शिक्षक ही बच जा रहे हैं। सरप्लस शिक्षकों के गणना के लिये शिक्षक द्वारा फरवरी 2022 का और छात्र संख्या डाटा दिसंबर 2022 का लिया गया है।

### बालाजी मंदिर में मना दिव्य मंगलोत्सव

**रांची।** तिरुपति बालाजी मंदिर में उत्पन्ना एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को दिव्य मंगलोत्सव मना। प्रार्थी लोगों के अभीष्ट पूर्ण करने वाले भगवान ब्रह्मांड नायक का विश्वरूप दर्शन कराया गया। भगवान को सांबा दाने का खीर, कूटू आटा आदि अनेकानेक फलाहारी व्यंजनों का भोग लगाया गया।

# श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में मना उत्पन्ना एकादशी पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को मंगसिर कृष्ण पक्ष की उत्पन्ना एकादशी पर्व अत्यन्त श्रद्धा भाव व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर एवं स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब, जूही, बेला, रजनीगंधा के ताजे और खूबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि में नौ बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गयी। मनोवांछित मनोकामना के साथ भक्तगणों ने कतारबद्ध होकर दिव्य ज्योत में आहुति प्रदान की। खूब सज्यो दरबार खाटू वाले को, हम आज सभी मिलकर तेरी रात जगायेंगे, हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया आदि मनभावन भजनों की लय पर भक्तगण भावविभोर हो श्याम नाम की महिमा का गान किया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि में 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, श्याम सुंदर पोद्दार, गोपी किशन ढांढनियां, चंद्र प्रकाश बागला आदि का विशेष योगदान रहा।

### बीएयू में कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**रांची।** प्रसिद्ध समाज सुधारक, टेक्नोक्रेट, शिक्षाविद, राजनेता स्वर्गीय कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों ने बीएयू मुख्यालय स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया?बाद में प्रसार शिक्षा निदेशालय के सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मौके पर प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव, कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा आदि मौजूद थे।

# बच्चों को विकास से रोकते हैं प्रतिकूल अनुभव : डॉ चुंग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** शुक्रवार को प्रेस क्लब में ड्रीम संस्था की ओर से संगोष्टी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में ड्रीम संस्था की पुस्तक व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स के लेखक डॉ कोनी के चुंग के साथ-साथ लेखक सुधीर पाल,डा शाहनवाज कुरैशी उपस्थित थे।

श्री चुंग ने कहा कि प्रतिकूल अनुभव बच्चों को विकास से रोकते हैं। उन्होंने कैसे प्रतिकूलता और प्रतिकूल अनुभव बच्चों एवं किशोरों को विकास से रोकते हैं विषय पर अपने विचार साझा किये।

डॉ कोनी के चुंग, हार्वर्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी की है और कई दशकों से युवाओं एवं बच्चों की प्रतिकूल अनुभव पर विश्व के कई देशों में शोध कार्य किया है। भारत में उनका शोध कार्य पुस्तक व्हेन वी थ्राइव, अवर वर्ल्ड थ्राइव्स के रूप में ड्रीम, ड्रीम के संस्था के सह संस्थापक विशाल तलरेजा के साथ प्रकाशित किया गया है।

# न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी व मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** सिल्ली के एमएएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा. लि. ने सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का विषय था आगामी आइआइटी (जेइइ) एवं मेडिकल की परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक एवं अच्छा रैंक प्राप्त किये जायें। साथ ही, भविष्य में इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करें, ताकि सफलता प्राप्त किया जा सके। मौके पर बोलते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए।

रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास की जरूरत है। भौतकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतकी की तैयारी से संबंधित जानकारी दी। समारोह के अंत में न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा. लि. के डायरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार जेइइ एवं मेडिकल की तैयारी के लिए ग्यारहवीं कक्षा सबसे उपयुक्त समय है। हालांकि, अगर योजना नौवीं कक्षा से बनाते हैं, तो बहुत ही अच्छा है। मगर 10वीं के बाद तो जरूर से जरूर शुरू कर दें। तैयारी शुरू करने से पहले कक्षा 9वीं और 10वीं का अपना बेसिक जरूर सुधार लें, जिससे आगे आपको कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि सही सोच, पॉजिटिव एनर्जी और सतत प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होगी। जो भी पढ़ाई करें, बिल्कुल कंटेंट को समझते हुए करें।

पंकज कुमार एवं मदन मोहन के अनुसार, लोगों के मन में भ्रम है किय जेइइ या मेडिकल का एग्जाम काफी कठिन होता है, जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। इन्होने पाई चार्ट की मदद से समझाने की कोशिश की कि पिछले पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से यही प्रतीत होता है कि लगभग 40-50 प्रतिशत प्रश्न काफी ही आसान होते है, जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है। 20-30 प्रतिशत थोड़ा कठिन होता है। लेकिन, जिस बच्चे का बेसिक सही है, वह उसे भी बना सकता है। 20 प्रतिशत प्रश्न कठिन होते हैं, जो सिर्फ अच्छे विद्यार्थियों से ही बन सकता है। अगर कठिन प्रश्न हटा भी दे, तो लगभग 80 प्रतिशत प्रश्न सभी से बन सकते हैं और बच्चों को चुनाव 40 प्रतिशत अंक लाने के बाद से ही शुरू हो जाता है।

प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी के पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें, तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार, विद्यार्थी पढ़ाई को बोझ न समझें, उसे एंजॉय करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचें। क्विज प्रतियोगिता में एमएएस डीएवी स्कूल के बच्चो के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नये बैच 2024 के लिए (आइआइटी/मेडिकल) एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी के लिए ऑफिस से संपर्क किया जा सकता है।

# पारस अस्पताल ने आठ वर्षों से बैठने में लाचार मरीज को बिलकुल ठीक कर दिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पारस अस्पताल ने करीब एक वर्ष से चलने में लाचार मरीज गौरव शर्मा को बिलकुल ठीक कर दिया। पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि गौरव शर्मा नाम के मरीज, जिनकी उम्र लगभग 35 वर्ष है, पिछले एक साल से ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। विगत 7-8 साल से गौरव को फर्श पर बैठने में भी काफी दर्द महसूस होता था। पिछले एक साल से गौरव लाचारी की हालत में बिस्तर पर ही आराम कर रहे थे, लेकिन इस दौरान उनके दोनों निचले अंगों में लगातार दर्द हो रहा था। असहनीय दर्द से परेशान होने पर गौरव को उनके परिजन उन्हें रांची स्थित पारस अस्पताल लाये। पारस एचइसी अस्पताल के ऑथोर्पेडिक्स विभाग में सीनियर कंसलटेंट डॉ अंकुर सौरव और कंसलटेंट डॉ कुमार विशाल ने मरीज की शुरुआती जांच की। जांच में गौरव के दोनों कूल्हे क्षतिग्रस्त पाये गये।

इसके बाद डॉ अंकुर सौरव और डॉ कुमार विशाल ने मरीज की असहनीय स्थिति को देखते हुए दोनों तरफ के हिप प्रतिस्थापन की योजना बनायी। पारस एचइसी अस्पताल की ऑथोर्पेडिक्स टीम ने मरीज के दोनों तरफ के हिप रिप्लेसमेंट का सफल इलाज किया। रोगी को अब चलने में कोई परेशानी नहीं हो रही है और वह अब आराम भी महसूस कर रहे हैं। सर्जरी के तुरंत बाद मरीज को पूरे वजन के साथ चलने की अनुमति दी गयी थी। ठीक से चलने और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए पारस अस्पताल की तरफ से फिजियोथेरेपी की सुविधा भी दी गयी थी, ताकि काफी दिनों से जकड़ी हुईं मांशपेशियां फ्री हो सकें। अब दो महीने के बाद मरीज पूरी तरह से ठीक हो गये हैं और दर्द पूरी तरह से खत्म हो गया है।

डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल का प्रथम उद्देश्य है मरीजों की समस्या का निदान कर उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली उपलब्ध कराना। झारखंड सहित अन्यत्र प्रदेशों से आये मरीजों के लिए पारस एचइसी अस्पताल की पूरी टीम उच्च कोटि की सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्पीड न्यूज

## शमीम अख्तर बने रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक अध्यक्ष



**मांडर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा ने मांडर प्रखंड के सुरसा निवासी शमीम अख्तर को रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक अध्यक्ष नियुक्त किया। शमीम अख्तर को अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे मांडर विधानसभा के अल्पसंख्यक समुदाय शमीम अख्तर को बधाई दी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शमीम अख़्तर ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसपर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। बधाई देनेवालों में मुख्य रूप से जमील मलिकए प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांवए तबारक खान, सरिता तिग्गा, अर्जुन महतो, होसे उरांव, आबिद अंसारी, अमानत अंसारी, इस्तियाक अंसारी, इरसाद खान, अब्दुल्ला अंसारी, मोहसिन खान, इमरोज खान, नेयाज खान, मजकुर सिद्दिकी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विवेकानंद सेवा संघ के पदाधिकारियों की बैठक

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी खरकुटोली गांव में प्रखंड के सभी विवेकानंद सेवा संघों के पदाधिकारियों की बैठक कामेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामकृष्ण मिशन मोराबादी के सहयोग से आगामी 17 जनवरी को खरकुटोली में एक दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मेला की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें संरक्षक प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा व कामेश्वर महतो चुने गये। वहीं कमेटी का अध्यक्ष बाबुलाल महतोएसचिव राजेंद्र महतो व कोषाध्यक्ष अशोक महतो बनाये गये। मौके पर सेवा संघों के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## बरौंदी गांव के किसान के घर से नगद सहित जेवरात की चोरी

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के बरौदी गांव के किसान जगनलाल महतो के घर में शुक्रवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने नगद समेत जेवरातों की चोरी कर लिया। मामले को लेकर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित जगनलाल महतो के सभी परिजन खेत काम करने गये थे। इसी बीच लगभग एक बजे अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर बक्सा में रखा 40 हजार नगद लगभग 60 हजार के जेवरात समेत अन्य समान चोरी कर लिया। खेत से वापस आने पर परिजनों को घटना की जानकारी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच किया। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर दी गई बधाई

**सिल्ली।** संरक्षक सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर सिल्ली आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच सिल्ली प्रखंड का गयाराम महतो को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें मुकुंद चंद्र मेहता, लंबोदर महतो, रासबिहारी महतो, लखीराम महतो, रतनलाल महतो, योगेश्वर महतो, कालीचरण महतो ने बधाई दी है।

### विकसित भारत संकल्प के तहत बाजपुर में लगे कृषि मेला में उमड़ी कृषकों की भीड़

# किसानों की समृद्धि से ही मजबूत होगा देश : अजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अजित साहू ने कहा कि आम नागरिकों की भागीदारी से देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि कृषकों की समृद्धि से ही देश मजबूत होगा। कृषि एवं स्वास्थ्य पर जोर देते हुए श्री साहू ने ग्रामीणों से पीएम पोषण, आवास, आयुष्मान, गरीब कल्याण, निःशुल्क खाद्य, उज्ज्वला, विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता, अटल पेंशन व नैनो फर्टिलाइजर आदि केंद्र प्रायोजित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वह कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की संकल्प विकसित भारत के तहत बाजपुर में आयोजित किसान मेला सह कृषि प्रदशनी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और परिसंपत्ति बांट केसीसीए पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला, स्वच्छता व पीएम आवास योजना के लाभुकों से अनुभव साझा किये। श्री साहू ने लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलायी। इससे पूर्व अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। संचालन बिंदु कुजूर ने की, जबकि स्वागत भाषण बीटीएम मुन्नी कुजूर ने दिया।

### इसकी लगी प्रदर्शनी

संयुक्त कृषि निदेशालय, जिला कृषि (आत्मा), गव्य विकास, जिला उद्यान, दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, भूमि संरक्षण, पशुपालन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता, पीएम आवास योजना और जेएसएलपीएस व तैयार फसलें। उत्कृष्ट फसल के लिये कृषक पुरस्कृत किये गये। इसमें किसानों की भारी भीड़ उमड़ी।

### इन्होंने भी रखी अपनी बातें

उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, सहायक कमिश्नर रणवीर सिंह, एलडीएम श्रीकांत सिंह, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी उषा कुमारी, निदेशक समिति के विकास कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी रामा शंकर प्रसाद, कृषि परियोजना उप निदेशक सप्तमी झा, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत व मुखिया सबिता तिर्की।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

बीडीओ हरिशंकर बारिक, बीएएचओ डॉ विजय कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ आइएस होरो, डॉ प्रीति, बीएओ मुकेश प्रसाद, सीआई संतोष उरांव, मनरेगा बीपीओ मनीता कुमारी, 15वें वित्त की बीपीओ दीपिका हेंब्रम, अल्बर्ट एंथोनी, जेएसएलपीएस के बीपीओ प्रकाश उरांव, तैयब अंसारी, काली साहू, किरण कुमारी, समसुल हक, कुशल उरांव, मोख्तार अंसारी, धर्मेंद्र कुमार व शोभा आदि प्रखंड कर्मी आदि।

## इटकी पूर्वी पंचायत में 1643 आवेदन पड़े, 791 का निष्पादन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न मामलों से संबंधित 1643 आवेदन प्राप्त किये गये। जिसमें से 791 मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख किरण उरांवए बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ विजय कुमार, उप प्रमुख परवेज आलम व मुखिया रीता देवी ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। शिविर में विभागवार स्टॉल लगाकर योजनाओं की जनकारी दी गई। मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं से जुड़ लाभ उठाने की बात कही गई। शिविर में अबुआ आवास योजना, बाल विकास परियोजना, मनरेगा, खाद आपूर्ति, सर्वजन पेंशन, सर्व शिक्षा अभियान, पीएचइडी, स्वास्थ विभाग और अंचल सहित अन्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजना एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये।

## दिव्यांग और सामान्य बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता

### समावेशी शिक्षा को लेकर निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** बुकबुका पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर में प्रखंड स्तरीय समावेशी शिक्षा का आयोजन किया गया। समावेशी शिक्षा का आयोजन प्रखंड रिसोर्स शिक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों के बीच पेंटिंग, रंगोली एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रंथू साहू ने कहा कि शिक्षा एक पूर्ण सामुदायिक जीवन की नींव है। स्कूल की शिक्षा एवं अनुभव हमारे दैनिक जीवन में रोजगार के अवसर, हमारे रिश्ते, हमारे समुदाय में हमारे योगदान और भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और संवेगात्मक रूप से कमजोर है उन बच्चों को एक समान व सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्रदान करना है।

### प्रतियोगिता में सफल बच्चे पुरस्कृत

रंगोली प्रतियोगिता में निहारिका कुमारी प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय, मुकून मुंडा तृतीय पेंटिंग प्रतियोगिता में जिक्रा तंजील प्रथम खुशी कुमारी द्वितीय दिव्या कुमारी तृतीय और नृत्य प्रतियोगिता में सृष्टि कुमारी प्रथम अलका पीहू द्वितीय और लवली अनुष्का और प्रिया कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहु और अरुण उरांव का सराहनीय योगदान रहा।

## प्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित बच्चे के पिता ने लगाई मदद की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड के चुरी मध्य पंचायत स्थित लंबा धौड़ा निवासी विनोद नोनिया का 13 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार प्लास्टिक एनीमिया नामक गंभीर बीमारी से ग्रसित है। इस बीमारी के इलाज में डॉक्टरों के द्वारा 20 लाख रुपये खर्च बताया गया। वहीं अंकित के पिता विनोद नोनिया ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व अंकित की तबीयत अत्यंत खराब होने के कारण रांची के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर जांच के बाद पता चला कि बेटा को प्लास्टिक एनीमिया नामक बीमारी है। चिकित्सकों के अनुसार प्लास्टिक एनीमिया का इलाज झारखंड में संभव नहीं है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने अच्छे इलाज के लिए अंकित को मुंबई रेफर किया। जिसके बाद मुंबई अस्पताल में इलाज का खर्च पता किया गया जिसमें इलाज पर 20 लाख रुपए खर्च होने की बात बताई गई। विनोद नोनिया पेशे से मजदूर हैं और इतनी बड़ी धनराशि उनके पास व्यवस्था हो पाना असंभव है। इसलिए स्थानीय समाजसेवी लोगों और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने लोगों से 7209549442 गुगल पे नंबर पर सहयोग राशि भेजने का आग्रह किया है। वहीं स्थानीय समाज सेवी श्यामजी महतो ने अंकित की बीमारी के इलाज में सहायता के लिए खलारी बीडीओ लेखराज को एक पत्र भी सौंपा है।

एक नजर में

## मुख्यमंत्री छात्रवृति परीक्षा में सर्वोदय स्कूल राहे के छात्रों का उत्कृष्ठ प्रदर्शन

**राहे।** प्रखंड के सर्वोदय स्कूल के आठ छात्रों ने मुख्यमंत्री छात्रवृति परीक्षा में सफलता हासिल की है। सफल छात्रों में सूरज कुमार महतो, विवेक महली, अंशु कुमार, श्रुति सिंह, विवेक प्रजापति, पीयूष कुमार गुप्ता, सुमित प्रजापति और मंतोष कुमार शामिल हैं। इस परीक्षा में राज्य के हर जिले से 500 लोगों का चयन किया गया है। जिन्हें इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा छात्रों को 12वीं तक की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति के तौर पर 12 हजार की राशि दी जाएगी। छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल के डायरेक्टर सुनील कुमार महतो, प्रधानाध्यपक ज्ञान महतो, संरक्षक हराधन महतो एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## समावेशी शिक्षा के तहत प्रतियोगिता



**राहे।** समावेशी शिक्षा के तहत राहे के बीआरसी भवन में शुक्रवार को विशेष क्षमता वाले बच्चों के बीच इन्वायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें पेंटिग एवं कोलाज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर बीपीओ प्रवीण कुमार, रिसोर्स शिक्षक सतेंद्र महथा, लव पाठक, आशा देवी, अंजना देवी आदि मौजूद थे।

## चूरी पूर्वी पंचायत के ग्रामीणों को मिला विकास योजनाओं का लाभ



**खलारी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी लेख राज नाग के अध्यक्षता में खलारी प्रखंड के चूरी पूर्वी पंचायत में केनरा बैंक के सामने सीसीएल चुरी क्लब में आपकी योजना आपकी सरकार .आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड प्रभारी प्रदीप भोगता उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति वरिष्ठ जेएमएम नेता रंथु उरांव प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता प्रखंड समन्वयक असित कुमार कनीय अभियंता रवि रंजन सहित प्रखंड के तमाम अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में चुरी पूर्वी के लोगो का कुल आवेदन 1387 आया। जिसमे ऑन द स्पोर्ट 933 लोगो का समस्या को निष्पादन किया गया।

## गूंज महोत्सव से हर परिवार को जोड़ना हमारा लक्ष्य : सुदेश महतो



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम में शुक्रवार को गूंज महोत्सव को लेकर झारखंड महिला समिति एवं स्वयंसेवकों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनिल सिंह ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि महोत्सव के संरक्षक सुदेश कुमार ने कहा कि गूंज महोत्सव सांस्कृतिक मंच ही नही महोत्सव के माध्यम से हर परिवार को जोड़ना ही हमारा उद्देश्य है। महोत्सव का उद्देश्य बहुआयामी एवं बहुउद्देशीय है। महोत्सव का पहला दिन महिलाओ को समर्पित दिवस होगा जिसमें महिलाओ को स्वलंबी बनाने की कई महत्वकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की जायेगी एवं महिलाओ के बीच परिसंपति का वितरण किया जायेगा। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा एवं सफल आयोजन स्वंयसेवकों को कई दिशा निर्देश दिया गया। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन गूंज के अध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू चित्तरंजन महतो संजय महतो संजय सिद्धार्थ शुशील महतो जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक लक्ष्मण महतो रविंद्र करमाली लम्बोदर महतो भागवत सोनार सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के प्रतिनिधि समेत गूंज परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## गाड़ी होटवार को हराकर रेल एफसी कोलकाता फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** रेल एफसी कोलकाता की टीम 18वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूनामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। शुक्रवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में कोलकाता ने गाड़ीहोटवार को सडनडेथ में 5.4 से हराया। 10 दिसंबर को खिताबी भिड़ंत कोलकाता व शहीद बिरसा क्लब जोरार नामकोम के बीच होगा। फाइनल समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के श्रमशक्ति विभाग के संयुक्त सचिव केके सोन होंगे। निर्धारित समय तक मुकाबला 0-0 की बराबरी पर था। कोलकाता की टीम ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। खिलाड़ियों का गेंद पर नियंत्रणए सटीक पास व बेहतर डिफेंस दिखा। कोलकाता की ओर से मनीष मजूमदारए प्रशांत दास व कमलेश पैक ने शानदार खेल दिखाया। डिफेंडर मनीष मजूमदार को मैन आफ दी मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा व विशिष्ट अतिथि शिवटहल नायक ने प्रदान किया। सोमनाथ मुंडा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रतिभा को सामने आने का मंच मिलता है। पिछले 23 सालों से रही इस आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र है। मौके पर अध्यक्ष राजेन्द्र शाही मुंडा, सीइओ जैलेन्द्र कुमार, सचिव अनिल चौधरी, शिवदास गोस्वामी, संजय नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, बिगेश्वर महतो, राजन महतो, राजेश लोहरा, सौरव कुमार आदि उपस्थित थे।

## बसंतपुर पंचायत में 156 आवेदन का हुआ निबटारा

**राहे।** प्रखंड के बसन्तपुर पंचायत में अयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 961 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें त्वरित करवाई करते हुए 156 आवेदन का निबटारा किया गया। अधिकारियों ने सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने की उपाय को बताये। इस दौरान धोती साड़ी लुगी व कंबल वितरण हुआ। वृद्धा विधवा पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर प्रमुख लीलमनी देवी, बीडीओ हारून रशीद, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया तेजत्मा देवी, डॉ प्रफुल्ल कुमार मौजूद थे।

# सरकार आठ लाख अबुआ आवास देगी : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के गेतलसूद पंचायत में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक राजेश कच्छप ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सभी को पक्का मकान देने का वादा करके जब केन्द्र सरकार वादा खिलाफी किया तथा पीएम आवास का बेबसाईट बंद कर दिया गया, तब हेमंत सरकार सभी को अबुआ आवास के रूप में पक्का मकान देने की घोषणा की है। इसके तहत इस वित्तीय वर्ष के वजट में आठ लाख अबुआ आवास देने का प्रवावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि फरवरी माह से आवास निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलवा सर्वजन पेंशन, किशोरी समृद्धि, बिरसा सिंचाई कूप, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी कल्याणकारी योजना का लाभ सरकार दे रही है। कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट ग्रामीणों को कई योजनाओं का लाभ दिया गया।

### कार्यक्रम में इन्होंने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम अंचल पदाधिकारी राजपू कमल बीडीओ जयपाल सोय विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा मुखिया शान्ति देवी उप मुखिया शंकर बैठा काग्रेस के पशिचमी मंडल अध्यक्ष बरतु मुंडा एतवा उरांव सहित प्रखंड एवं अंचल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जन प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर उपस्थित थे। मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान हुआ।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक–15.12.2023 से दिनांक–16.12.2023(कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक– 18.12.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक– 18.12.2023 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | कोडरमा प्रखंड अंतर्गत झुमरी तिलैया नगर परिषद् के ताराटॉड में ओल्ड ऐज होम का बचे हुए अवशेष कार्य। | 5,80,00.00 | 11,600.00 | 1250.00 | 02 (दो माह) |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.313053 Rural Work Department(23-24):D

# गरीब बच्चों के लिए वरदान है मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना

## न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल गुड्डू ओरमांझी में शुक्रवार को विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय के प्राचार्य कामेश्वर महतो ने 9वीं कक्षा के मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना के सफल छात्र-छात्राएं प्रिया कुमारी, षिवानी कुमारी, नीलम कुमारी, प्रियाशु करमाली व अंगद करमाली को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और योजना की सरहाना की। उन्हों कहा कि गरीब छात्र-छात्राओं के लिए यह योजना वरदान है। आर्थिक तंगी के कारण कई छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। इस योजना के तहत 9वीं से 12वीं तक के चयनित बच्चों को साल में 12-12 हजार रुपये मिलेंगे। बताया गया कि मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 8वीं व 9वीं कक्षा के विद्यार्थी सरकार द्वारा आयोजित छात्रवृति चयन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसमें सीबीएसई, आईसीएसई या जैक बोर्ड हो, किसी भी स्कूल के विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकते हैं। छात्रवृति योजना का लाभ लेने के लिए कक्षा 9वीं से 11वीं तक आयोजित होने वाली प्रत्येक वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों को 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना होगा। वहीं सरकारी स्कूल के आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उन्हें योजना के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि 50 प्रतिशत, यानि 6000 रुपए ही मिलेगें। वहीं विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। मौके परर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ सम्मानित होने वाले विद्यार्थी।

**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

–:आम सूचना:–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

बाबू सतीश चन्द्र घोष

एस0पी0 घोष मृत
शन्ति कुमार घोष मृत
सुनील कुमार घोष मृत → सोमनाथ घोष
सुशील कुमार घोष मृत → प्रोबीर घोष
कमला बाला घोष मृत → दिलीप घोष

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 313076 (District)23-24*D

# स्वदेशी पर जोर

रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 2.23 लाख करोड़ रुपये की रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं को प्रारंभिक मंजूरी दी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है। कुल खरीद के 98 फीसदी उत्पाद घरेलू रक्षा उद्योगों से प्राप्त किए जाएंगे। निस्संदेह, इससे देश के रक्षा उद्योग को बड़ा संबल मिलेगा। वहीं, इससे हम हथियारों पर खर्च होने वाली दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी बचा सकते हैं। साथ ही देश में हथियारों के उत्पादन को गति मिलेगी और इस क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी की बैठक में 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस और 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी गई। निस्संदेह, पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगातार चुनौतीपूर्ण स्थिति बने रहने के चलते देश अपनी तैयारियों में किसी तरह की ढील नहीं दे सकता। डीएसी का यह निर्णय भी सुखद है कि भारत की एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स द्वारा सुखोई लड़ाकू विमान के बेड़े को उन्नत करने के वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। लेकिन यहां ध्यान रखना जरूरी है कि रक्षा उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों। ऐसा न हो कि चुनौतीपूर्ण स्थितियों में संकट के अनुरूप गुणवत्ता के हथियार न मिलने पर सेना को असहज व मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़े। आज दुनिया में बदलती युद्ध शैली और हथियारों के आधुनिकीकरण के चलते युद्ध बेहद जटिल स्थिति में जा पहुंचे हैं। थल सेना के मुकाबले वायुसेना व नौसेना की भूमिका को विस्तार मिल रहा है। इतना ही नहीं लड़ाकू हवाई जहाजों के मुकाबले युद्ध मिसाइल और ड्रोन केंद्रित हो चले हैं। कुल मिलाकर आज मानवीय शक्ति के बजाय उन्नत तकनीक पर आधारित हथियारों को तरजीह दी जा रही है।

# भाजपा का प्रभाव

विधानसभा चुनावों में से तीन में स्पष्ट जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने दम पर 12 राज्यों में सत्ता पर काबिज हो गई है, जबकि दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ हारने के बाद तीन राज्यों में सिमट गई है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा शासित राज्यों में अब 543 लोकसभा सीटों में से लगभग आधी सीटें होंगी, जबकि केवल दो राज्य जहां 50 से कम लोकसभा सीटें हैं, अब उन दलों द्वारा शासित हैं जो राजग या विपक्षी दलों के ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन के साथ नहीं हैं। दिल्ली और पंजाब में अपनी सरकार के साथ आम आदमी पार्टी (आप) राष्ट्रीय दलों में तीसरे स्थान पर है। नतीजों ने एक प्रमुख विपक्षी दल के रूप में आप की स्थिति को मजबूत किया। विधानसभा चुनाव का अगला दौर 2024 में होगा जब सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव लंबित हैं। चूंकि इस दौर में कई मौजूदा सांसदों ने विधानसभा चुनाव लड़ा है, इसलिए लोकसभा की उन सीट के खाली होने की उम्मीद है। चूंकि आम चुनाव अगले साल होने हैं, इसलिए विधायक के रूप में चुने जाने पर सांसदों के सीट खाली करने पर भी कोई उपचुनाव नहीं होगा। जिस प्रकार विपक्ष ने गठबंधन कर भाजपा गठबंधन को चुनौती पेश किया था उसके बाद तीन हिंदी पट्टी राज्यों में शानदार सफलता से स्थिति में एक प्रतिस्पर्धी माहौल बना है। अब भाजपा और उसके गठबंधन के लिये एक शानदार उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर है जिसका लाभ निश्चित तौर पर भाजपा को मिलेगा। इस चुनाव में मोदी की विश्वसनीयता अन्य नेताओं से काफी अधिक है।

# निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण राजनीतिक स्वार्थ



**नैसकॉम** सर्वेक्षण के अनुसार, हरियाणा में लगभग 500 आईटी-आईटीईएस कंपनियां हैं जिनमें 4 लाख से अधिक कर्मचारी हैं। ये कंपनियां ऐसे कौशल पर निर्भर हैं जो हरियाणा में आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। सर्वेक्षण में उद्धृत स्थानीय उम्मीदवारों में प्रमुख कौशल कमियां शामिल हैं।

पहले तो राज्य सरकारें निजी निवेश के लिए मिन्नतें करें, निवेशकों के लिए रेड कारपेट बिछाएं, फिर मौकापरस्त बन कर उन्हें दूध देने वाली गाय की तरह निचोड़ने लगें। यह सीधा ब्लैकमेल का मामला है। हरियाणा में निजी क्षेत्र में नौकरी के आरक्षण के कानून को अवैध करार देने के हाईकोर्ट के आदेश से यह साबित हो गया है कि राजनीतिक दल अपने निजी स्वार्थों के लिए किस हद तक जा सकते हैं। हरियाणा सरकार को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने प्राइवेट नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को रद्द कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि ये पूरी तरह से असंवैधानिक है। इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार अधिनियम, 2020 को असंवैधानिक माना और कहा कि यह अधिनियम बेहद खतरनाक है और संविधान के भाग-3 का उल्लंघन करता है।

दरअसल हरियाणा सरकार ने कानून बना कर प्रावधान किया कि नए कारखानों/उद्योगों या पहले से स्थापित उद्योगों/संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरियां हरियाणा के मूल निवासियों को दी जाएंगी। यह केवल हरियाणा राज्य में स्थित विभिन्न निजी तौर पर कंपनियों, सोसायटी, ट्रस्ट, सीमित देयता भागीदारी फर्म, साझेदारी फर्म आदि में 10 या अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले 30,000 रुपये प्रति माह से कम वेतन वाली नौकरियों पर लागू होगा। यह पहला मौका नहीं है जब किसी सत्तारुढ़ दल ने निजी क्षेत्र में नौकरी के आरक्षण के प्रावधान का प्रयास करके राजनीतिक स्वार्थ साधने का प्रयास किया है। महाराष्ट्र (80 प्रतिशत तक), आंध्र प्रदेश (75), और कर्नाटक (75) पहले से ही स्थानीय लोगों के लिए निजी नौकरियां आरक्षित करने का प्रावधान कर चुके हैं। मध्य प्रदेश ने निजी नौकरियों में स्थानीय लोगों के लिए 70 प्रतिशत तक कोटा निर्धारित किया था। यह निर्णय कमल नाथ शासन के दौरान लिया गया था। हालांकि इन प्रदेशों की सरकारों के इरादे असफल साबित हुए। कुछ मामलों में अदालतों ने पानी फेर दिया, कुछ राज्य इसकी व्यवहारिकता को समझ कर पीछे हट गए। आंध्र प्रदेश वर्ष 2019 में बढ़ती बेरोजगारी के मद्देनजर ऐसा कानून बनाने वाला पहला राज्य था, लेकिन इसे वहां के उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। कर्नाटक ने भी ऐसे कानून पारित किए, जिसमें निजी क्षेत्र को स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया, लेकिन कंपनियों को यह नहीं पता था कि अनुपालन कैसे सुनिश्चित किया जाए। इनमें से किसी भी राज्य में सरकारों के मंसूबे पूरे नहीं हो सके।



-योगेन्द्र योगी

> यह पहला मौका नहीं है जब किसी सत्तारुढ़ दल ने निजी क्षेत्र में नौकरी के आरक्षण के प्रावधान का प्रयास करके राजनीतिक स्वार्थ साधने का प्रयास किया है। महाराष्ट्र (80 प्रतिशत तक), आंध्र प्रदेश (75), और कर्नाटक (75) पहले से ही स्थानीय लोगों के लिए निजी नौकरियां आरक्षित करने का प्रावधान कर चुके हैं। मध्य प्रदेश ने निजी नौकरियों में स्थानीय लोगों के लिए 70 प्रतिशत तक कोटा निर्धारित किया था।

बिहार में नीतीश सरकार ने 2020 में एनडीए सरकार की वापसी के बाद कैबिनेट में फैसला लिया था कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती में सिर्फ बिहार के लोग शामिल हो सकेंगे। इस फैसले को इस साल जून में महागठबंधन सरकार की कैबिनेट ने देश के सभी नागरिकों के लिए खोल दिया। सरकार को अंदेशा था कि अगर दूसरे राज्य के कैंडिडेट कोर्ट चले गए तो यह बहाली रद्द हो जाएगी, क्योंकि ये रोक संविधान से मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन करता। पिछले दो दशकों में बैलगाड़ी वाले गांव से भरे आईटी-आईटीईएस सेवाओं और बीपीओ हब में गुरुग्राम का कायापलट भारत के सुदूर कोनों से आए अविश्वसनीय प्रतिभा पूल द्वारा किया गया है। गुरुग्राम नौकरियों का शहर है, लेकिन निजी क्षेत्र में आरक्षण का कानून यदि बन जाता तो निजी क्षेत्र के लिए यह खतरा बन जाता।

सर्वेक्षण में उद्धृत स्थानीय उम्मीदवारों में प्रमुख कौशल कमियां शामिल हैं। इनमें एआई और मशीन लर्निंग कौशल, विश्लेषणात्मक और सांख्यिकीय कौशल, वित्त और लेखांकन, प्रोग्रामिंग कौशल, डेटा विज्ञान, अनुसंधान एवं विकास कौशल, इंजीनियरिंग और तकनीकी कौशल जैसी कमियां शामिल हैं। नैसकॉम और आईटी मंत्रालय संयुक्त रूप से आईटी-आईटीईएस सेक्टर का राजस्व 2025-26 तक 194 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 350 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य बना रहे हैं। यदि निजी क्षेत्र में आरक्षण का कानून लागू हो जाता तो यह लक्ष्य हासिल करना असंभव रहता। दरअसल सरकारों को पता है कि जिसने लाखों-करोड़ों का निवेश किया है, वह अब उसे उखाड़ कर किसी दूसरे प्रदेश में नहीं ले जा सकता। इस मजबूरी का फायदा उठाते हुए सरकारें उद्योगपतियों से मनमानी करने पर उतारू हो जाती हैं। यदि उद्योगपति किसी तरह का गैरकानूनी काम करें तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के लिए सरकारें स्वतंत्र हैं, किन्तु अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाएं उन पर नहीं लादी जा सकतीं। यदि अदालतों का भय नहीं होता तो निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए आरक्षण की लूट में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे से होड़ करते नजर आते। राजनीतिक दलों को सत्ता पाने के लिए पका पकाया चाहिए। बेरोजगारी समाप्त करने के लिए सत्तारुढ़ दलों के पास कोई ठोस और दूरगामी नीति नहीं होती। यही वजह है कि सभी दल इस मुद्दे पर बहस तक करने से कतराते हैं।

दरअसल, रोजगार मुहैया कराने के लिए आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, गुणवत्तायुक्त शिक्षा, भ्रष्टाचार का खात्मा और राजस्व के संसाधनों की जरूरत होती है। इतनी लंबी और मेहनत भरी कवायद करने से राजनीतिक दल कतराते हैं। ऐसे में सत्ता प्राप्ति के लिए लोगों को बरगलाने का आसान तरीका आरक्षण नजर आता है। राजनीतिक दल जातिगत सरकारी नौकरियों में आरक्षण का फायदा उठा चुके हैं। इसमें अब सुप्रीम कोर्ट के कायदे-कानून आड़े आ रहे हैं। अन्यथा दलों ने अपने सुविधा के हिसाब से इसका प्रतिशत बढ़ाने से भी नहीं चूकते। इसके बावजूद भी राजनीतिक दलों ने यह दिखाने के लिए कि वे आम लोगों के कितने बड़े हितैषी हैं, पचास प्रतिशत के इस दायरे को बढ़ाने के भरसक प्रयास किए हैं, हालांकि यह जानते हुए भी कि उनका यह प्रयास अदालत में मुंह के बल गिरेगा।

## खास बात

### योग के प्रकार

**स्वामी मुक्तरथ**



**कर्म योग :** अगली शाखा कर्म योग या सेवा का मार्ग है और हम में से कोई भी इस मार्ग से नहीं बच सकता है। कर्म योग का सिद्धांत यह है कि जो आज हम अनुभव करते हैं वह हमारे कार्यों द्वारा अतीत में बनाया गया है। इस बारे में जागरूक होने से हम वर्तमान को अच्छा भविष्य बनाने का एक रास्ता बना सकते हैं, जो हमें नकारात्मकता और स्वार्थ से बाध्य होने से मुक्त करता है। कर्म आत्म-आरोही कार्रवाई का मार्ग है। जब भी हम अपना काम करते हैं और अपना जीवन निस्वार्थ रूप में जीते हैं और दूसरों की सेवा करते हैं, हम कर्म योग करते हैं।

**भक्ति योग :**

भक्ति योग भक्ति के मार्ग का वर्णन करता है। सभी के लिए सृष्टि में परमात्मा को देखकर, भक्ति योग भावनाओं को नियंत्रित करने का एक सकारात्मक तरीका है। भक्ति का मार्ग हमें सभी के लिए स्वीकार्यता और सहिष्णुता पैदा करने का अवसर प्रदान करता है।

**ज्ञान योग :**

अगर हम भक्ति को मन का योग मानते हैं, तो ज्ञान योग बुद्धि का योग है, ऋषि या विद्वान का मार्ग है। इस पथ पर चलने के लिए योग के ग्रंथों और ग्रंथों के अध्ययन के माध्यम से बुद्धि के विकास की आवश्यकता होती है। ज्ञान योग को सबसे कठिन माना जाता है और साथ ही साथ सबसे प्रत्यक्ष। इसमें गंभीर अध्ययन करना होता है और उन लोगों को आकर्षित करता है जो बौद्धिक रूप से इच्छुक हैं। योग कब करें या योग करने का सही समय क्या है?

सुबह सूर्योदय से पहले एक से दो घंटे योग के लिए सबसे अच्छा समय है। अगर सुबह आपके लिए मुमकिन ना हो तो सूर्यास्त के समय भी कर सकते हैं। इसके अलावा इन बातों का भी खास ध्यान रखें:

अगर दिन का कोई समय योग के लिए निर्धारित कर लें, तो यह उत्तम होगा। **सब आसन किसी योगा मैट या दरी बिछा कर ही करें।** आप योग किसी खुली जगह जैसे पार्क में कर सकते हैं, या घर पर भी। बस इतना ध्यान रहे कि जगह ऐसी हो जहां आप खुल कल सांस ले सकें।

**(सत्यानंद योग मिशन, रांची)**

**सुगम** यात्रा-सुरक्षित जीवन' के ध्येय के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के अंतर्गत आज लखनऊ में 51 बसों, 38 इंटरसेप्टर वाहनों व 12 पब्लिसिटी वैन को फ्लैग ऑफ करने के साथ ही 4,110 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों के खाते में ?13 करोड़ 11 लाख अनुदान राशि हस्तांतरित हुई।

**– आदित्यनाथ योगी**

## रोचक ट्वीट

**कुछ** यूं शुरू हुआ सफर रोमांच का,
भरी हौसलों ने उड़ान,
कायनात ने किया सजदालो झुक गया आसमान!
बेटियों के हौसले का अभिनंदन!

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**इस** दृष्टि से मनुष्य अथवा अन्य किसी भी प्राणी में परस्पर कोई विभेद नहीं है। हम सभी को जन्म से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की संपूर्ति का अधिकार प्राप्त है।

**– अवधेशानंद गिरी**

# ज्ञान का अहंकार

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**अहंकार** चाहे किसी भी चीज का हो पतन का मूल है। इसे एक कहानी के माध्यम से इस प्रकार समझें। एक सज्जन देश-विदेश में अध्ययन कर पूरे संसार की जानकारियों से भरी डिग्रियों की पोटली अपनी खोपड़ी में रखकर अपने देश लौटा। वह सबके पास इस बात की शेखी बघारने लगा कि उससे अधिक ज्ञानी-विद्वान और कोई नहीं। उसके पास कोई भी व्यक्ति जाता, वह उससे प्रश्न किया करता कि क्या उसने उससे बढ़कर कोई ज्ञानी देखा है? बात भगवान बुद्ध के कानों तक जा पहुंची। उन्होंने इस ज्ञानी सज्जन से मिलने का निश्चय किया। ज्ञानी सज्जन ने उन्हें आते देखा तो पूछा : तुम कौन हो तपस्वी? बुद्धदेव ने जवाब दिया: अपनी देह और मन पर जिसका पूर्ण अधिकार है। मैं ऐसा एक तुच्छ मनुष्य हूं। अहंकारी बोला : फिर से भली-भांति स्पष्ट करो। मेरी तो कुछ समझ नहीं आया। बुद्धदेव बोले : जिस तरह कुम्हार घड़े बनाता है, नाविक नौकाएं चलाता है, धनुधार्री बाण चलाता है, गायक गीत गाता है, वादक वाद्य बजाता है और विद्वान वाद-विवाद में भाग लेता है, उसी तरह ज्ञानी पुरुष स्वयं पर ही शासन करता है। ज्ञानी पुरुष भला स्वयं पर कैसे शासन करता है? अहंकारी ने पुनः प्रश्न किया। बुद्धदेव शालीनता से बोले : लोगों द्वारा स्तुति-सुमनों की वर्षा किए जाने पर अथवा निंदा के अंगार बरसाने पर भी ज्ञानी पुरुष के भीतर से शांति की खुशबू चारों तरफ फैलती है। उसके हृदय का भाव सदाचार, दया, विश्व-प्रेम और शांति पर ही केंद्रित रहता है।

## कार्टून वर्ल्ड

**यूएसए में हिंसा**




## लेटर टू एडिटर

### हिंदी को जानें

**हिंदी** शब्द संस्कृत के सिंधु शब्द का अपभ्रंश माना जाता है। हिंदी का इतिहास वैसे तो करीब 1 हजार साल पुराना बताया जाता है, लेकिन बदलते वक्त में हिंदी भाषा बाजार की जरूरत बन चुकी है। देश का करीब 60 फीसदी बाजार हिंदी बोलने वालों का है। हर कंपनी के विज्ञापन का आधार सिर्फ और सिर्फ हिंदी है। यह बात हिंदी के महत्व को सिद्ध करती है।

**– अमित, गढ़वा**

### सड़क क्रांति

**बीते** दो दशकों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क-क्रांति ने विकास की नई इबारत लिखी है, चारधाम सड़क परियोजना, पहाड़ी क्षेत्रों एवं दुर्गम्य स्थलों में भी यातायात सुगम करने के लिए पहाड़ खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं, जिनमें दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्न है कि संभावित दुर्घटनाओं से बचने के आवश्यक उपकरण क्यों नहीं जुटाये गये?

**– रवि, रांची**

# सीमा पर तनाव के बीच भारत-चीन का अंतर

**टी. एन. नाइनन**

## सामयिक

**एशिया** में दो बड़ी ताकतों के उदय की कहानी तीन दशक पुरानी है और इसकी मियाद बीत चुकी है। चीन हर मोर्चे पर भारत को पीछे छोड़ चुका है और अब वह समूचे एशिया पर दबदबा चाहता है। शक्ति का असंतुलन हर मोर्चे पर स्पष्ट है और इसमें लगातार इजाफा हो रहा है। चीन अब बीते दौर की इकलौती महाशक्ति को चुनौती दे रहा है जबकि भारत को अपने ही भूभाग को बचाने की कवायद करनी पड़ रही है। यह सही है कि दोनों देश समांतर कालखंड में प्रगति करते रहे हैं लेकिन दोनों की सफलता के परिमाण को देखें तो यह निरर्थक है।

आज चीन की स्थिति वैसी नहीं है जैसी सन 2010 में थी। उस वक्त मनमोहन सिंह और चीन के प्रधानमंत्री वेन च्यापाओ ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा था, 'दुनिया में भारत और चीन दोनों के विकास के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। निश्चित रूप से दोनों देशों के सहयोग के लिए भी ढेर सारे क्षेत्र मौजूद हैं।' इसके बाद भारत का प्रदर्शन जहां कमजोर पड़ता गया, वहीं चीन ने ताकत और प्रभाव दोनों बढ़ाया। इससे शक्ति संतुलन और अधिक डगमगा गया।

चीन दुनिया का प्रमुख विनिमार्ता है। वह सबसे बड़ा विनिर्मित वस्तु निर्यातक है और उसने अद्यतन तकनीक के साथ बढ़त बनाई है जिनमें से कई का सैन्य इस्तेमाल संभव है। हमारा सामना एकदम अलग किस्म के चीन से है। ऐसे में समानता का दिखावा दरअसल मुसीबत को न्योता है।

इस संदर्भ में सेवानिवृत्त राजनयिक राजीव डोगरा की नई किताब 'इंडियाज वर्ल्डः हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स शेप्ड फॉरेन पॉलिसी' पढ़ें जानकारीपरक होगा।

उसमें दिए संदर्भ के मुताबिक सन 1962 की जंग के समय चीन के राष्ट्राध्यक्ष रहे लिउ शाओछी ने श्रीलंकाई राजनेता फेलिक्स भंडारनायके से कहा था कि सन 1962 की लड़ाई भारत का अहंकार और श्रेष्ठता का भ्रम तोड़ने के लिए हुई थी। पॉल केनेडी ने अपनी किताब 'द राइज ऐंड फाल ऑफ द ग्रेट पावर्स' में आर्थिक परिवर्तन के बीच सैन्य विवादों तथा अर्थशास्त्र और सामरिक नीति के बीच के संबंधों की बात की है। उनके मुताबिक किसी देश का उदय या पराभव युद्ध के समय नहीं बल्कि शांतिकाल में होता है और यह अन्य ताकतों के सापेक्षिक होता है, न कि विशिष्ट। जयशंकर की टिप्पणी को केनेडी की दलील पर कस कर देखें तो भारत ने चीन के साथ अपनी चर्चा में इस बात की अनदेखी कर दी कि यहां दोनों देशों के साथ-साथ विकास जैसी परिस्थितियां हैं भी या नहीं।

अच्छी बात यह है कि बातचीत के दौरान भारत खाली नहीं बैठा। उसने अन्य देशों के साथ संबंध बढ़ाकर चीन के साथ शक्ति असंतुलन दूर करने का प्रयास किया। उसने लद्दाख तक पहुंच की खातिर सीमा पर हर मौसम में चलने वाली सड़क बनाने हेतु सुरंग खोदीं, पूर्वोत्तर में ब्रह्मपुत्र पर पुल बनाए और विवादित सीमा तक सामान पहुंचाने के रास्ते तैयार कर बुनियादी ढांचे को मजबूत किया।

यकीनन सेना 1962 जैसे हालात में नहीं है लेकिन उसका ध्यान इस बात पर है कि और जमीन न गंवाई जाए। बाकी बातें कूटनीति के हवाले हैं।सीमित बजट से मजबूत सेना नहीं बन सकती। इसके लिए विनिर्माण क्षमता और उन्नत तकनीक भी चाहिए।

मानव विकास सूचकांक और प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत काफी पीछे है। ऐसे में यह लक्ष्य कठिन हो जाता है। सीमा का गतिरोध और उससे जुड़ी अनिश्चितता में एक चेतावनी निहित है कि हम वास्तविक शक्ति बनने की दिशा में काम करें।

# आखिर टनल में सुरक्षा के उपायों की अनदेखी क्यों?

**मनोज शर्मा**

## सामयिक

**सकारात्मकता** और हौसले की ताकत ने मिलकर आखिर प्रकृति के साथ लड़ी 17 दिन की जंग में जिन्दगी को विजयी बना दिया। सिलक्यारा सुरंग में आठ राज्यों के 41 मजदूरों को सकुशल जिन्दा निकाल लेने के 400 घंटों तक चले संघर्ष में जीत इंसान के चट्टानी हौसले के नाम दर्ज हुई। उत्तरकाशी टनल में फंसे इन सभी मजदूरों को जब मंगलवार रात सुरक्षित निकाला गया, तो देश ने राहत की सांस ली और दीपावली मनाई। यह बचाव अभियान प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय बना है। जिसमें विज्ञान में विश्वास एवं आस्था ने मनोबल दिया। दीपावली के दिन से टनल में फंसे मजदूरों का सुरक्षित बाहर आना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा सकता। बचाव अभियान में हर मोड़ पर आती बाधाओं से बार-बार निराशा एवं नाउम्मीदी के बादल छाए जरूर, लेकिन बचाव दल के अथक प्रयास आखिर में रंग ले ही आए। 17 दिन तक संकटकालीन स्थितियों में मजदूरों को जीवित रखने की चुनौती वाकई बहुत बड़ी थी, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें लगी थीं। मजदूरों तक ऑक्सीजन और भोजन पानी पहुंचाना भी आसान नहीं था। तरह-तरह की बाधाओं एवं तकलीफों के बीच जिन्दगी बचाने की मुहिम निश्चित ही एक रोशनी बनी। इसमें सुरंग में फंसे मजबूरों ने जहां हर तरह से जिजीविषा एवं बहादुरी का परिचय दिया, वहीं बचाव कार्य में जुटे वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों एवं कर्मियों ने दिन-रात एक करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह बचाव अभियान एवं इसकी सफलता ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय उदाहरण बनकर प्रस्तुत हुआ है। दुविधा एवं मौत की सुरंग में कैद हुए मजदूरों को संकट से आजादी मिली, लेकिन सिलक्यारा की इस घटना ने अनेक सवाल भी खड़े किए हैं। सवाल यह है कि एक प्लान के विफल होने पर दूसरा और आगे के विफल होने पर ही तीसरा, चौथा, पांचवां प्लान क्यों बना? क्या पांच प्लान पहले ही तैयार नहीं हो सकते थे?

मलबा हटाने के लिए अमेरिका से क्यों मशीन मंगवानी पड़ी, भारत में ऐसी मशीनों की उपलब्धता क्यों नहीं है? ऐसी विपत्तियों एवं संकटों से उबरने की हमारी तैयारी आत्म-निर्भर एवं स्वावलम्बी क्यों नहीं बनायी जाती? क्यों नहीं अपने देश में जगह-जगह बढ़ती सुरंग परियोजना को देखते हुए एक ऐसे राष्ट्रीय संस्थान खड़ा किया जाता जो बिना भ्रष्टाचार एवं कोताही में लिप्त हुए निमार्णाधीन परियोजनाओं का हर वर्ष तकनीकी ऑडिट करे, जैसा कि सरकारी संस्थानों में वित्तीय ऑडिट होता है। तब हम ऐसे हादसों को रोक पाएंगे।

हिमालय जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी बड़ी सड़क परियोजनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों की इजाजत देने से पहले उस पर व्यापक मंथन-अनुसंधान-जांच एवं शोध की अपेक्षा है। किस तरह के निर्माण कार्यों की इजाजत दी जाए और किस तरह के काम को नहीं, यह भी समझना एवं एक रोडमैप बनाना होगा।

पर्यावरणविद और भूविज्ञानी ऐसे निर्माण कार्यों को पर्यावरण के लिये गंभीर खतरा मानते रहे हैं, ऐसे लोग लंबे समय से कहते आ रहे हैं कि हिमालय एक कच्चा पहाड़ है, वहां बड़ी परियोजनाओं को अनुमति देने से पहले सब तरह की जांच कर लेनी चाहिए। संभावित खतरों पर संवेदनशीलता से चिन्तन करना चाहिए। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग में भी यह बात सामने आई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### आकाश बना जीएसटी इंस्पेक्टर



**कुजू।** दिगवार निवासी आकाश कुमार (24 वर्ष) ने एसएससी सीजीएल 2023 की परीक्षा में सफल होकर जीएसटी इंस्पेक्टर बना। दो चरणों की आयोजित परीक्षा में एआईआर3488 रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। आकाश शुरू से मेधावी छात्र रहा है। जिसके बदौलत उन्होंने अपनी नौकरी की शुरूआत टाटा पावर कंपनी से किया। इसके बाद उन्होंने बिहार स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2022 ( बीएसएससी - सीजीएल) में भी सफलता अर्जित की। इसके बाद बीएसएससी सीजीएल की जो परीक्षा उसने निकाली है उसका हाल के दिनों में नियुक्ति पत्र मिलने वाला है, और उसने एक बार फिर एसएससी की परीक्षा निकाल ली है। जिसको लेकर परिजन समेत गांव के ग्रामीण एवं आस - पास लोगों के बीच खुशी का माहौल है। पुत्र की सफलता पर माता-पिता ने खुशी जाहिर किया है।

### जर्जर रोड के लिए निकली निविदा

भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड अंतर्गत अति ग्रामीण सुदूर गांव के जर्जर पथों की मरम्मति करने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग रांची द्वारा निविदा संख्या 317/20-22- 23 के आलोक में पतरातू प्रखंड में लगभग 14.50 किलोमीटर सड़क की मरम्मती के लिए विभाग ने लगभग 6 करोड़ 10 लाख रुपए की स्वीकृति मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से किया था। जिसका टेंडर भरने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2023 था। लेकिन क्षेत्र के एक सत्ताधारी जनप्रतिनिधि ने अपने प्रभाव में इन अति सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों को दूसरे प्रखंडों में ले जकार पतरातू प्रखंड को वंचित करना चाहती थी। उक्त जानकारी देते हुए महेंद्र कुमार महतो जिला सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण विकास ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग रामगढ़ ने बताया कि इसकी जानकारी जब मुझे प्राप्त हुआ तो मैं तत्काल सांसद जयंत सिन्हा को बताया। इसके बाद सांसद ने मुझे निर्देश दिया कि आप राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, और ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह से मिलकर पूरी जानकारी दीजिए। तत्काल मैं मुख्य सचिव एवं ग्रामीण कार्य सचिव से मिलकर इस टेण्डर की पूरी घटना से अवगत होकर इसकी जानकारी सांसद दी। उन दोनों अधिकारियों ने हमें आश्वस्त किया की इसकी जांच कर कर हम उचित कार्रवाई करेंगे। महेंद्र महतो ने बताया कि सांसद के पहल पर जिन सड़कों का मरम्मति किया जाना है उन सभी सडकों का ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा टेंडर निकाला गया है। टेण्डर जमा करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2023 है। उन्होंने बताया कि कुसियारा से किन्नी, जराद-आराशाह होते हुए लेम तक मरमती कार्य लंबाई 7.90 किमी. सांकुल से पिपरी टोला रोड तक, सांकुल रोड से बरवाटोला से तालाब तक, पंचायत भवन सांकुल से खैरा मांझी रोड तक कुल लंबाई लगभग 3.5 किमी, निम्मी गांव से चिकोरपथ की मरमती कार्य लंबाई लगभग 3.5 किमी तक मरम्मती होने वाले इन सभी पथों की कुल लागत लगभग 6 करोड़ 10 लाख रूपया है। महेंद्र महतो ने उन्होंने सडकों के टेंडर जारी होने के लिए सांसद जयंत सिन्हा एवं राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव सुखदेव सिंह व ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह को बधाई दी है।

### डीएवी में नेशनल गेम्स संपन्न



**रजरप्पा।** दो दिवसीय डीएवी नेशनल गेम्स एंड स्पोर्ट्स 2023 के अंतर्गत, क्लस्टर लेवल टूर्नामेंट, क्लस्टर 4 का समापन डीएवी रजरप्पा में हुआ। इस खेलकूद प्रतियोगिता में लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भिन्न- भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पीएन यादव महाप्रबंधक सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने विजेता व उपविजेता टीम और खिलाड़ियों को मेडल्स एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व रजरप्पा प्राचार्य ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डीएवी बचरा के प्राचार्य आरआर झा ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्यायाम एवं खेलकूद का बहुत बड़ा महत्व है। वर्तमान समय में तो खेलकूद आदि का और भी महत्व बढ़ गया है। खेलकूद व्यक्ति को पैसा के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान सम्मान दिलाता है। इससे व्यक्ति की विशिष्ट पहचान बनती है। डीएवी प्राचार्य ने अलग-अलग स्कूलों से आए प्राचार्यो, टीम मैनेजर, खेल शिक्षक एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से खेलकूद का आयोजन सफल हुआ।

### ब्रेस्ट कैंसर पर जागरुकता अभियान



**भुरकुंडा (रामगढ़)** जेएम कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं रिंची ट्रस्ट अस्पताल रांची के सौजन्य से महाविद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में शुक्रवार को ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह, डॉ. नम्रता महनसरिया, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. शमां बेगम, प्रो. नीला सिंह आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पूर्व स्वयंसेवको द्वारा अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर डॉ. नम्रता ने छात्राओं को बड़े ही व्यापक विधि से जागरूकता भरा संदेश देते हुए कहा कि कैंसर एक घातक बीमारी है। लेकिन हम जागरूक रहें तो इससे बचा जा सकता है। डॉ. शीला सिंह ने कहा कि हमसभी मां का दूध पीकर बड़े हुए हैं। परंतु यदि स्तन में ही कैंसर हो जो जाये तो बच्चे कैसे स्वस्थ्य रहेंगे। मौके पर सेराज, आयुष, पानु, आस्था, अंजली, सुमन, स्नेहा, पंकज, अर्जुन, प्रियांशु, सुरुचि, मुस्कान, मिमी, बादल, पंकज सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# स्कूल वैन और बस में टक्कर, कई घायल और चालक की मौत

## कटकमसांडी में भीषण सड़क दुर्घटना,वैन के उड़े परखच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमसांडी।** प्रखंड के जमुनिया सोत में शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे बड़ा हादसा हो गया, जहां एक स्कूली वैन जिसका गाड़ी संख्या जेएच01एई -4223 की साथी नामक की बस से भीषण टक्कर हो गई। जिसका गाड़ी संख्या जेएच02एसी-0388 इस हादसे में स्कूली वैन की ड्राइवर को मौत घटना स्थल पर ही हो गई है, जबकि कई बच्चे घायल हो गए हैं। इस घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इनमें से कुछ बच्चों की हालत गंभीर है।

ये हादसा कटकमसांडी के पुलिस थाना क्षेत्र के जमुनिया सोत के इलाके में हुआ, जहां एक स्कूली वैन बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, तभी दूसरी ओर से आ रही साथी नामक की बस से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। ड्राइवर का मौके पे मौत हो गई।ड्राइवर विनोद यादव के पुत्र बताया जा रहा है जो चतरा जिला के दुवारी नोनगांव के रहने वाले है मृतक दो भाई और एक बहन थे। दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी भयावह थी कि स्कूली वैन के परखच्चे उड़ गए। बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया. बच्चे अपनी जान बचाने के लिए चीखने चिल्लाने लगे, जिसके बाद मौके पर आसपास से बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए. लोगों ने तत्काल फंसे हुए बच्चों को बाहर निकाला और अस्तपाल ले जाया गया।

**बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया :** घटना की सूचना मिलते ही कटकमसांडी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे में घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। इस हादसे में कई बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं जिनका इलाज हो रहा है। वहीं कुछ बच्चों को प्राथमिक अस्पताल के बाद परिजनों के साथ भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में की जांच में जुट गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया की हादसा का मुख्य कारण रेलवे कॉल डंपिंग यार्ड है जो कटकमसांडी रेलवे स्टेशन में संचालित है। यही कारण है की जो कॉल डंपिंग यार्ड में जो हयावा कोयला लेकर के आती है वही हायेवा रोड के किनारे कटकमसांडी और चतरा के मुख्य मार्ग पे कतार में लगी रहती है। जिस कारण हादसे हो रहे है । मौके पर कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,सुरेश यादव,मनोज चंद्रा,सहित दर्जनों कटकमसांडी और गिद्धौर , पाथलगड्डा का जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीवीसी के विस्थापितों को हर संभव करेंगे मदद : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बिजली की समस्या को लेकर विस्थापितों के आंदोलन का समर्थन देने स्थानीय विधायक धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने लोगो की समस्याओं को जाना और विस्थापितो को हर संभव न्यायपूर्ण सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि 1952 के बाद यहां के रैयत विस्थापित हुए है। यहां की जनता ने त्याग किया है, उन्हे हर संभव हक देना ही होगा। पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा आदि की व्यवस्था करना डीवीसी की जिम्मेवारी है। अचानक बिजली बाधित करना और न्याय मांगने पर प्राथमिकी दर्ज करना अनुचित है। उन्होंने थाना प्रभारी से बात करना चाहा परन्तु फोन रिसीव नहीं करने के कारण बात नही हो सकी।उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में बिजली उत्पादन के लिए कई डैम का उपयोग किया जाता है परंतु डीवीसी का मुख्यालय रांची के स्थान पर कोलकाता में होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में उन्होंने विस में भी आवाज उठा चुके है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने डीवीसी के पदाधिकारियों से मिल कर जनता की समस्याओं को अतिशीघ्र दूर करने की मांग की। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया मंगलदेव यादव, चंदवारा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जु सिंह, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, पंसस प्रभु यादव, बड़की धमराय मुखिया सरयू प्रसाद वर्मा, वार्ड सदस्य नकुल कुमार, जितेंद्र यादव, धीरज कुमार, दिलीप राणा, सीताराम चंद्रवंशी, सहदेव राम, पिंटू कुमार, पिंकी देवी, सविता देवी, मीना देवी, दिनेश कुमार आदि सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

### रुंगटा के फैक्ट्री में दूसरे दिन भी छापा

**कुजू।** रामगढ़ के जाने माने उद्योगपति आरसी रुंगटा के करमा बूढ़ाखाप स्थित आलोक स्टील प्लांट में गुरुवार की अहले सुबह आयकर विभाग की एक टीम सर्च अभियान चलाकर जांच किया। शुक्रवार को भी आयकर विभाग का सर्च अभियान चलता रहा। सूत्र के द्वारा बताया गया कि बिहार नंबर की इनोवा व स्कॉर्पियो से पहुंचे आईटी के अधिकारी मौके पर मौजूद फैक्ट्री प्रबंधन के लोगों से पूछताछ की।

साथ ही वित्तीय लेनदेन, लैपटॉप, कंप्यूटर सहित अन्य चीजों का जांच किया। आयकर विभाग के टीम में शामिल अधिकारी सुबह से ही फैक्ट्री स्थित कार्यालय में मौजूद दस्तावेज को खंगाल रही है। इस दौरान सीआरपीएफ के जवान फैक्ट्री परिसर को अपने कब्जे में लेकर फैक्ट्री के मुख्य द्वार को अंदर से बंद कर दिया।

# दत्तो पंचायत में झामुमो की कमिटी गठित

### अध्यक्ष बने शंकर मुंडा, सचिव गोविंद राम और कोषाध्यक्ष बनी मोना देवी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक शुक्रवार को दत्तो में हुई। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार उपस्थित थें। बैठक में पार्टी की मजबूती, जन समस्याओं का समाधान सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से झामुमो दत्तो पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष शंकर मुंडा, उपाध्यक्ष श्याम सिंह मोहाली, उपाध्यक्ष गणेश मोहाली, सचिव गोविंद राम, सह सचिव प्यारेलाल मोहाली, पप्पू माली, संगठन सचिव जितेंद्र पासवान व मोची मुंडा, कोषाध्यक्ष मोना देवी, सह कोषाअध्यक्ष शांति देवी चुनी गईं। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में रजनीश कुमार, कार्तिक मुंडा, संतोष, श्याम कुमार वंश, राजकुमार, रमेश, छोटू, सोम, संजय, श्याम, महेश, रामजी आदि शामिल हैं। सभी पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार ने कहा कि झारखंड के माटी पुत्र सीएम हेमंत सोरेन द्वारा पूरे राज्य का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। साथ ही सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम चलाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है जो की काफी सराहनीय कदम है। श्री मालाकार ने कहा कि बड़कागांव के पूर्व प्रत्याशी और झारखंड प्रदेश के परिवहन पदाधिकार सदस्य सह हजारीबाग जिला के मुख्य संयोजक और पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया के कुशल नेतृत्व में दिन-प्रतिदिन झामुमो और मजबूत हो रहा है। उन्होंने दत्तो के चयनित पदाधिकारियों से भी अधिक से अधिक नवयुवको को पार्टी में जोड़कर इसे और मजबूत बनाने की बात कही।

### उपायुक्त के जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। फरजाना परवीन, ग्राम रोमी कटकमसांडी मां स्व रेहाना खातून की खरीदी गई भूमि को पिता कासिम अंसारी के जबरन बेचने के संबंध में। नीतीश कुमार विष्णुगढ़ निवासी, सड़क के जलमीनार बनाने के संबंध में। निशा रानी, इचाक निवासी स्कॉलरशिप के संबंध में। शिव नारायण प्रसाद कुशवाहा कटकमदाग मौजा लूटा थाना नं 0084 का एलपीसी भूमि प्रतिवेदन एवं म्यूटेशन का कार्य नहीं होने के संबंध में। प्रभात कुजूर, रैयत जमीन पर हेमंत हेम्ब्रम की ओर से गैर कानूनी रूप से कब्जा करने संबंध में।

# 90 शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

### कक्षा एक और दो में गणित, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों की दी गयी ट्रेनिंग

लखबर मन्त्र संवाददाता



**बिष्णुगढ़।** प्रखंड संसाधन केंद्र विष्णुगढ में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान के दो बैच 90 शिक्षकों का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। शनिवार को दो नये बैच में 40-40 शिक्षकों का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ है। बीपीएम कुणाल कुमार ने बताया कि शिविर में कक्षा एक और दो में गणित, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों को 40-40 के दो बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार, प्रवीण कुमार पाठक, शंभू प्रसाद व मो. मोहम्मद आयाज अहमद शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे है। प्रशिक्षण संबंध में जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार ने बताया कि निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा एक और दो के बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन प्री-टेस्ट के बाद राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रुपरेखा 2022 पर विस्तार से चर्चा की गयी। भोजनावकाश के बाद निपुण भारत मिशन के विकासात्मक चरण, सामाजिक एवं भावात्मक शिक्षा के प्रमुख घटक एवं प्रभावित करने वाले कारक, भाषा सीखने की अपेक्षाएं, मूलभूत संख्या ज्ञान सीखने की अपेक्षाएं, टूल किट आदि पर प्रतिभागियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिन में भाषा और साक्षरता, लैंगिक समानता, भाषा विकास के प्रमुख घटक, मौखिक भाषा विद्यालय, डिकोडींग, पढ़ने की संस्कृति, स्कूल रेडिनेस, मूलभूत संख्या ज्ञान के मुख्य घटक, शिक्षक हस्त पुस्तिका, पाठ योजना, आकलन आदि के बारे में अगल-अलग सत्रों में विस्तार से चर्चा की जाएगी। पहले दिन के प्रशिक्षण प्रशिक्षण के दौरान सम्पर्क फाउंडेशन के कुंदन पांडेय और अमित कुमार सिंह ने सम्पर्क किट, सम्पर्कशाला आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी और शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

## एक नजर में

### विद्यालय में कीट और पोषाक का वितरण



**टाटीझरिया।** झरपो +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय झरपो परिसर स्थित रा0 मध्य विद्यालय में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच झरपो मुखिया सह बीस सूत्री अध्यक्ष श्री शिबू प्रसाद सोनी जीप सदस्य राम प्रसाद,टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल के उपस्थिति में पोशाक, जूता, मौजा ,स्वेटर का वितरण किया गया। मुखिया मद उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय एवं मध्य विधालय झरपो , पंचायत भवन झरपो , स्वास्थ्य केन्द्र झरपो मे सेंगरेटी पैड डिस्पोजल लगाया गया इस अवसर पर जिप सदस्य रामप्रसाद एवं उप प्रमुख रवि बर्णवाल ने कहा कि बिधालय मे शिक्षा के साथ साथ स्वच्छता पर भी ध्यान देना जरुरी है ,और शिक्षक बच्चों के लिए मार्गदर्शक होते है,माता पिता सिर्फ जन्म देकर पालन पोषण करते है ,बच्चे का शिक्षा एवं संस्कार देना शिक्षक का दायित्व है, उन्होंने कहा कि शिक्षकों से आग्रह होगा कि अच्छी शिक्षा संस्कार देकर शिक्षक प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन कर सके । वहीं जनप्रतिनिधि ने विधालय के सभी वर्गों में जा कर पठन पाठन का निरीक्षण किए ,और बच्चो को शिक्षा संबंधित प्रश्न पूछे गये , जिसमें बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया ।मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार दीपक , शिक्षक मोहन साव ,कौलेशवर मिश्र ,बिजय कुमार, निर्मल प्रसाद , संयोजिका उषा देवी, एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

### दारु में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



दारु ।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की दारु उपसमिति के द्वारा पुराना दुर्गा मंडप दारु के परिसर मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की जयंती सप्ताह के छठे दिन आयोजित किया गया। इस शिविर मे दांत, आँख, बीपी, सुगर, थाईरायड आदि की जांच कर उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बी एन प्रसाद, भैया संतोष कुमार सिन्हा ,युवा जिला अध्यक्ष रुपेश लाला ,युवा प्रखंड अध्यक्ष राजन सिन्हा, ने संजुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस शिविर मे श्रीनिवास अस्पताल एवम डेंटल कॉलेज के सहयोग से लगाया गया था।शिविर में आंख, दाँत, ब्लड शुगर, थाइराइड, बी पी कोलेस्ट्रॉल सहित कई चिकित्सय जांच किया गया । शिविर में कुल 107 लोगो का विभिन्न जांच किया गया। इस मौके पर हजारीबाग श्रीनिवास अस्पताल एवं डेंटल कॉलेज से डॉ निषाद गवली, डॉ सौम्या राज, डॉ मेघा कृष्णन, डॉ श्रेया सेन,डॉ आकांक्षा रानी, डॉ सोनाविका, डॉ कोंजिया तबस्सुम, डॉ अन्वेशा, डॉ बोबीनशन, डॉ विनीता, तारा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, ऋषिकेश सिंह, पिंकू कुमार, राहुल कुमार थे । शिविर को सफल बनाने में हजारीबाग जिला अध्यक्षा अर्चना सिन्हा,महामंत्री रश्मि लाला,समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेश लाला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैया संतोष कुमार सिन्हा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दारू उपसमिति पुष्पा सिन्हा संगठन मंत्री अजय अम्बष्ट अनूप आनद विभूति सिन्हा कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, समाज कल्याण प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष दारू उपसमिति राजन सिन्हा,कमल किशोर प्रसाद , सुमन सिन्हा, रौशन सिन्हा, प्रभाकर सिन्हा, मनोरंजन सिन्हा का काफी सराहनीय योगदान रहा ।

### महेश पांडेय को लोगों ने दी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत भराजो पंचायत के अमनारी गांव निवासी बाबा बालकनाथ मंदिर के पूर्व पुजारी महेश पांडेय पिता कौलेश्वर पांडेय उम्र लगभग 48 वर्ष बीते कई दिनों से मुंह के रोगग्रस्त थे। उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय थी। टाटीझरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों के क्षेत्रवासियों तथा समाज सेवी लोगो ने उन्हें अपनी निजी खर्च से बेहतर इलाज के लिए यथाशक्ति सहयोग राशि सहयोग देकर इलाज करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाए। वही बता दे की बीमारी का दुष्प्रभाव लगातार बढ़ता ही गया और संक्रमण फैलता गया। आय श्रोत की आखिरी तंगी होने के कारण उन्होंने अपने निवास स्थान टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी गांव में गुरुवार 8 दिसंबर 2023 की रात्रि लगभग 2 : 00 बजे मृत्यु हो गई। मृतक अपने पीछे तीन छोटे नाबालिक पुत्र संतन पांडेय ,बसंत पांडेय पुत्री पत्नी बायो वृद्ध पिता को छोड़ गए। मृतक के छोटे पुत्र बसंत कुमार पांडेय उम्र लगभग 12 वर्ष ने अपने पिता को मुखाग्नि खंभवा जाने के रास्ते स्थित शमसान घाट में किया। परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाऊ थे। जो पंच तत्वों में विलीन हो गए। मौके पर जितेंद्र कुमार पासवान,धानेश्वर पासवान,शशि ठाकुर,रंजित पांडेय,पप्पू पांडेय, तुलेश्वर पांडेय,कामेश्वर,सुरेश,सुबोध, रामचंद्र,राजेंद्र, नरेश,मदन, सूरज, हिरामन महतो, रामलखन पांडेय, धानेश्वर तिवारी,केदार पांडेय,भुनेश्वर पांडेय,संजय,संदीप,मथुरा मिश्र,सूरज,उपेंद्र पांडेय,दीपक पांडेय समेत अन्य कई लोग शामिल थे ।

### दारु में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**दारू ।** प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका पंचायत भवन मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास, राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस, सामाजिक सुरक्षा विभाग, सावित्रीबाई फुलो किशोरी समृद्धि योजना,राजस्व विभाग अंचल कार्यालय, खाद आपूर्ति विभाग,सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। कुल 2301आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से सबसे अधिक अबूआ आवास को लेकर 286 आवेदन दिए गए। 186 विद्यार्थियों को साइकिल के लिए 4500 रुपया का डेमो चेक मिला।जेएसपीएल के द्वारा महिला समूह को 15 लाख का चेक दिया गया। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी डेविड बलिहार, प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता,20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाश पतिदेव, बीडीओ मनीष कुमार, अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, बीपीओ स्वाति वर्मा,मुखिया झरना देवी, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू कुमार, रोजगार सेवक तौसीफ आलम, मनोज शर्मा, प्रखंड के कई कर्मी के साथ साथ पंचायत के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# कॉर्पोरेट निवेश में दोबारा कैसे फूंकें नयी जान?



**जिस** तरह किसान क्षितिज की ओर ताकते हुए मॉनसून के आगमन की प्रतीक्षा और प्रार्थना करते हैं, उसी तरह हर कोई यह प्रतीक्षा कर रहा है कि देश के कारोबारी जगत के पूंजीगत चक्र में सुधार हो ताकि देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान की जा सके, जो सन 2012 से ही गिरावट पर है। सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कारोबारी निवेश 2022 में 11 फीसदी था जो 2008 के 17 फीसदी के उच्चतम स्तर से 6 फीसदी कम था।

चकित करने वाली बात यह है कि बीते एक दशक से यह दर 11 से 13 फीसदी के बीच बनी हुई है, जबकि बीते पांच साल में इसे प्रभावित करने वाले अन्य कारकों मसलन मुनाफा, बैंकिंग क्षेत्र के फंसे हुए कर्ज तथा कारोबारी कर्ज आदि में हालात सुधरे हैं। ऐसे में वक्त आ गया है कि कंपनियां दोबारा निवेश करना शुरू करें।

उदाहरण के लिए 2022 में कारोबारी मुनाफा बढ़कर सात फीसदी हो गया, जबकि 2015 से 2020 के बीच यह औसतन तीन फीसदी था। इसी प्रकार बैंकिंग क्षेत्र का फंसा हुआ कर्ज मार्च 2023 में चार फीसदी था, जबकि कुछ वर्ष पहले वह 11 फीसदी था। ऐसे में कारोबारी निवेश में कमी की वजह क्या है?

उत्तर का एक बुनियादी हिस्सा भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कारोबारी जगत के पैमाने में निहित है। हमने अपने एक पत्र ह्यइंडियाज न्यू ग्रोथ रेसिपिः ग्लोबली कंपटीटिव लार्ज फर्म्सह्न में कहा था कि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कारोबारी निवेश दो स्वतंत्र कारकों का काम है- अपनी बिक्री के प्रतिशत के रूप में कंपनियां कितना निवेश करती हैं और राष्ट्रीय आय में कारोबारी बिक्री की कितनी हिस्सेदारी है। इनमें से पहले की प्रकृति चक्रीय है] जबकि बाद वाले की ढांचागत। यह बात ध्यान देने लायक है कि इन दोनों कारकों ने 2004 से 2012 के बीच कारोबारी निवेश बढ़ाने में अहम योगदान किया। बीते 25 वर्षों के दौरान निवेश के राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर हम पाते हैं कि औसतन कारोबारी जगत अपनी कुल बिक्री का 25 फीसदी निवेश करता है और 2022 में यह अनुपात 14 फीसदी था। ऐसे में अपनी बिक्री के हिस्से के रूप में कंपनियां निवेश से पीछे नहीं हट रही हैं। शायद इससे यह पता चल सकता है कि आखिर क्यों क्षमता का पूरा इस्तेमाल बढ़ा नहीं और 2014 से 2020 के बीच वह औसतन 73 फीसदी रहा। यह इस आशंका के बावजूद हुआ कि कारोबारी निवेश नहीं कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप कारोबारी निवेश के अभी भी कम होने की एक प्रमुख वजह यह हो सकती है कि राष्ट्रीय आय में कंपनियों की हिस्सेदारी कम है। देश की जीडीपी में कंपनियों की बिक्री का योगदान जो एक दशक पहले 88 फीसदी के उच्चतम स्तर पर था, वह अब उससे 12 फीसदी कम है।

कारोबारी निवेश को टिकाऊ ढंग से उसके उच्चतम स्तर तक वापस ले जाने के लिए यह आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था में उसकी हिस्सेदारी बढ़ाई जाए। हिस्सेदारी इस बात से तय होती है कि घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था में ये कंपनियां कितनी उत्पादक साबित हो सकती हैं। आइए इनका एक-एक कर विश्लेषण करते हैं।

श्रम उत्पादकता के मामले में भारतीय कंपनियां उद्योग जगत की अपनी समकक्षों की तुलना में सात से आठ गुना और सेवा क्षेत्र में चार गुना तक अधिक उत्पादक हैं। सन 1991 से ही ये लगभग इसी स्तर पर हैं। उत्पादकता में अहम बढ़त को देखते हुए जब सन 1991 में कंपनियों को समान क्षेत्र की इजाजत दी गई और इसके लिए लाइसेंस और आरक्षण की व्यवस्था को समाप्त करने तथा व्यापार उदारीकरण की व्यवस्था की गई। उनकी हिस्सेदारी 1995 के 52 फीसदी से बढ़कर 2012 में 82 फीसदी तक पहुंच गई। उदाहरण के लिए धातु उद्योग को 2002 से 2006 के बीच अनारक्षित किया गया। इसके चलते इस उद्योग में बड़ी कंपनियों की हिस्सेदारी 40 फीसदी से बढ़कर 52 फीसदी हो गई।

उसके बाद 2012 तक इसमें स्थिरता बनी रही और 2020 में इसमें गिरावट आई और यह 40 फीसदी पर आ गई। यह व्यापक रुझान कुछ अन्य उद्योगों में भी ऐसा ही है। उदाहरण के लिए वाहन क्षेत्र। बीते 5-10 वर्षों में कारोबारी हिस्सेदारी में गिरावट इसलिए आई कि कई बड़ी कंपनियां दिवालिया हो गईं, जो फंसे हुए कर्ज में तब्दील हो गया। इस कर्ज के निपटारे के बाद कारोबारी उत्पादन और उसकी कम हिस्सेदारी में सुधार देखने को मिल सकता है।

उदाहरण के लिए 2022 में कारोबारी मुनाफा बढ़कर सात फीसदी हो गया, जबकि 2015 से 2020 के बीच यह औसतन तीन फीसदी था। इसी प्रकार बैंकिंग क्षेत्र का फंसा हुआ कर्ज मार्च 2023 में चार फीसदी था, जबकि कुछ वर्ष पहले वह 11 फीसदी था। ऐसे में कारोबारी निवेश में कमी की वजह क्या है?

निर्यात के मोर्चे पर भी कुछ ऐसा ही हुआ। देश के कुल निर्यात के 55 से 60 फीसदी के लिए कंपनियां जिम्मेदार हैं और इसलिए उनकी प्रतिस्पर्धा भारतीय निर्यात के लिए काफी अहम है। निर्यात की प्रतिस्पर्धा को परखने के लिए हमें निर्यात-गुणज (मल्टीपल) पर नजर डालनी होगी यानी वैश्विक निर्यात की तुलना में भारतीय निर्यात की वृद्धि दर पर। सन 1991 के सुधारों के पहले यह अनुपात प्रायः एक था। 1991 के सुधारों के बाद यह दो हो गया। नतीजतन वैश्विक व्यापार में हमारी हिस्सेदारी 1991 के 0.5 फीसदी से बढ़कर 2020 में 2.1 फीसदी हो गई। हालांकि यह निर्यात गुणज बीते दो दशकों से दो पर स्थिर है, जिससे संकेत मिलता है कि हम विश्व स्तर पर सुधारों के पहले की तुलना में काफी अधिक प्रतिस्पर्धी बने रहे, लेकिन समय के साथ प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ा नहीं है। यही वजह है कि विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है।

कम कारोबारी निवेश के लिए कंपनियों के निवेश न करने को जिम्मेदार ठहराते हुए हमने भारतीय अर्थव्यवस्था में निगमों के आकार के ढांचागत घटक तथा निवेश पर इसके असर की अनदेखी कर दी है। भारतीय अर्थव्यवस्था के फंसे कर्ज की चुनौती से उबरने के बाद समय के साथ जीडीपी में कंपनियों की हिस्सेदारी सुधरने की उम्मीद है। हालांकि शायद इतनी कोशिश से कारोबारी निवेश 2008 के स्तर के आसपास न लौटे, लेकिन अगर कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनना है, तो ऐसे सुधार करने होंगे, जो उन्हें अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा बनाएं।

प्रतिस्पर्धा में यह सुधार कंपनियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करेगा कि वे अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा निवेश करें ताकि वे बाहरी बाजार में अपनी पहुंच बढ़ा सकें। ऐसा करने से वे कारोबारी चक्र में भी बेहतर स्थिति में आयेंगी।

# मुंद्रा पोर्ट : कैसे एक मछुआरों का गांव बड़ा पोर्ट बन गया

**विनायक चटर्जी**

**वर्ष** 1990 की शुरुआत में अहमदाबाद के एक बड़े और सफल गुजराती कारोबारी समुद्र किनारे बसे मछुआरों के गांव मुंद्रा में टहल रहे थे। नमक मिश्रित दलदली भूमि से घिरी कच्छ की खाड़ी में उफान मारती लहरों पर छोटी नावें ऊपर-नीचे होती गुजर रही थीं। हर बाधा को धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए पार कर लिया। अब 2023 में मुंद्रा पोर्ट 25 साल का हो गया है। साल दर साल यह तेजी से विकसित होता गया और आज 2.60 करोड़ टन क्षमता के साथ विश्व के सबसे बड़े पोर्ट के रूप में उभरा है।

वर्ष 2022-23 में इस पोर्ट पर भारत के लगभग 11 फीसदी समुद्री कार्गो की आवाजाही रही। इस समय यह देश के 33 प्रतिशत कंटेनर परिवहन का गेटवे कहा जा सकता है। आज राज्य और राष्ट्रीय राजस्व में इस पोर्ट की 2.25 लाख करोड़ रुपये से अ?धिक हिस्सेदारी है। इसने 75 करोड़ से अ?धिक श्रम दिवसों का रोजगार उत्पन्न किया है। अदाणी फाउंडेशन के अंतर्गत सामाजिक पहल के जरिये भी मुंद्रा पोर्ट के आसपास के 61 गांवों में रहने वाले लाखों लोगों की जिंदगी में बदलाव आया है।

ऐसे में जब विशेषतौर पर भारत के अविश्वसनीय बुनियादी ढांचागत क्षेत्र में उद्यमशीलता का शानदार जश्न मनाया जाना चाहिए, वे निर्णय और पहल परस्पर विचार के मुद्दे हैं, जिन्होंने इन अभूतपूर्व उपलब्धियों को हकीकत बनाया। इसके प्रेरक कारक संभवतः नीचे दी गई नौ रणनीतियों के समवर्ती प्रभाव में निहित हैं :

**विनियामक मौके को भुनाना :** नौवें दशक के मध्य तक सरकार ने भारत के पत्तनों को निजी निवेश के लिए खोलने का निर्णय ले लिया था, जिसके चलते राज्यों के एका?धिकार का लंबा और तनावपूर्ण दौर खत्म हो गया। भारतीय उद्योगपति इसी तरह बिजली, दूरसंचार, हवाई अड्डे और बैंकिंग जैसे दूसरे क्षेत्रों में उदारीकरण के कदमों का लाभ उठा रहे थे।

वर्ष 1998 में मुंद्रा पोर्ट को गुजरात मैरीटाइम बोर्ड से संचालन की स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार यह भारत के आर्थिक इतिहास का पहला निजी पोर्ट बन गया।

**लक्ष्य के प्रति उत्साह :** कॉरपोरेट क्षेत्र में संस्कृति पर विशेष जोर दिया जाता है। उसके बाद प्रबंधन टीम को पूरे समर्पण और जुनून के साथ काम करने की छूट दी जाती है, जैसा कि मलय महादेविया के नेतृत्व के मामले में उदाहरण दिया जाता है। आज के दिन तक वही जुनून दिखता है।

**साहसी निर्णय :** शुरुआती वर्षों में ऐसी आशंकाएं उभर रही थीं कि सफल सरकारी स्वामित्व वाले कांडला पोर्ट के मुकाबले क्या मुंद्रा पोर्ट अपने दम पर कामयाब हो सकता है। ऐसे में उसे साहस के साथ अपनी तगड़ी उपस्थिति दर्ज कराने की जरूरत थी और उसने ऐसा ही किया भी। सभी मौसमों में विश्वभर के विशाल कार्गो जहाजों को संभालने में सक्षम इस पोर्ट पर शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय मालवाहक जहाजों का आना-जाना शुरू हो गया। शुरुआत में ही टग, ड्रेजर, क्रेन और निकासी क्षमताओं जैसे श्रेष्ठ बुनियादी ढांचे ने इस पोर्ट की प्रतिबद्ध संचालन की छवि गढ़ने में मदद की।

**विविधतापूर्ण कार्गो बेस :** कोयले, लौह अयस्क या पेट्रोलियम आदि कुछ ही वस्तुओं पर निर्भर अपने समकक्ष कुछ पूर्वी पत्तनों से उलट मुंद्रा पोर्ट पर बहु कार्गो सुविधाएं विकसित की गईं। आज यह उर्वरक, कृषि उत्पाद, खनिज, स्टील और कोयला जैसी सभी वस्तुओं के परिवहन को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है। यह पोर्ट कच्चे तेल के विशाल वैगनों को उतारने-चढ़ाने में सक्षम है।

यहां इसकी पाइपलाइन का नेटवर्क और भंडारण सुविधाएं वनस्पति तेल और रसायन समेत सभी प्रकार के तरल कार्गो को संभाल सकता है। यहां पर वाहन निर्यात के लिए रोल ऑन-रोल ऑफ सुविधा भी स्थापित की गई है। ये सभी सुविधाएं इसे देश का सबसे बड़ा कंटेनर ट्रैफिक संभालने वाला पोर्ट बनाती हैं।

**परिचालन दक्षता और श्रेष्ठ सेवा :** शिपिंग लाइनें, फ्रेट फॉरवर्डर और कार्गो एजेंट मुद्रा पोर्ट की लक्षित मार्केटिंग, कस्टम मूल्य निर्धारण अनुबंध, ग्राहकों से संपर्क की आक्रमक रणनीति और लॉजिस्टिक क्षेत्र में सक्रिय सभी एजेंसियों के साथ मजबूत नेटवर्क के बारे में बात करते हैं। इसकी तेज कार्गो निकासी व्यवस्था और न्यूनतम वापसी समय जैसी कार्यप्रणाली को काफी सराहा जाता है। यही नहीं, पायलटिंग, बर्थेज और बंकरिंग जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए सुचारु सिंगल-विंडो व्यवस्था के बारे में भी सकारात्मक धारणा है। मुंद्रा पोर्ट की इस सेवा को सभी प्रतिस्पर्धी बंदरगाहों की तुलना में स्पष्ट रूप से बेहतर माना जाता है।

**विकास का जमींदारी मॉडल :** बुनियादी क्षेत्र के छात्र प्रायः मुंद्रा पोर्ट उल्लेखनीय के विकास के जमींदारी मॉडल का हवाला देते हैं। यह पोर्ट के मामले में अग्रणी निवेश की ओर संदर्भित करता है, जो बाद में ढांचागत निवेश को बढ़ाता है। मुंद्रा पोर्ट के मामले में यह मॉडल भारत के दो सबसे बड़े कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों, एक विशेष आर्थिक जोन (एसईजेड) और विनिर्माण, उपयोगिता और सामाजिक बुनियादी ढांचे की श्रृखंला के विकास में स्पष्ट दिखा है।

# इस दशक तक दोगुनी हो जायेंगी ऊर्जा जरूरतें, 2047 तक 40 ट्रिलियन डॉलर होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : मुकेश अंबानी

**भारत** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उर्जा उपभोक्ता है। इसकी उर्जा जरूरतें इस दशक के अंत तक दोगुनी हो जाएंगी, क्योंकि यह आर्थिक विकास के एक अभूतपूर्व दौर का गवाह बन रहा है। यह बात देश के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने शनिवार को कही। पंडित दीनदयाल उर्जा विश्वविद्यालय (पीडीईयू) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए अंबानी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक मौजूदा 3.5 ट्रिलियल अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की हो जाएगी। उन्होंने कहा, इस विकास को गति देने के लिए भारी मात्रा में (स्वच्छ, हरित उर्जा) उर्जा की जरूरत होगी। अरबपति कारोबारी ने कहा, भारत की उर्जा जरूरत इस दशक के अंत तक दोगुनी होने वाली है। अंबानी अपने सबसे बड़े जीवाश्म-ईंधन प्रधान समूह को स्वच्छ उर्चा की ओर मोड़ रहे हैं। नए उर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए वह गीगा कारखानों में अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं, ताकि नवीकरणीय उर्जा और हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया जा सके। दीक्षांत समारोह में उन्होंने आगे कहा कि अगले पच्चीस वर्षों में भारत आर्थिक विकास का एक अभूतपूर्व विस्फोट देखेगा और यह एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ कल की कल्पना को हकीकत में बदलने के लिए कठिन घड़ी है।

उन्होंने कहा, भारत अपने उर्जा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक मजबूत उरजा बुनियादी ढांचा तैयार करने की दौड़ में हैं। ऐसे में उसके सामने तीन महत्वपूर्ण सवाल हैं। पहला, यह कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है कि भारत के हर नागरिक को आर्थिक गतिविधि के लिए सबसे किफायती और पर्याप्त उर्जा तक पहुंच प्राप्त हो? दूसरा, यह जीवाश्म ईंधन आधारित उर्जा से स्वच्छ और हरित उर्जा में तेजी से कैसे परिवर्तित हो सकता है? तीसरा, यह अस्थिर बाहरी वातावरण से अपनी तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था की बढ़ती जरूरतों को कैसे कम कर सकता है?

उन्होंने कहा कि भारत को हरित, सतत और समावेशी विकास के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनाने के लिए ऊर्जा संक्रमण (ट्रांजिशन) सबसे महत्वपूर्ण कारक बन गया है। उन्होंने भारत में इस समस्या से निपटने के लिए स्मार्ट और टिकाऊ समाधान विकसित करने का भरोसा जताया और कहा कि यह संभव होगा अगर बेहद प्रतिभाशाली युवा मन में जलवायु संकट से निपटने की ठान लें। उन्होंने कहा, 'वे (प्रतिभाशाली युवा) न केवल एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत, बल्कि एक सुरक्षित और स्वस्थ ग्रह बनाने के लिए महत्वपूर्ण ऊर्जा समाधान तैयार करेंगे।'

## सेबी को फटकार

बंबई उच्च न्यायालय ने अदालत के आदेश का पालन नहीं के मामले में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) को फटकार लगाई है। अदालत ने शुक्रवार को कहा कि सेबी को जनहित में काम करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने कहा कि सेबी के इस तरह के रुख से निवेशकों के विश्वास को झटका बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश का पालन नहीं करने पर सेबी को फटकारा, कहा- इससे निवेशकों का भरोसा घटेगा। अदालत ने शुक्रवार को कहा कि सेबी को जनहित में काम करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने कहा कि सेबी के इस तरह के रुख से निवेशकों के विश्वास को झटका लगेगा। बंबई उच्च न्यायालय ने अदालत के आदेश का पालन नहीं के मामले में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) को फटकार लगाई है। अदालत ने शुक्रवार को कहा कि सेबी को जनहित में काम करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने कहा कि सेबी के इस तरह के रुख से निवेशकों के विश्वास को झटका लगेगा। उच्च न्यायालय ने अक्टूबर में सेबी को निर्देश दिया था कि वह एक कंपनी के माइनॉरिटी शेयरधारकों को कुछ जांच दस्तावेज मुहैया कराए। कंपनी और सेबी ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसने नवंबर में अपील खारिज कर दी।

याचिकाकर्ता भारत निधि लिमिटेड के माइनॉरिटी शेयरधारक हैं और उन्होंने कंपनी पर प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सेबी से कई शिकायतें की थीं। सेबी ने तब इसकी जांच शुरू की थी, कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और बाद में एक निपटान आदेश पारित किया था, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी अपील में दावा किया था कि उन्हें न तो जांच रिपोर्ट और न ही कोई प्रासंगिक दस्तावेज प्रदान किए गए। याचिकाकताओं ने आरोप लगाया कि सेबी द्वारा की जा रही जांच एक तमाशा है। सेबी ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय को बताया कि चूंकि निपटान आदेश रद्द कर दिया गया है, इसलिए मौजूदा याचिकाओं में कुछ भी नहीं बचा है।

# भारतीयों के लिए अधिक जीवंत बने पर्यटन क्षेत्र

**श्रीलंका,** थाईलैंड और मलेशिया ने पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करने के वास्ते भारतीयों के लिए वीजा की आवश्यकता समाप्त कर दी है। ऐसी खबरें हैं कि वियतनाम भी ऐसी ही नीति शुरू करने पर विचार कर रहा है। थाईलैंड अपने पूर्वी आर्थिक गलियारे में भारतीय नागरिकों के लिए 10 वर्ष की अवधि का निवेशक वीजा शुरू कर सकता है। इन देशों के निर्णयों से लगता है कि वे भारतीय पर्यटकों को अधिक महत्त्व दे रहे हैं।

भारतीय सैलानी कोविड महामारी के बाद आर्थिक सुधार में इन देशों के पर्यटन क्षेत्र की मदद कर रहे हैं। यात्रा वीजा मुक्त किए जाने से कई तरह की झंझट समाप्त हो जायेंगी और इसका परिणाम यह होगा कि पर्यटकों की आमद बढ़ जायेगी। चीन से आने वाले पर्यटकों की संख्या कम होने के बाद दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों ने भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। श्रीलंका सरकार का इस संबंध में उठाया गया कदम आवश्यकता से अधिक जुड़ा हुआ है। वहां की सरकार ऋण के बोझ से कराह रही अर्थव्यवस्था को उबारना चाहती है। ऑस्ट्रेलिया और रूस ने भी वीजा संबंधित प्रक्रियाएं सरल बना दी हैं।

इन देशों ने अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ई-वीजा की शुरुआत की है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और भारतीयों में विदेश यात्रा की ललक भी बढ़ती जा रही है। भारत से बड़ी संख्या में लोग घूमने या अन्य कार्यों के लिए विदेश जा रहे हैं। एक अंतरराष्ट्रीय सलाहकार संस्था के अनुमान में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक भारत विदेश यात्रा पर खर्च करने वाला चौथा सबसे बड़ा देश बन जायेगा। भारत के लोगों में विदेश यात्रा के प्रति अति उत्साह



के कई कारण हो सकते हैं। कोविड महामारी के बाद वैश्विक स्तर पर सीमाएं खुलने के बाद लोग विदेश यात्रा करने की अपनी इच्छा जमकर भुना रहे हैं। यह सबसे महत्त्वपूर्ण कारण माना जा सकता है।

भारत में आबादी का स्वरूप भी एक बड़ा कारण रहा है। युवा लोगों में विदेश यात्रा करने की ललक अधिक बढ़ रही है। कुछ खंडों में भारतीय उपभोक्ता बाजार का बढ़ता आकार संकेत दे रहा है कि ऐसे भारतीय परिवारों की संख्या बढ़ी है जो घूमने-फिरने एवं मनोरंजन पर अधिक खर्च करने की क्षमता रखने लगे हैं। वर्ष 2019 में यात्रा एवं पर्यटन पर लगभग 15 करोड़ डॉलर खर्च हुए थे और अनुमान है कि 2030 तक यह बढ़कर 410 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। भारतीयों ने वर्ष 2022-23 के दौरान व्यक्तिगत यात्राओं पर 21 अरब डॉलर खर्च किये।

यह आंकड़ा वर्ष 2021-22 की तुलना में 90 प्रतिशत अधिक है। यूरोपीय संघ के शेनगन और अमेरिका के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी होने से दक्षिण-पूर्व एशियाई देश भारतीयों के लिए घूमने-फिरने के आकर्षक केंद्र बनते जा रहे हैं। इस बीच, भारत सरकार स्थानीय स्तर पर पर्यटन की संभावनाएं बढ़ाने पर ध्यान दे रही है जो स्वागत योग्य कदम है। वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में पर्यटन के लिए 2,400 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह राशि 18.24 प्रतिशत अधिक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की नवीनतम कड़ी में देश के नागरिकों से विदेश में विवाह समारोह आयोजित करने से बचने का आग्रह किया है। सरकार ने हाल में एक अभियान की शुरूआत की जिसमें भारत को विवाह समारोह आयोजित करने के विशिष्ट स्थान के रूप में दिखाया गया है। पर्यटन उद्योग में श्रम की अधिक आवश्यकता पड़ती है, इसलिए इसमें बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होने की अपार संभावनाएं हैं। इस दृष्टिकोण से भारतीयों के विदेश यात्रा करने की तरफ बढ़ते रुझान को स्थानीय स्तर पर संभावनाओं के नुकसान के रूप में देखा जा सकता है।

भारत में एक जीवंत पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए सरकार के सभी स्तरों पर प्रयास की आवश्यकता होगी। केंद्र सरकार, राज्यों और स्थानीय निकायों को देश में पर्यटन केंद्र विकसित करने के लिए साथ मिलकर काम करना होगा। इसके लिए सरकार को आधारभूत ढांचे में निवेश करने के साथ स्थानीय एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के वास्ते सुविधाएं विकसित करनी होंगी। विदेशी पर्यटकों को रिझाने के लिए वीजा नीति उदार बनाने से निकट अवधि में उनकी आमद बढ़ जाएगी। परंतु ऐसा करते समय भारत को सतर्क रहने की भी आवश्यकता है। उसे अल्प अवधि में बड़ी संख्या में वीजा निर्गत करने के लिए एक ठोस प्रशासनिक ढांचा तैयार करना होगा। वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद विदेशी नागरिकों के टिके रहने, तस्करी, अनियमित पलायन और वीजा मुक्त देशों से आश्रय आवेदनों से जुड़े मामलों से भी भारत को निपटना होगा।

## स्पीड न्यूज

### एसपी व एएसपी ने किया बिमरला व दिरगांव पंचायत में बूथों का निरीक्षण



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, एएसपी अभियान मनीष कुमार व थाना प्रभारी घाघरा ने आगामी लोकसभा चुनाव को देख बिमरला और दिरगांव पंचायत के बूथों का निरीक्षण किया और कुरुमगढ़ थाना अंतर्गत बामदा पिकेट का निरीक्षण कर जवानों को जरूरी निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि बूथों का निरीक्षण का उद्देश्य बूथों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेना और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करना है। संवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर वहां की परिस्थिति जानी जा रही है। कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाला है। जिसकी तैयारी आरंभ कर दी गयी है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**गुमला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 9 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत सिविल कोर्ट गुमला में लगेगी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला संजय चांधरियावी ने बताया कि इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है तथा वादों के त्वरित निपटारा के लिए दस बेंच गठित किये गये हैं। जिसमें न्यायिक पदाधिकारी विभिन्न सुलहनीय मामलों का निपटारा करेंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय प्रकृति के सभी मामले, बैंक, बिजली, परिवारिक विवाद, भरण पोषण, चेक बाउंस, वन विभाग, उत्पाद विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामले निष्पादित होंगे। ज्ञात हो कि कुटुंब न्यायालय में लंबित पारिवारिक विवादों के त्वरित निष्पादन के लिए 11 से लेकर 15 दिसंबर तक विशेष मध्यस्थता ड्राइव शुरू होगा। जिसका लाभ पक्षकार उठाकर अपने पारिवारिक विवादों का निपटारा त्वरित गति से कर सकेंगे।

### अब देश भर के विद्यार्थी करायेंगे मात्स्यिकी विज्ञान कॉलेज में नामांकन

**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला में इस वर्ष से देश के अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के नामांकन की शुरुआत हो गयी है। इस महाविद्यालय को आईकार के द्वारा मान्यता प्राप्त है। अब तक महाविद्यालय में सिर्फ झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा द्वारा छात्रों को दाखिला मिलता था। परंतु आईकार से मान्यता प्राप्त होने के पश्चात यहां देश के अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी नामांकन प्राप्त कर सकते हैं। इस महाविद्यालय में आईकार के कुल 6 सीट हैं। राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगी परीक्षा द्वारा 6 विद्यार्थी इस महाविद्यालय में नामांकन ले सकते हैं। बिहार एवं ओडिशा से विद्यार्थियों ने इस महाविद्यालय में नामांकन लेना शुरू कर दिया है। इन विद्यार्थियों के नामांकन से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी कप्रतिस्पर्धा के बढ़ने से विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर और अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं कि इस महाविद्यालय से अब तक तीन सत्रों से कुल 16 विद्यार्थियों ने केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में नामांकन हेतु चयनित हुए हैं। इस तरह बहुत ही कम दिनों में मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला देश के चुनिन्दा मात्स्यिकी महाविद्यालयों की श्रेणी में आ गया है।

### ऑर्किड सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल ने किया हर्निया मैनेजमेंट सीएमई आयोजित



**गुमला।** ऑर्किड सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल ने शुक्रवार को सिसई रोड स्थित होटल सभेकर में कॉम्पलेक्स हार्निया व हर्निया मैनेजमेंट सीएमई का आयोजन किया। जिसमें वक्ता के रूप में सीएमई आर्किड अस्पताल के जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ रंजन कुमार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। डॉ रंजन ने कहा कॉम्पलेक्स हार्निया व हर्निया मैनेजमेंट पर अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान चिकित्सकों ने उनसे सवाल पूछे। इस दौरान दिन प्रतिदिन चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे विकास पर चर्चा की। डॉ. रंजन ने लोगों को हार्निया के प्रारंभिक लक्षण व उसके उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आर्किड अस्पताल में बिना चीर फाड़ के हार्निया का ऑपरेशन लैप्रोस्कोपिक सर्जरी द्वारा किया जा रहा है। वहीं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी। मौके पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनूपम किशोर, आकाश वर्मा व श्याम कुमार मौजूद थे।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें लोहरदगा जिला में पानी में डूबने से मृत 10 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की अनुशंसा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गयी। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना से मृत 04 व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी गयी। अतिवृष्टि से आंशिक/पूर्ण मकान क्षति के 25 लाभुकों को मुआवजा हेतु स्वीकृति दी गयी। वज्रपात से मृत 02 व्यक्तियों और 10 पशुओं के आश्रितों को मुआवजा की स्वीकृति दी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, डीएसपी मुख्यालय प्रमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### हिंडालको ने मुरी पंचायत भवन में लगाया नेत्र जांच शिविर

**मुरी।** हिंडालको सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित मुरी पश्चिम पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का बीडीओ रेणु बाला ने फीता काट कर उद्घाटन किया। फिर बीडीओ के साथ मुरी पश्चिम के जिला परिषद लक्ष्मी देवीए हिंडाल्को के एचआर विभाग के हेड अरुण राय, सीएसआर अनिल सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, श्याम कुमार गुप्ता, संदीप कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर डॉक्टर निरंजन चौधरी के नेतृत्व में शंकर नेत्रालय के डॉक्टरों की टीम ने प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कौशिक अधिकारी और गौतम सरकार द्वारा 225 मरीजों के आंखों की जांच किये। डॉ निलंजन चौधरी ने बताया है कि सबसे ज्यादा मरीज चश्मा वाले एमोतियाबिंद, आंखों से पानी आना का जांच किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के भारत सिंह ने किया।

# गुमला जिले में हुआ दो दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ

- संदेश भेज सीएम ने कहा- साहित्यकारों को जन्म देने वाली गुमला की धरती में साहित्य प्रेम की एक गहरी परंपरा
- कार्यक्रम के दौरान गेस्ट स्पीकर्स ने साझा किये अपने विचार

**खबर मन्त्र संवाददाता**






पुस्तक मेला में जानकारी साझा करते पुलिस अधीक्षक और कार्यक्रम में शामिल लोग।

**गुमला।** गुमला प्रशासन की पहल से झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रथम पुस्तक मेले का जिले में आज शुभारंभ किया गया। सभी अधिकारियों एवं गेस्ट्स के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के द्वारा भेजे गये संदेश को पढ़ कर किया गया।

मुख्यमंत्री के संदेश को उपायुक्त ने पढ़ा जिसमें लिखा था कि सभी गुमला वासियों को मेरी शुभकामनाएं। मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि सांस्कृतिक नगरी गुमला में पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। अनेक सुप्रसिद्ध साहित्यकारों को जन्म देने वाली इस पावन नगरी में साहित्य प्रेम की एक गहरी परंपरा रही है। जिसकी एक वानगी यह है कि यहां हमारी बहनों को अनन्य रूप से समर्पित जिले का पहला सावित्री बाई फुले महिला पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है।

इतना ही नहीं, जिले के सभी 12 प्रखंडों में से 10 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय तथा 100 से भी अधिक पंचायतों में पंचायत पुस्तकालयों के सफलतापूर्वक संचालन ने यहां की चिंतन परम्परा को और भी आगे वढाने का कार्य किया है। पुस्तक मेले में ख्यातिप्राप्त लेखकों, साहित्यकारों की मौजूदगी तथा उनके विचार से निश्चित ही प्रतिभागियों के चिंतन को एक नया आयाम मिलेगा।

साथ ही छोटानागपुर की समृद्ध भाषा, संस्कृति तथा कर्मठ समाज को राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिलेगी। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागी इसकी गंभीरता तथा प्रशासन के इस संवेदनशील प्रयास में भागीदार बनेंगे और स्थानीय आपाओं तथा साहित्य की एक समृद्ध परंपरा को एक नया आयाम देंगे।

### झारखंड के लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप ने किताबों को अपना दोस्त बनाने की दी सलाह

कार्यक्रम के पहले सत्र में स्पीकर गेस्ट झारखंड के लाइब्रेरी मैन श्री संजय कच्छप द्वारा लाइब्रेरी निर्माण से संबंधित उनके योगदान के बारे में परिचर्चा की। इस दौरान उनके साथ मंच पर श्री यदुवंश प्रणय मौजूद रहें। जिनके द्वारा श्री संजय कच्छप के जीवनी एवं उनके विचारों से संबंधित प्रश्न किए गए। श्री संजय कच्छप ने बताया कि किताबे पढ़ने की प्रबल इच्छा ने उन्हें लाइब्रेरी मैन बनाया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में पढ़ाई के प्रति लगाव को जागृत करना ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति के खराब होने के बावजूद दृढ़ इच्छा ने उन्हें इस कार्य को करने के लिए प्रेरित किया। वे सभी को किताबों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हैं, कहा कि अच्छी किताबों के अध्ययन से जीवन को सकारात्मक दिशा मिलता है। उन्होंने सभी को स्कूल एवं कॉलेज के बाद पुस्तकों को अपना दोस्त बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में गेस्ट स्पीकर श्री महादेव टोप्पो एवं पार्वती तिर्की के बीच मंच पर संवाद हुआ। कार्यक्रम के तीसरे चरण में श्रीमती छूटनी महतो ने जिले के पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह के साथ मंच साझा कर डायन बिसाही से संबंधित अपने संघर्षों को साझा किया।

## 40 करोड़ राजस्व देने वाला खनन विभाग एक अधिकारी के भरोसे

# चपरासी से लेकर कर्मी की जिम्मेवारी उठा रहे अधिकारी

**रोशन शाहदेव**

**लोहरदगा।** जिले में सबसे ज्यादा सरकारी राजस्व वसूली करने वाला विभाग खुद बदहाल व्यवस्था का शिकार है। सालाना लगभग 40 करोड़ रुपये राजस्व वसूली की जिम्मा संभालने वाले इस विभाग का कामकाज मात्र एक अधिकारी के भरोसे है। सहज अंदाजा लगा सकते हैं उस अधिकारी की हालत और हालात क्या होगी।



जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद।

इस विभाग में न तो कोई चपरासी है नहीं कोई किरानी और बड़ा बाबू। करोड़ों के राजस्व वसूलने की जिम्मेवारी निभा रहे विभाग के इकलौते अधिकारी का क्या हाल होता होगा? ऊपर से अवैध खनन रोकने के लिए छापामारी, पुलिस थाना में मामला दर्ज कराने से लेकर चालान समेत कई सरकारी कागजी कार्रवाई की जिम्मेवारी अकेले निभाना कितना मुश्किल होता होगा? वहीं विभाग में कर्मियों की कमी से इस विभाग में काम कराने पहुंचे लोगो को भी परेशानी उठानी पड़ती है। इस साल भी विभाग को 42.68 करोड़ राजस्व वसूली का टारगेट है जिसमें से करीब 15.10 करोड़ वसूली हो चुकी है। विभाग को अकेले चलाने की जिम्मेवारी निभा रहे इस अधिकारी दर्द खुद बयां नहीं कर पा रहे हैं। ये अधिकारी कभी अवैध बालू, पत्थर, ईंट भट्ठा में छापेमारी करते हैं, तो कभी बॉक्साइड माइंस का लीज नवीकरण। साथ ही अवैध माइनिंग की जांच करते-करते उनकी सांस फूल रही होती है। लेकिन उपाय भी कुछ नहीं है। ऊपर से ऑफिस पहुंचने पर सरकारी फाइल निपटाना, चालान जारी करना समेत कई कार्य उन्हें खुद अकेले करना पड़ता है। अब सवाल उठता है कि आखिर ये व्यवस्था कब बदलेगी? कब इस विभाग में कर्मियों की कमी दूर होगी, जिससे विभाग सुचारू रूप से कार्य कर सके।

जी हां, हम बात कर रहे हैं जिला खनन विभाग की। यह विभाग पिछले साल 34.78 करोड़ राजस्व वसूली की थी। जो सबसे ज्यादा राजस्व वसूली का रिकॉर्ड है। फिर भी इस विभाग के पास मात्र एक जिला खनन सह सहायक पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के सहारे चल रहा है।

# प्रखंड सहायक अध्यापक समन्वय समिति की बैठक में तय हुई आंदोलन की रूपरेखा

## 19 को करेंगे झारखंड विधानसभा का घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड सहायक अध्यापक समन्वय समिति की बैठक अंबिका प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बीआरसी भवन के समक्ष आयोजित किया गया। जिसमें हेमंत सरकार वादा पूरा करो के तहत आंदोलन की रणनीति बनाई गई। जिसमें मुख्य रूप 10 दिसंबर को पल्स 2 नदिया हिंदू विद्यालय लोहरदगा एवम 19 दिसंबर को विधानसभा घेराव कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों को आग्रह किया गया, साथ ही सरकार की 4 साल पूर्ण होने पर 26 दिसंबर को यदि सरकार स्थाई करने एवं वेतनमान सहित अन्य मांगों पर स्वानुभूति पूर्वक विचार नहीं करती है तो मुख्यमंत्री झारखंड सरकार का अनिश्चितकालीन घेराव किया जायेगा। इनकी मांगे है झारखंड के सभी 62000 सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाए, सहायक अध्यापकों का सेवाकालीन उम्र 65 वर्ष किया जाये। इपीएफ एवं कल्याण कोर्स का लाभ अभिलंब दिया जाय। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लालू उमाशंकर नाथ शाहदेव, प्रखंड सचिव सोहराय उरांव, बसंती कुजूर, सुनीता खालको, सुमित्रा कुमारी प्रमिला भगत, अंजू, सुनीता आभा बालमुचू, अमृत कुमारी, सुरेश्वर उरांव, बिरिया, रामकिशन राम महली, राजेश लकड़ा, बिरिया, सहदेव भी थे।



बैठक में शामिल शिक्षक।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने बैठक में की कई मुद्दों पर हुई जोरदार चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड बस्ती मे स्थित जिलापरिषद डाक बंगला में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के निर्देश पर झामुमो प्रखंड समिति की एक बैठक हुई। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष तिवारी भगत मौजूद रहे। मौके पर झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीम टोप्पो, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी, संगठन सचिव तैयब खान, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्यामनंदन लोहरा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड समिति के अध्यक्ष परवेज अंसारी ने की। संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नसीम मिरदाहा ने किया। जिला उपाध्यक्ष ने सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सचिव को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। सदस्यता ग्रहण के लिए ज्यादा लोगों को जागरूक करने तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करें।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा लोकतंत्र में ईवीएम की विश्वसनीयता में किसी भी प्रकार का संदेह न रहे, इसे निमित्त वेयर हाउस जहां ईवीएम रखी जाती है, समय-समय पर उसकी रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

### एचडीएफसी बैंक और मारवाड़ी युवा मंच गुमला ने गुमला में लगाया रक्तदान शिविर




**गुमला।** एचडीएफसी बैंक एवं मारवाड़ी युवा मंच गुमला ने शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविचर में चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीआरओ प्रणय कुमार, रक्तकोष प्रभारी राकेश सिंह, सुमित सिंह, सुजीत गुप्ता, बंधन लोहारा, सुकलाल लोहारा, मंजीत तिर्की, अर्जुन नायक, संगीता कुजूर लैब टेक्नीशियन, ईवाम महोली, रमेश साबू, प्रवीण उरांव ने रक्तदान किया। रोहित खंडेवाल का कहना है कि जो अन्न दे व अन्नदाता जो धन दे वह धनदाता जो विद्या दे वह विद्यादाता और जो रक्त दे वह रक्तदाता कहलाता है। सभी व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिससे कई लाभ है। इस मौके पर प्रभारी चिकिसा पदाधिकारी डीआर जेके सिंह, एचडीएफसी बैंक मैनेजर संतोष कुमार, मंजू किंडो लैब टेक्नीशियन, यशराज सिंह उपस्थित थे।

### खेत से ईख तोड़ना पड़ा भारी, किसान ने टांगी से मार कर किया गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर



**भंडरा।** थाना के सीमांत पुसो थाना क्षेत्र अंतर्गत अरको पतरा टोली के समीप खेत से युवक को गन्ना चोरी करना महंगा पड़ गया है। खेत से गन्ना चोरी करते देख खेत मालिक ने युवक को कुल्हाड़ी से मार घायल कर दिया। इससे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा व पुसो थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने तत्काल घटनास्थल पहुंच घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां डाक्टर ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया है। घायल युवक की पहचान गुमला जिले घाघरा थाना क्षेत्र के सिरकोट गांव निवासी तपेश्वर सिंह के पुत्र शिव कुमार सिंह (30 वर्ष) के रुप में हुई है। जो फिलहाल अपनी पत्नी के साथ भंडरा के नौडीहा चौक में किराए के मकान में रहता है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि शिवकुमार सिंह अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से सिसई–मलंगटोली मुख्य पथ होते हुए भंडरा आ रहा था। तभी खेत में गन्ना लगा हुआ देख गन्ना तोड़ने लगा। इसी दौरान खेत मालिक भंडरा थाना क्षेत्र के बुची टोली गांव निवासी गौरी शंकर उरांव की नजर पड़ी। इसी पर गौरी शंकर ने गन्ना चोर कहते हुए कुल्हाड़ी से उसके सिर में वार कर दिया। इससे युवक शिवकुमार सिंह की हालत गंभीर हो गयी है।

## आदिवासी समाज ने उपायुक्त से करम पेड़ बचाने की लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के जोरी गांव के आदिवासी समाज ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर आदिवासी समाज के आराध्य देव कर्म पेड़ की रक्षा करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है की ग्राम जोरी में स्थित मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान का घेरा के अंदर आदिवासी समाज का आराध्य देव के रूप में करम पेड़ है। जिसकी पूजा समाज द्वारा पुरखों के दौर से की जा रही है। 2005 को कब्रिस्तान घेराव के दौरान इस पेड़ को जबरजस्ती अंदर लिया गया। 8 दिसंबर को ग्रामीणों ने देखा की करम पेड़ को 2 फिट नीचे से छिल दिया गया जो एक साजिश प्रतीत होता है छिलने से पेड़ सुख कर मर जायेगा।

### प्रशिक्षुओं का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**सिकिदिरी।** जसपुरिया बीएड कॉलेज के 2022-24 बैच के 70 प्रशिक्षुओं का एक दल शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण पर नैनीताल रवाना हुआ। प्रशिक्षु हनुमान गढ़ी नैनी लेकए कैंची धाम रानीखेतए कौसानी आदि स्थानों का भ्रमण करेंगे। प्रशिक्षिका विभा कुमारी निदेशक शालिनी प्रिया व संजय पटेल टीम के नेतृत्व में गए दल को कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराना है।

## ठंड से बचाव के लिए चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की मांग

- गुमला जिला में अचानक तापमान में गिरावट आने से ठंड का प्रभाव बढ़ गया है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए चेंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार ने गुमला जिला प्रशासन से शहरी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था अविलंब कराने की मांग की है। श्री कुमार ने कहा कि गुमला जिला में अचानक तापमान में गिरावट आने से ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। दिन भर शीत लहरी चल रहा है। शहर के चौक-चौराहों में अलाव की व्यवस्था होने से राहगीर व मानसिक रोगियों को अपनी जीवन रक्षा में सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि शहर में कई मानसिक रोग दिन भर भटकते रहते हैं। जिनके पास किसी भी प्रकार का गर्म वस्त्र नहीं होता है। ऐसी स्थिति में वे अलाव ताप कर ठंड से अपना बचाव करते हैं। उन्होंने शहरी क्षेत्र में कंबल वितरण करने की मांग की है। साथ हर जिले के सभी प्रखंडों के मुख्य चौक-चौराहों में भी अलाव की व्यवस्था यथाशीघ्र करने की मांग की।

## डीपीएस बोकारो की छात्रा आयुषी ने बनाया बायोमेट्रिक सैनिटरी पैड बॉक्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो की सातवीं कक्षा की छात्रा आयुषी ने बायोमेट्रिक तकनीक आधारित एक सैनिटरी पैड बॉक्स का इजाद किया है। इसकी मदद से स्कूली छात्राएं बिना किसी के सामने कुछ बोले और बगैर किसी की मदद के अपनी जरूरत पूरी कर सकती हैं वह भी महज उंगलियों के निशान मात्र से। आधार नंबर और विद्यालय के रिकॉर्ड से जुड़ी इस प्रणाली में छात्राएं अपना फिंगरप्रिंट इस्तेमाल कर अपनी जरूरत के हिसाब से सैनिटरी पैड निकाल सकती हैं। बुद्धिमता के साथ साथ सामाजिक सरोकार से जुड़े इस नवोन्मेषी आविष्कार के लिए आयुषी का चयन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2022-23 में किया गया है। आगामी 15 दिसंबर को रांची में आयोजित इस योजना की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में वह अपने इस नवाचार को प्रस्तुत करेगी। इंस्पायर मानक में जिलास्तरीय चयन के बाद आयुषी को अपना प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए सरकार की ओर से 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी मिली थी। बॉक्स का बायोमेट्रिक सिस्टम स्कूल के डेटाबेस से जुड़ा होगा। यानी पैड लेने वाली छात्रा का पूरा डिटेल स्वतः स्कूल के क्लाउड स्टोरेज में दर्ज हो जाएगा। इसी के आधार पर पैड डोनेशन में विलंब होने पर सीधे मोबाइल पर उसे रिमाइंडर मैसेज मिल सकेगा।

## बीआइटी सिंदरी के प्लेटिनम जुबली पर लेक्चर सीरिज

### नरम मिट्टी पर निर्माण कार्य में होने वाली परेशानी पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के 75 वें वर्षगाँठ के अवसर पर संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सी 51 राजेंद्र प्रसाद हॉल में विभाग द्वारा प्लेटिनम जुबली लेक्चर सीरीज आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईआईटी (बीएचयू) के सहायक प्राध्यापक डॉ सुरेश कुमार रहे। मुख्य अतिथि ने नरम मिट्टी के व्यवहार स्टोन कॉलम के साथ सुदृढ़ करने पर चर्चा किया। उन्होंने नरम मिट्टी पर हो रहे निर्माण में आने वाले तकनीकी असुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए इसके तकनीकी उपचारों का वर्णन किया। कार्यक्रम में एआइ/एमएल प्लेटफार्म के अभियान्त्रिकी निदेशक मोती लाल वत्स ने विश्व में चल रहे तकनीकी विकास में अपने योगदान के बारे में श्रोताओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में आइओसीएल के उप महाप्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर, प्राध्यापक डॉ विक्रमा पाण्डेय, डॉ उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, सह प्राध्यापक डॉ ब्रह्मदेव यादव, सह प्राध्यापक डॉ माया राजनारायण रे, डॉ सुमित कुमार, डॉ कोमल कुमारी, डॉ अभिजित आनंद, प्रो प्रकाश कुमार उरॉव, प्रो इकबाल शेख, प्रो सरोज मीणा एवं प्रो प्रशान्त रंजन मालवीय उपस्थित थे। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आईआईटी आईएसएम धनबाद का स्थापना दिवस समारोह 9 से

**धनबाद।** धनबाद जिले का सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में पहली बार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आगमन 10 दिसम्बर को होने वाला है। आइएसएम में 9 और 10 दिसम्बर को दो दिवसीय समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसमे 9 दिसम्बर को स्थापना दिवस मनाया जायेगा। वही 10 दिसम्बर को 98 दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# कुलकर्णी और मुशीर का ऑलराउंड प्रदर्शन, भारत ने अंडर-19 एशिया कप में अफगानिस्तान को हराया



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अर्शिन कुलकर्णी और मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अंडर-19 एशिया कप में ग्रुप ए के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को हरा दिया है। कुलकर्णी और मुशीर ने क्रमशः तीन और एक विकेट के अलावा बल्लेबाजी के दौरान 75 और 48 रन की पारी खेली। भारत ने राज लिंबानी और अर्शिन कुलकर्णी के तीन-तीन विकेटों की घातक गेंदबाजों की बदौलत अफगानिस्तान को 173 रनों पर ढ़ेर करने के बाद आदर्श सिंह और कुलकर्णी के नेतृत्व में अच्छी शुरूआत की। लेकिन आदर्श 2.5 ओवर में 22 रन पर आउट हो गए। आदर्श ने 14 रन की पारी खेली और बशीर अहमद की गेंद पर मोहम्मद यूनुस जादरान के हाथों कैच आउट हो गए। रूद्र पटेल (5) क्रीज पर जमने की कोशिश कर रहे थे कि खलील अहमद ने 7.1 ओवर में उन्हें नुमान शाह के हाथों कैच आउट करवाकर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इस विकेट के बाद कप्तान उदय सहारन और कुलकर्णी के बीच 44 रन की छोटी साझेदारी हुई जो 19.3 ओवर में टूटी। उदय वहीदुल्लाह जादरान की गेंद पर नुमान शाह के हाथों बोल्ड हुए। इसके बाद मुशीर खान मैदान में आए और कुलकर्णी के साथ जीत दर्ज कर वापस लौटे। इससे पहले भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगनिस्तान की शुरूआत खराब रही और उसने चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर वफीउल्लाह तराखिल 15 रन का विकेट खो दिया। तराखिल को लिम्बानी ने बोल्ड आउट किया। जमशेद जदरान और सोहिल खान ने संभल कर खेलते हुए टीम के स्कोर को 75 रन तक पहुंचा। लेकिन 19 ओवर में सोहिल खान 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद जदरान 43 रन को 23वें ओवर में अभिषेक ने बोल्ड कर अफगानिस्तान को तीसरा झटका दिया। अकरम मोहम्मदजई 20 रन, नुमान शाह 25 रन, मोहम्मद यूनुस ने 26 रन बनाए। कप्तान नसीर खान मारूफखिल पांच रन ही बना सके और खलील अहमद नौ रन बनाकर नाबाद रहे। रहीमुल्लाह जुर्मती, वहीदुल्लाह जादरान और बशीर अहमद शून्य पर आउट हुये। अफगानिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 173 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी। भारत की ओर से राज लिम्बनी और अर्शिन कुलकर्णी ने तीन-तीन विकेट चटकाए। नमन तिवारी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया तथा मुरुगन अभिषेक और मुशीर खान को एक-एक विकेट मिला।

## अंडर 19 एशियाकप में पाकिस्तान ने नेपाल को सात विकेट से हराया

**दुबई।** पाकिस्तान ने लंबू गेंदबाज मोहम्मद जीशान ने छह विकटो और उसके बाद अजान अवैस नाबाद 56 रन और साद बेग की 50 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत शुक्रवार को अंडर 19 एशियाकप में नेपाल को सात विकेटों से हरा दिया है। पाकिस्तान की टीम ने 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 26.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान 153 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान के लिए अवैस ने नाबाद 56 रन,बेग ने 50 रन, शाहजेब खान ने 15 रन और मोहम्मद जीशान ने 20 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज शमील हुसैन शून्य पर आउट हुये।

## इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ वापसी करने उतरेगी भारतीय महिला टीम



एजेंसी

**मुंबई।** पहले मैच में हार से आहत भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीन मैचों की श्रृंखला को अगर जीवंत बनाए रखना है तो उसे इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करके 38 रन से जीत दर्ज की और इस तरह से भारत पर दबदबा बनाए रखा। इससे उसने श्रृंखला में शुरूआती बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की यह भारत के खिलाफ 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 21वीं और भारतीय धरती पर 10 मैच में आठवीं जीत थी। भारतीय टीम पहले मैच में परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल नहीं बिठा पाई थी और इसके अलावा उसने कुछ गलतियां भी की थी जिससे यह मैच एकतरफा बन गया था। सपाट पिच पर गेंदबाजों को खास मदद नहीं मिल रही थी तथा भारत ने चार स्पिनरों का उपयोग किया जिन्होंने कुल मिलाकर 12 ओवर में 121 रन लुटाए। भारत ने बाएं हाथ की दो स्पिनर श्रेयंका पाटिल और सैका इशाक को पदार्पण का मौका दिया लेकिन इन दोनों का अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं था और वे महंगे साबित हुए। यहां तक की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा भी प्रभावित नहीं कर पाई और उन्होंने अपने कोटे के पूरे चार ओवर भी नहीं किए। भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा तथा इंग्लैंड की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने वाली डैनी वाट और नेट साइवर ब्रंट दोनों को जीवनदान मिले, जो भारतीय टीम को महंगे पड़े।

## पूर्व भारतीय गोलकीपर पाल ने लिया संन्यास

**कोलकाता।** भारत के महान गोलकीपरों में से एक सुब्रत पाल ने शुक्रवार को खेल से संन्यास लेने का फैसला किया जिससे उनके 16 साल के करियर का अंत हो गया। एआइएफएफ ने एक्स पर पोस्ट किया- शुक्रिया स्पाइडरमैन। ब्लू टाइगर्स के गोलकीपर ने आज संन्यास ले लिया। पॉल ने 2007 में लेबनान के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में पदार्पण किया था और भारत के लिए 65 मैच खेले। उन्हें दोहा में 2011 एशियाई कप में दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ शानदार गोलकीपिंग के लिए ह्यस्पाइडरमैन' पुकारा जाने लगा जिसमें भारत ने 27 साल के बाद क्वालीफाई किया था। पॉल ने पूरे टूनार्मेंट में 35 से ज्यादा प्रयासों को विफल किया था तब से वह टीम के स्टार खिलाड़ियों में शामिल हो गए। दक्षिण कोरिया ने गोल में 20 शॉट लगाए थे और पॉल ने 16 का बचाव किया था जिसके बाद भारत 1-4 से हार गया था।

## आगामी टी20 विश्व कप पर बोलीं हरमनप्रीत कौर- हमें मौजूदा टीम को तैयार करना होगा

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला के साथ-साथ घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए चुने गए खिलाड़ियों को आगामी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए ज्यादा मौके दिए जाएंगे। भारतीय महिला टीम के लिए यह महीना काफी व्यस्त रहेगा क्योंकि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ दो और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और एक टेस्ट मैच खेलना है। टीम को इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। हरमनप्रीत ने स्पिन गेंदबाजी को भारत की सबसे बड़ी ताकत माना और कहा कि टीम आगामी मैचों में नए खिलाड़ियों को अधिक मौके देगी। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक और मन्नत कश्यप के रूप में तीन नए स्पिनरों को चुना है। हरमनप्रीत ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच से पहले यहां भारत के अभ्यास सत्र के बाद मीडिया से कहा कि इस टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए हमने जो टीम चुनी है, वह वही है जिसे हम आगामी विश्व कप के लिए तैयार करना चाहते हैं। श्रेयंका और साइका दोनों ने बुधवार को खेले गए पहले टी20 मैच में पदार्पण किया। भारतीय टीम इस मैच को 38 रन से हार गयी। कश्यप ने राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने से पहले दोनों देशों के बीच हुए तीन मैचों की ह्यए' श्रृंखला में भाग लिया था। हरमनप्रीत ने कहा कि ॠसाइका और श्रेयंका ने पिछले मैच अच्छा प्रदर्शन किया है। वे सुधार को लेकर काफी आश्वस्त हैं। मैच के बाद हमने उनके साथ आगामी मैचों सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को लेकर चर्चा की है।भारतीय कप्तान ने दोनों के प्रदर्शन को अच्छा करार दिया लेकिन दोनों गेंदबाज इस मुकाबले में काफी महंगे साबित हुए थे।

## फिलिप्स की आक्रामक बल्लेबाजी से रोमांचक हुआ न्यूजीलैंड और बांग्लादेश टेस्ट मैच



एजेंसी

**मीरपुर (बांग्लादेश)।** ग्लेन फिलिप्स की 72 गेंद में 87 रन की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में शुक्रवार को यहां आठ रन की मामूली बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में बांग्लादेश के दो विकेट झटक कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया है। खेल रोके जाने तब बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 38 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे। बांग्लादेश की टीम 30 रन से आगे है और उसके आठ विकेट बचे हुए है। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन की शुरूआत पांच विकेट पर 55 रन से की। फिलिप्स ने सीमित ओवर प्रारूप की शैली में बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए। उन्होंने खासकर हसन के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया और शुरूआती तीन ओवरों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर दबाव को कम किया। फिलिप्स ने इस दौरान डेरिल मिचेल (18) के साथ छठे विकेट के लिए 49 और काइल जैमीसन (20) के साथ आठवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन और बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम और ऑफ स्पिनर नईम हसन ने दो-दो विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में बायें हाथ के स्पिनर एजाज पटेल (13 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में ही महमूदुल हसन (दो रन) को आउट कर अच्छी शुरूआत दिलाई। कप्तान टिम साउदी ने पारी के आठवें ओवर में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांटो (15 रन) को केन विलियमसन के हाथों कैच कर बांग्लादेश को दूसरी सफलता दिलाई। बांग्लादेश ने दो टेस्ट की श्रृंखला का पहला मैच 150 रन से जीता था और उसके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने का मौका है।

## मैक्सवेल चोटिल होकर मुकाबले से बाहर

**मेलबर्न।** मेलबर्न स्टार्स को बिग बैश लीग (बीबीएल) में खराब शुरूआत से वापसी करने की उनकी उम्मीदों को उस समय बड़ा झटका लगा उसके बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल बांह में चोट लगने के कारण पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले अगले मैच से बाहर हो गए हैं। प्रतियोगिता की शुरूआती रात में ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय मैक्सवेल को अपनी बांह में चोट लग गई। इस दौरान मैक्सवेल ने 14 गेंदों में 23 रन बनाये थे। इस मुकाबले में स्टार्स को 103 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मैक्सवेल की अनुपस्थिति से मार्कस स्टोइनिस पर बल्लेबाजी लाइन-अप का नेतृत्व करने की अधिक जिम्मेदारी होगी।

## सड़क हादसे में कबड्डी खिलाड़ी की मौत

**मोगा।** पंजाब के मोगा जिले के मांगेवाला गांव की एक कबड्डी खिलाड़ी की शुक्रवार को एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतका शिनाख्त जसबीर कौर के रूप में की गई है। वह दो माह की गर्भवती थी। हादसे के वक्त वह अपने ससुर रणजीत सिंह के साथ स्कूटी पर तलवंडी भाई में एक कबड्डी टूनार्मेंट में भाग लेने जा रही थी। रास्ते में आगे जा रही मिट्टी से भरी टैक्टर ट्रॉली से आगे निकलते वक्त उसकी स्कूटी अचानक सामने आये एक गढ्डे में गिर गई। इस दौरान दोनों ही नीचे गिर गये लेकिन जसबीर टैक्टर टॉली के टायरों की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## स्टेडियम का नाम 'जनरल रावत स्टेडियम' रखा जायेगा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शुक्रवार को बारामूला में झेलम स्टेडियम जांबाजपोरा का नाम बदलकर दिवंगत पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर रखने की मंजूरी प्रदान की है। एक सरकारी आदेश के अनुसार, बारामूला के जांबाजपोरा स्थित झेलम स्टेडियम का नाम बदलकर जनरल बिपिन रावत स्टेडियम करने की मंजूरी प्रदान की जाती है।

## खेल रत्न पर स्मृति-निकहत समेत 55 का दावा

**नयी दिल्ली।** हांगझोऊ एशियाई खेलों की स्वर्णिम सफलता के बाद नामी खिलाड़ियों ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड पर दावा ठोका है। इस बार बड़ी संख्या में 55 खिलाड़ियों ने खेल रत्न के लिए आवेदन किया है। खेल रत्न के दावेदारों में एशियाड का स्वर्ण जीतने वाली महिला क्रिकेट टीम की सदस्य स्मृति मंधाना, विश्वकप के फाइनल में पहुंचने वाले शतरंज खिलाड़ी आर प्रगनानंदा, मुक्केबाज निकहत जरीन, पैरा एशियाड में स्वर्ण जीतने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना भी शामिल हैं। इस बाद अर्जुन अवॉर्ड के लिए भारतीय क्रिकेटरों ने खास उत्साह दिखाया है। 10 क्रिकेटरों ने इस अवॉर्ड के लिए आवेदन किया है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत जज जस्टिस एएम खानिवल्कर की अगुवाई में 12 सदस्यीय समिति राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं का चयन अगले सप्ताह करने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत जज जस्टिस एएम खानिवल्कर की अगुवाई में 12 सदस्यीय समिति राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं का चयन अगले सप्ताह करने जा रही है। बीते वर्ष खेल रत्न के लिए 45 खिलाड़ियों ने दावा जताया था, इस बार यह संख्या बढ़ी है। खेल रत्न के लिए आवेदन करने वालों में एशियाड में तीन स्वर्ण जीतने वाली तीरंदाज ज्योति सुरेखा, अभिषेक वर्मा, हांगझोऊ में 3000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण जीतने वाले अविनाश साबले, लगातार दूसरे एशियाड का स्वर्ण जीतने वाले तेजिंदर पाल सिंह तूर, शटलर एचएस प्रणय, सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, तलवारबाज भवानी देवी, गोल्फर अदिति अशोक, स्क्वॉश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल, सौरव घोषाल, निशानेबाज मनु भाकर, एशियाड में स्वर्ण जीतने वाली पलक, टोक्यो ओलंपिक के फाइनल में पहुंचे सौरभ चौधरी, टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामानाथन, साकेत मिनेनी, पहलवान दीपक पूनिया, एशियाड का स्वर्ण जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, मंदीप सिंह, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह और सुमित भी शामिल हैं।

## हॉकी इंडिया ने वालेंसिया में होने वाले 5 देशों के टूनार्मेंट के लिए भारतीय महिला टीम घोषित की

**रांची।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले आगामी 5 देशों के टूनार्मेंट के लिए 22 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। भारत टूनार्मेंट में आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम के खिलाफ खेलेगा, जो 13 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले तैयारी के रूप में काम करेगा। शीर्ष गोलकीपर सविता को कप्तान और अनुभवी वंदना कटारिया को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम चयन पर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, हम एक संतुलित, मजबूत टीम के साथ जा रहे हैं। यह टूनार्मेंट खिलाड़ियों को हाल के प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और सभी महत्वपूर्ण एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में जाने के लिए खुद को सही मानसिक स्थिति में रखने के लिए एक आदर्श मंच देता है। उन्होंने कहा, शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ मैच से हमें उन क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी जिनमें टूनार्मेंट से पहले सुधार की जरूरत है और हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।

**5 देशों के टूनार्मेंट 2023 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपरः** सविता (कप्तान), बिच्छू देवी खारिबाम।

**डिफेंडर्स :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, गुरजीत कौर, अक्षता अबासो ढेकाले।

**मिडफील्डर :** निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति, बलजीत कौर।

**फारवर्ड :** ज्योति छेत्री, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया (उप-कप्तान), ब्यूटी डुंगडुंग, शर्मिला देवी।

## महिला जूनियर विश्व कप 2023 के क्लासिफिकेशन मैच में भारत ने कोरिया को 3-1 से हराया



एजेंसी

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को चिली में खेले गए एफआइएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के 9वें-12वें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में कोरिया को 3-1 से हरा दिया। भारत के लिए रोपनी कुमारी (23'), मुमताज खान (44') और अन्नू (46') ने गोल किए, जबकि कोरिया के लिए जियुन चोई (19') ने एकमात्र गोल किया। मैच की शुरूआत में दोनों ही टीमें काफी आक्रामक रहीं। कोरिया ने दबदबा बनाए रखा और पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा सका। भारत ने जवाबी हमलों का विकल्प चुनते हुये, कोरिया के डिफेंस को व्यस्त रखा, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली, जिसके परिणामस्वरूप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में पहले की तरह ही तीव्रता दिखाई दी, जिसमें भारत और कोरिया ने आक्रामक खेल जारी रखा। कोरिया के जियुन चोई (19') ने सटीक पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल कर कोरिया को बढ़त दिला दी, हालांकि 23वें मिनट में रोपनी कुमारी ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल कर भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। तीसरे क्वार्टर में, भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और कोरिया की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा, जिसका लाभ भी टीम को मिला, क्योंकि मुमताज खान (44') ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। बढ़त लेने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम ने अपने हमले तेज कर दिए और खेल के चौथे और अंतिम क्वार्टर की शुरूआत में ही अन्नू (46') के शानदार फील्ड गोल की बदौलत 3-1 बढ़त हासिल की और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही भारत, जो पहले पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने के बाद खिताब की दौड़ से बाहर हो गया था, को टूनार्मेंट में नौवें स्थान पर रहने का मौका मिलेगा जब वे 10 दिसंबर को प्रतियोगिता के अपने आखिरी मैच में चिली या यूएसए से भिड़ेंगे।

## मेसी की अर्जेंटीना ए ग्रुप में, कोलंबिया और पैराग्वे से होगी ब्राजील की टक्कर

**कोपा अमेरिका 2024**

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** दक्षिण अमेरिका के सबसे बड़े टूनार्मेंट कोपा अमेरिका के लिए ड्रॉ जारी कर दिया गया है। अमेरिका में होने वाले इस टूनार्मेंट में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को ग्रुप ए में जगह मिली है। उसकी नजर लगातार दूसरी बार खिताब जीतने पर है। कप्तान लियोनल मेसी और उनकी टीम के पास ग्रुप दौर में ही एक बदला लेने का मौका है। अर्जेंटीना के साथ चिली भी ग्रुप ए में है। उसने 2015 और 2016 कोपा अमेरिका के फाइनल में अर्जेंटीना को हराया था। मेसी इस बार हिसाब बराबर करना चाहेंगे। टूनार्मेंट में 10 दक्षिण अमेरिकी टीमें और कोनकाकैफ क्षेत्र के छह क्वालीफायर शामिल हैं। पिछले साल विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना की टीम 20 जून को अटलांटा में कनाडा या त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाफ टूनार्मेंट की शुरूआत करेगी। कनाडा या त्रिनिदाद और टोबैगो की टीमें प्लेऑफ में उतरेंगी। दोनों में से किसी एक को टूनार्मेंट में जगह मिलेगी। अर्जेंटीना की टीम इसके बाद 25 जून को न्यू जर्सी में चिली के खिलाफ खेलेगी। ग्रुप ए में अर्जेंटीना अपना आखिरी मैच वह मियामी में 29 जून को पेरू के खिलाफ खेलेगा।

### मैक्सिको ग्रुप बी और उरुग्वे ग्रुप सी में

मैक्सिको की टीम को ग्रुप बी में जगह मिली है। उसके साथ इक्वाडोर, वेनेजुएला और जमैका है। वहीं, ग्रुप सी में उरुग्वे के साथ अमेरिका, पनामा और बोलिविया है। पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील को कठिन ग्रुप में जगह मिली है। उसके साथ ग्रुप डी में कोलंबिया और पैराग्वे जैसी अच्छी टीमें हैं। प्लेऑफ के जरिए कोस्टारिका या हांडुरास की टीम इस ग्रुप से जुड़ेगी।

### 24 जून को ब्राजील खेलेगा अपना पहला मैच

अगले साल के कोपा अमेरिका को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले 2026 विश्व कप के लिए एक प्रभावी परीक्षण के रूप में देखा जा रहा है। ब्राजील अपना पहला मैच 24 जून को कोस्टारिका या हांडुरास के खिलाफ खेलेगा। 28 जून को उसका सामना लास वेगास में पैराग्वे से होगा। ग्रुप में ब्राजील का आखिरी मैच 28 जून को कोलंबिया से होगा। टूनार्मेंट के लिए 14 मैदानों का इस्तेमाल किया जाएगा। टूनार्मेंट का सेमीफाइनल नौ और 10 जुलाई को खेला जाएगा। 14 जुलाई को फाइनल मैच का आयोजन होगा।



## मियामी के लिए हांगकांग में खेलेंगे मेसी, बेकहम ने जताई खुशी

अर्जेंटीना के विश्वकप विजेता कप्तान लियोनल मेसी हांगकांग में अपने क्लब इंटर मियामी के लिए फुटबाल मैच खेलेंगे। उनकी टीम का यह मैच अगले साल चार फरवरी को होगा। मेजर लीग सॉकर की टीम मियामी ने इस मैच की घोषणा की। इस मैच में मेसी और इंटर मियामी का सामना हांगकांग की फर्स्ट डिवीजन लीग में खेलने वाले शीर्ष खिलाड़ियों को मिलाकर बनाई गई टीम से होगा। इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम ने कहा, हांगकांग एक खूबसूरत शहर है जिसका खेल परिदृश्य शानदार है। अपने कॅरिअर के दौरान मैंने काफी समय एशिया में बिताया तथा मैं इंटर मियामी को अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच इस खूबसूरत शहर में खेलने का मौका देने को लेकर बेहद खुश हूं। यह मैच हांगकांग स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसकी क्षमता 40,000 दर्शकों की है।

## सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये सुआरेज, पॉलिन्हो ने दागे सर्वाधिक 20 गोल

**बार्सिलोना** में लियोनल मेसी के पूर्व साथी और उरुग्वे के स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज को ब्राजील की फुटबाल लीग में सत्र का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जिसके लिए उन्हें गोल्डन बॉल का पुरस्कार मिला। सुआरेज ने ब्राजील की लीग में दूसरे स्थान पर रही ग्रेमियो की तरफ से 17 गोल दागे थे। ब्राजील की लीग बुधवार को समाप्त हुई जिसमें पालमेरास अपना खिताब बचाने में सफल रहा। सुआरेज ने सत्र के अंतिम दिन रियो डि जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में फ्लुमिनेंस के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम यह मैच 3-2 से जीतने में सफल रही। ब्राजील की लीग में सर्वाधिक 20 गोल एटलेटिको माइनिरो के फॉरवर्ड पॉलिन्हो ने दागे।

# दूषित भोजन खाने से सैकड़ों बच्चे हुए बीमार

एजेंसी

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया ब्लॉक अंतर्गत परसा पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसा बाबू टोला में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन बच्चों के लिए काफी दुखदायी साबित हो गया। भोजन करते ही सैकड़ो से अधिक बच्चे पेट दर्द उल्टी चक्कर आना जैसी बीमारियों से ग्रसित हो गए तथा तड़पने लगे। यह देख विद्यालय में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। दर्जनों से अधिक बच्चों की गंभीर स्थिति देख यह खबर आग की तरह चारों तरफ फैल गई। अभिभावक दौड़कर विद्यालय में पहुंचे । बच्चों की स्थिति गंभीर देख प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मझौलिया ने थाना मझौलिया सरकारी अस्पताल को सूचित किया। साथ ही निजी गाड़ियों से दर्जनों बच्चों को मझौलिया सरकारी अस्पताल में भेजा गया। सूचना पाकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुमार अनुभव, मुखिया पुतुल ठाकुर विद्यालय में पहुंचे और अभिभावकों को शांत कराते हुए पीड़ित छात्रों को अस्पताल भिजवाने का काम किया। सरकारी अस्पताल का दो एंबुलेंस विद्यालय में पहुंचकर छात्रों को अस्पताल लाया। जहां छात्र इलाज रत है। वहीं अभिभावकों द्वारा अपने स्तर से प्रयास कर बच्चों को अस्पताल भिजवाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी ने बताया कि एनजीओ द्वारा विद्यालय में भोजन कि आपूर्ति की जाती है। शुक्रवार को सुबह जैसे ही छात्रों ने भोजन शुरू किया छात्रों में बेचैनी पेट दर्द चक्कर आना उल्टी आदि की समस्या उत्पन्न हो गई तथा देखते ही देखते स्थिति काफी गंभीर हो गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता की जांच की जाएगी तथा एनजीओ के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। आक्रोशित अभिभावकों ने बताया कि जब तक विद्यालय में मध्यान भोजन बनता था कोई समस्या नहीं होती थी। लेकिन जब से एनजीओ के माध्यम से विद्यालय में खाना आपूर्ति किया जा रहा है तभी से बच्चों के बीच तरह-तरह की बीमारी देखने को मिल रही है। आए दिन दूषित भोजन आपूर्ति की जा रही है जिसका कुप्रभाव बच्चों पर पढ़ रहा है। आक्रोशित अभिभावकों ने एनजीओ के माध्यम से विद्यालय में खाना आपूर्ति बंद करने और विद्यालय में ही मध्यान भोजन संचालित करने की मांग की है। फिलहाल इस घटना ने परसा पंचायत में हलचल मचा दिया है। छात्रों के रोते बिलखते परिजन सरकारी अस्पताल में भाग दौड़ कर रहे हैं। पुलिस विद्यालय में कैंप कर रही है। बताया जाता है कि भोजन में दूषित पदार्थ मिलाए जाने के कारण भोजन विषाक्त हो गया है ।



## स्पीड न्यूज

### जिला शिक्षा पदाधिकारी आवास पर छापेमारी 14 लाख रुपए बरामद

**सिवान।** बिहार में सीवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार के कार्यालय एवं आवास पर निगरानी विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में आज एक साथ छापेमारी कर 14 लाख रुपए बरामद किया है। निगरानी विभाग के पुलिस उपाधीक्षक अभय कुमार ने शुक्रवार को यहां बताया कि निगरानी विभाग की छह सदस्य टीम ने सीवान के जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार के महादेवा स्थित आवास एवं एवं कार्यालय पर छापेमारी की जिसमें 14 लाख रुपए बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने से संबंधित एक प्राथमिकी निगरानी थाने में 36/23 मिथिलेश कुमार के विरुद्ध पहले से ही दर्ज है। जिसमें वारंट निर्गत होने के पश्चात टीम ने उनके विरुद्ध उक्त कार्रवाई की गयी। निगरानी विभाग की पूरी कार्रवाई जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार की मौजूदगी में की गई।

### अभियुक्त रियाज मोरिफ की पुलिस रिमांड

**पटना।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की पटना स्थित एक विशेष अदालत ने सांप्रदायिक वैमनस्यता एवं अशांति फैलाने का प्रयास तथा देशद्रोह के चर्चित फुलवारीशरीफ कांड के जेल में बंद अभियुक्त रियाज मोरिफ से हिरासती पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस रिमांड पर एनआइए को सौंपे जाने का आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश अभिजीत सिन्हा की अदालत में एनआईए की ओर से एक आवेदन दाखिल कर अभियुक्त रियाज मोरिफ से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने अनुरोध स्वीकार करते हुए अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए सात दिनों के लिए एनआईए को पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का आदेश जेल अधीक्षक को दिया है।

### तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूर्णिया।** पूर्णिया पुलिस ने इंटरनेशनल फंडिंग से जुड़े मामले में अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी पूर्णिया पुलिस कप्तान ने प्रेस वार्ता के दौरान आज दी। ऐसे अपराधियों का पूर्णिया में ठिकाना होना आश्चर्य जनक है। इनलोगों का साइबर हैंडलर पाकिस्तान में बैठकर इंटरनेशनल फंडिंग के चैन को रेगुलेट कर रहा था। पुलिस ने बताया कि ये पैसा टेरर फंडिंग का है या हवाला का फिलहाल पुलिस इन सारे बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने 5 सीम कार्ड, 96 हजार रुपए नकद , 6 मोबाइल फोन के अलावा 6 बैंक खाते तथा एक बोलरो भी बरामद किया हैं। प्रेस वार्ता के दैरान पूर्णिया एसपी ने बताया कि इन साइबर अपराधीयों का हैंडलर पाकिस्तान में बैठा है। पाकिस्तान से नेपाल में इन अपराध कर्मियों के माध्यम से बैंक अकाउंट खुलवाया जाता है। इसी अकाउंट में अपराध का पैसा जमा किया जाता है और नेपाल में खाता खुलवाने वाले को कुल राशि का 2% तथा भारतीय एजेंट को 5% दिया जाता है। यह तीनों पकड़े गए लोग भारतीय एजेंट है जिनका काम नेपाल में बैंक खातों को खुलवाकर वहां से पैसा निकाल कर भारत लाना है। फिर आगे हैंडलर के बताए हुए अकाउंट में डालना है।

## साइबर अपराधी गिरोह के दो ठग गिरफ्तार, गए जेल






- अपराधियों के निशानदेही पर करीब 5 लाख नगदी समेत कई सिम व मोबाईल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जामताड़ा के बाद उपराजधानी दुमका में इन दिनों में बढ़ते साईबर अपराध पर पुलिस काफी गंभीर है। शुक्रवार को दुमका पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमडापहाडी डंगाल से पुलिस दो साईबर अपराधी को भारी रकम के साथ धर दबोचने में सफल रही। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि साईबर अपराधी गिरोह के दो सदस्य को पुलिस 4,95,500 रुपये के साथ गिरफ्तार करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में थाना क्षेत्र के दामोंडीह गांव निवासी बिशेश्वर मंडल उर्फ अभिषेक एवं देवघर जिला के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बांझी गांव निवासी आकाश मंडल उर्फ आलोक है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस कई मोबाइल सीम, मोबाइल,एटीम कार्ड, उनके मोबाइल में फर्जी ट्रांजेक्शन एवं अपराधियों के निशानदेही पर साईबर अपराधी सरगना घनश्याम मंडल के घर से की फर्जी सीम,एटीम कार्ड डेबिट कार्ड एवं ठगी किए गए 4,95,500 रुपये बरामद करने में सफल रही। मामले में रामगढ थाना पुलिस कांड संख्या 94/23 के धारा 419, 420,467, 468, 471/34 एवं 66,(B),66(C,)66(D)आईटी एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है। पुलिस को यह सफलता जरमुंडी एसडीपीओ अमोद नारायण सिंह के सफल नेतृत्व पर 13 सदस्यीय टीम को मिली टीम में रामगढ़ थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय,साईबर सेल के एसआई श्यामल कुमार मंडल, अनुज कुमार आदि शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से साईबर अपराधियों में खलबली मच गई है।

## हाई स्कूलों में सृजित योजना मद के पद गैर योजना में बदले जाना ऐतिहासिक निर्णयः राज्याअध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के सृजित योजना मद के पदों को गैर योजना मद में बदलाव से हाई स्कूल शिक्षकों में खुशी की लहर है । राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्याअध्यक्ष दिवाकर महतो, महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, कार्यकारी राज्याअध्यक्ष यशवंत विजय, प्रमंडलीय अध्यक्ष दिलीप कुमार झा, जिला अध्यक्ष बुलबुल कुमार, जिला सचिव आशीष कुमार साहा,परीक्षा सचिव काशीनाथ महतो, परीक्षा अध्यक्ष जुलकर अंसारी, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी नीलांबर कुमार साहा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार यादव एवं मशगूल अंसारी सहित पूरे राज्य के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने माध्यमिक विद्यालयों के सृजित योजना मद के पदों को गैर योजना मद में परिवर्तित करने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। बताते चलें कि योजना मद से गैर योजना में तब्दील करने का यह नीतिगत फैसला राज्य स्तरीय मामला है। इसके लिए राज्य स्तरीय सांगठनिक राज्याअध्यक्ष दिवाकर महतो, महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह एवं कार्यकारी राज्याअध्यक्ष यशवंत विजय के द्वारा अथक प्रयास, सुदृढ़ रणनीति एवं लंबी विजय गाथा का सफरनामा तय कर सफलता का विजय माला शिक्षक शिक्षिकाओं को पहनाया है। इसकी पटकथा 21 जनवरी को रांची जिला सम्मेलन में लिखी गई थी। जब राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ का सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक मांडर क्षेत्र की उपस्थिति में योजना मद के पदों को गैर योजना मद में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित किया गया था। बाद में 14 फरवरी को रांची जिला के मांडर विधानसभा क्षेत्र सहित शिक्षक संघ के तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा राज्य नेतृत्व के माध्यम से संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को स्मार पत्र समर्पित किया गया। उसके बाद 13 मार्च को विधानसभा के बजट सत्र में विधायक शिल्पा नेहा तिर्की के संबंधित प्रश्न पर सरकार का स्पष्ट स्वीकारात्मक जवाब प्राप्त हुआ। जो सफलता के इस कड़ी को आगे बढ़ाते चले गए। बाद में 26 अप्रैल को इसे क्रियान्वित करने के लिए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा सचिव स्कूली शिक्षा से आग्रह एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा से वार्ता किया गया।

### आंख में मिर्ची डाल 30 बार चाकू से प्रहार कर की गई युवक की हत्या, सीसीटीवी फुटेज से खुलासा

**नवादा।** दिनदहाड़े शुक्रवार को चाकू गोद कर युवा की हत्या में पुलिस अंधेरे में तीर मार रही है वहीं सीसीटीवी फुटेज ने युवक की हत्या के मामले में कई हम कुलसी की है सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाइए पड़ रहा है की फोन से बुलाकर युवक ने ही आंख में मिर्ची का पाउडर डालकर अंधाधुंध चाकू से प्रहार किया 30 बार चाकू गोद कर युवा के की जीवन लीला समाप्त कर दी गई। नवादा में बेखौफ बदमाशों एक बार फिर से पुलिस को चुनौती दे दी है। जहां एक युवक के शरीर में 30 बार चाकू मार कर हत्या कर दिया गया है। वहीं इस मामले पर पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज कंगाली जा रही है। बताया जा रहा कि, शुक्रवार को होमगार्ड जवान के पुत्र को चाकू मार कर हत्या कर दिया गया है। जहां नवादा-कादिरगंज पथ पर कॉलेज के पास घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के पोस्टमार्टम रोड शिवनगर मोहल्ला निवासी वासुदेव प्रसाद का 19 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में किया गया।

### रिश्वत मामले में कार्यपालक अभियंता को सजा

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने 19 वर्ष पुराने रिश्वत मामले में सिंचाई विभाग के एक तत्कालीन कार्यपालक अभियंता को आज एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ कुल 10000 रुपये का जुमार्ना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद पटना स्थित सिंचाई विभाग के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र कुमार मंडल को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है।

## मनोहरपुर विस क्षेत्र में 77 करोड़ की लागत से बनेगी दो सड़कें, सरकार ने दी मंजूरी

- मंत्री जोबा माझी का प्रयास रहा सफल, गोइलकेरा में महादेवशाल से कुमडी और पांता से दुगुनिया होते हुए नंदपुर तक सड़क निर्माण का रास्ता साफ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दो महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित सड़कों के निर्माण की स्वीकृति सरकार ने दे दी है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री सह स्थानीय विधायक जोबा माझी इन सड़कों के निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयासरत थीं। गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत डेरोवां से पांता, दुगुनिया, रोंगो होते हुए नंदपुर तक 24 किमी सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। इसके लिए 51 करोड़ 87 लाख 32 हजार 300 रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पहले यह सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन थी और मार्ग में वनभूमि होने के चलते सड़क निर्माण में अवरोध पैदा हो रहा था। मंत्री जोबा माझी द्वारा मंत्रिपरिषद में इस मामले को उठाने के बाद गतिरोध को दूर कर सड़क निर्माण को स्वीकृति देते हुए इसे पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर गोइलकेरा के महादेवशाल से कुमडी तक साढ़े आठ किमी लंबी सड़क के निर्माण को भी हरी झंडी मिल गई है। इस सड़क के निर्माण की लागत 25 करोड़ रुपये है। मार्ग में दो जगहों पर पुल भी बनेगा। मंत्री जोबा माझी ने बताया कि कैबिनेट में स्वीकृत होते ही सड़कों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। टेंडर और अन्य प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। सड़कों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराना अब प्राथमिकता है। महादेवशाल से कुमडी तक सड़क का निर्माण होने पर चक्रधरपुर से राउरकेला और मनोहरपुर तक आवागमन ज्यादा सुगम होगा। इन शहरों के बीच 15 किमी तक दूरी कम हो जाएगी। यह सड़क एनएच 320 डी का शार्टकट होगा।

### आदिवासियों की सुरक्षा, विकास एवं अधिकारों के लिए डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान



**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता सह आउटरिच अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को गोपीकाण्दर प्रखंड के आदीम जनजातीय सुदूरवर्ती ग्राम खाटगाँवा में पारा लीगल वॉलिंटियर द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया। आयोजित अभियान में पारा लीगल वोलेंटियर द्वारा आदिम जनजाति के उत्थान के लिए नालसा, झालसा एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इसके उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना, आदिवासी शिक्षा अधिनियम योजना, आदिवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की योजना आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि शिक्षित आदिवासी युवाओं को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। इससे उनका सामाजिक स्तर उठेगा और उन विघटनकारी समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा। जो उन्हें विद्रोही बनाता है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 जैसे कानून होने के बावजूद उन पर अत्याचार की घटनाएं निरंतर हो रही है। भूमि अधिग्रहण, अवैध खनन और वन कटाव आदि के कारण आदिवासी अपने परिवेश से विमुख होते जा रहे हैं।

# महिलाओं को नॉन बैंकिंग कंपनी ने लगाया चूना

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** जिले में इन दिनों नॉन बैंकिंग कंपनियां अपना विस्तार कर रही हैं और सरकार प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसके चलते नॉन बैंकिंग कंपनी आसानी से गांव की महिलाओं को लोन देने के नाम पर ठग रही है। ऐसा ही मामला शुक्रवार को सदर प्रखंड के चरकोल गांव में देखने को मिला। पाकुड़ में लोन देने के नाम पर नॉन बैंकिंग कंपनी द्वारा महिलाओं से ठगी की गई है। जब महिलाएं लोन लेने गईं तो उन्हें कार्यालय बंद मिला। जिसके बाद महिलाएं हंगामा करने लगीं। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को शांत कराया। सदर प्रखंड के शहरकोल गांव के एक मकान में चल रही नॉन बैंकिंग कंपनी अधिकार माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय के बाहर पाकुड़ और साहिबगंज जिले की सैकड़ों महिलाएं पहुंचीं और कार्यालय बंद देख हंगामा करने लगीं। महिलाओं ने बताया कि नॉन बैंकिंग कंपनी अधिकार ने सैकड़ों महिलाओं को लोन देने के नाम पर तीन हजार रुपये और जरूरी कागजात लिए और उसके बदले में एक रसीद दी और आठ दिसंबर को कार्यालय बुलाया। जब सभी महिलाएं कार्यालय लोन लेने शहरकोल स्थित कार्यालय पहुंचीं तो सभी लोग गायब पाये गये।



हंगामे की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस पहुंची और महिलाओं को शांत कराया तथा लिखित आवेदन देने को कहा। पहले भी होता था लोन देने पर फ्रॉडः बता दें कि संथाल परगना के कई जिलों में नॉन बैंकिंग कंपनियां वर्षो से माइक्रो फाइनेंस के नाम पर गली कूचे में अपना कार्यालय खोल कर भोले-भाले ग्रामीणों को खाता खोलवाकर उनसे राशि जमा कराया जाता था। बाद में ये सैकड़ों कंपनियां फरार हो गयी तत्कालीन उपायुक्त डॉ सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर कई कपंनियों के कार्यालय में छापेमारी हुई थी और अवैध रूप से फाइनेंस कंपनी चलाने, लोगों से ठगी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उसके बाद अधिकांश कंपनियां सभी अपना-अपना सामान कार्यालय में छोड़कर फरार हो गयीं। उसके बाद मामले की जांच सीबीआई ने शुरू की। बाद में फिर कंपनियां हो गईं सक्रियः बाद में फिर पाकुड़, साहिबगंज सहित कई अन्य जिलों में ऋण देने के नाम पर नॉन बैंकिंग कंपनियों ने ग्रामीणों इलाकों के अलावा शहरी क्षेत्र के गली मोहल्ले में अपना कार्यालय खोल दिया और अब ऋण देने ने नाम पर लोगों से ठगी किया जा रहा है। ये नॉन बैंकिंग कंपनी गांव के बीच से ही युवा और महिलाओं को एजेंट बनाकर भोले-भाले ग्रामीणों को ठगने का काम कर रहे हैं। शासन-प्रशासन में बैठे बाबूओं को इस ओर कोई ध्यान नहीं है। माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में महिलाओं द्वारा किये गए हंगामा को लेकर पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारियों को दलबल के साथ शहरकोल गांव भेजा गया है। ठगी का शिकार महिलाओं से लिखित आवेदन मांगा गया है। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर विधिसंवत कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### सिवान : अनियंत्रित ट्रक ने छह को रौंदा, तीन की मौत

**पटना।** बिहार के सीवान में अनियंत्रित ट्रक ने शुक्रवार को बाइक सवार छह लोगों को कुचल दिया है। इस हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना नगर थाना क्षेत्र के आंदर ओवरब्रिज के करीब की है। एक घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान दिघवारा के भेलाई छपरा निवासी मोहन सिंह के पुत्र विमलेश सिंह, भगवानपुर के सुधरी निवासी सुरेश्वर प्रसाद सिन्हा के पुत्र अभिषेक कुमार और हुसैनगंज के बलईपुर निवासी अजय शर्मा के पुत्र रितेश शर्मा के रूप में हुई हैं। घायल की पहचान हुसैनगंज के जुडकन निवासी स्वर्गीय कपिल भगत के पुत्र देवेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक सीवान की तरफ से हुसैनगंज की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर छह लोगों को कुचल दिया। इस दौरान तीन बाइकों के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर ही तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में एक व्यक्ति साइकिल से घर लौट रहा था जो इस हादसे का शिकार हो गया, जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद से ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है।

### राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेनें व-17 क्रिकेट टीम पटना रवाना

**सहरसा।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन पटना के संयुक्त तत्वावधान में पिछले 4 दिसंबर से आयोजित राज्य स्तरीय बीनू माकन्द व-17 क्रिकेट टूनार्मेंट में भाग लेने के लिये जिला की टीम शुक्रवार को पटना रवाना हो गई।जहां कल सहरसा का पहला मुकाबला शिवहर से होगा। जिला क्रिकेट के संयोजक सह बिहार जुनियर क्रिकेट टीम के कोच रौशन सिंह धोनी ने बताया कि सहरसा टीम में कप्तान साहिल कुमार, उप कप्तान उज्जवल कुमार, गुलशन कुमार, आदित्य राज सिंह, विकेट कीपर रोशन कुमार,आशीष पासवान,विनीत पासवान,धीरज साहनी, मो सफीन अफरोज,मो अरबाज, जितेंद्र महतो, ज्योतिष यादव, मृणाल सिंह, रौनक कुमार, निखिल कुमार, मो हमजा अफरोज शामिल किये गए है। इस अवसर पर जिला टीम के सभी खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी रत्नेश कुमार सिंह, कोच रौशन सिंह धोनी, दीपक कुमार, प्रमोद झा, मो सैयद समी अहमद, शशि भूषण कुमार, सुरेश प्रसाद सिंह कार्यालय सहायक शीलू कुमारी, मनीष कुमार, दिलीप मंडल आदि ने शुभकामनाएं देकर टीम के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### रंगदारी को लेकर राशन डीलर को मारी गोली

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के गुदरी बाजार के समीप शुक्रवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर जा रहे राशन डीलर को अपराधियों ने घर से महज 20 मीटर के दूरी पर गोली मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों ने घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर घायल का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि 50 वर्षीय राशन डीलर मोहम्मद शोराब से अपराधियों ने रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी थी। घायल के पुत्र ने बताया कि अपराधियों ने तीन राउंड गोली फायरिंग किया। गोली मेरे पिता के जबड़े में लग गई। उन्होंने गोलीबारी का आरोप मोहम्मद चांद नामक व्यक्ति पर लगाया है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले पांच लाख रुपए की रंगदारी मांग थी। नहीं देने पर घटना को अंजाम दिया गया है। घायल की पत्नी ने बताया कि घरेलू विवाद को लेकर मेरे पति के ऊपर गोलीबारी करवा रहे हैं। गोलीबारी में मेरे घर के लोग शामिल हैं। उल्लेखनीय हो कि पहले भी राशन डीलर पर हमला हो चुका है। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

### विदाई कराने जा रहे दो भाई की सड़क हादसे में मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एन.एच.-28 पर फुलवड़िया थाना क्षेत्र स्थित मालती के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को रौंद दिया।

## पेज 1 का शेष

### विपक्ष को अब...

इसके बावजूद हम झारखंड के गरीबों को आवास जरूर उपलब्ध करायेंगे। भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज वह पहाड़ियों पर राजनीति करते हैं। इतने सालों बाद उन्हें आदिवासियों और भगवान बिरसा मुंडा की याद आयी। इससे पहले कभी आदिवासियों की याद नहीं आयी। 2019 में जब आदिवासी सीएम के नेतृत्व में सरकार बनी तो एक घंटे के बाद से वे सरकार गिरा रहे हैं और हर दिन मुख्यमंत्री बदल रहे हैं।

### लूटनेवालों को पाई-पाई...

बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज धीरज प्रसाद साहू की कंपनी है। विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बोलांगीर जिले के सुदापाड़ा में छापेमारी के दौरान नकदी से भरे 156 बैग बरामद किये। एक अधिकारी ने कहा, 156 बैग में से केवल छह-सात की गिनती हो पायी है। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के बोलांगीर कार्यालय पर छापेमारी के दौरान गुरुवार को लगभग 220 करोड़ रुपये से अधिक नकद जब्त किये गये थे। **छापेमारी तीसरे दिन भी जारी :** सांसद धीरज साहू से जुड़ी कंपनियों के यहां छापेमारी तीसरे दिन भी जारी है। रेड के अभी दो दिन और जारी रहने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, 30 अलमारियों में भरे इन नोटों को बड़ी मशीनों से गिनने में भी कम से कम तीन दिन लग जायेंगे। नोटों की गिनती के बाद इस व्यापारिक समूह द्वारा नकदी रखने की वैधानिक अधिकार से साथ मिलान करने के बाद अतिरिक्त नकदी को जब्त किया जायेगा। इसके बाद आयकर अधिनियम में निहित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। टैक्स चोरी के आरोप में छह दिसंबर को बीडीपीएल व्यापारिक समूह से जुड़ी कंपनियों के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी। बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) व्यापारिक समूह में चार कंपनियां-बीडीपीएल, बलदेव साहू इंफ्रा लि, क्वालिटी बॉटलर्स और किशोर प्रसाद-विजय प्रसाद बिवरेज लिमिटेड शामिल हैं. बलदेव साहू इंफ्रा फ्लाई ऐश ब्रिक्स का काम करती है, जबकि शेष सभी कंपनियां शराब के व्यापार से संबंधित हैं। बौद्ध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े जिन ठिकानों पर छापेमारी की गयी, उनमें से 95 फीसदी ठिकाने ओड़िशा और झारखंड में है, जबकि एक कोलकाता में है। सबसे अधिक कैश बौद्ध डिस्टिलर्स से जब्त किया गया है।

### टीएमसी सांसद महुआ...

ममता बनर्जी ने कहा कि हम महुआ मोइत्रा के साथ हैं। ये गणतंत्र के अधिकारो का हनन है। मुझे लगा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बात पर सही रवैया होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। ये पूरे संसद के लिए दुख भरा दिन है। महुआ मोइत्रा के समर्थन में तमाम विपक्षी सांसद सांसद भवन के बाहर आ गये हैं। इनमें इसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल थीं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, आरोपी को अपनी पूरी बात रखने का समय नहीं दिया गया और न ही आरोप लगाने वालों का क्रॉस एग्जामिन किया गया। शिवसेना (उद्धव) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि निष्कासन एक गलत परिपाटी की शुरूआत है।

### छत्तीसगढ़ में अर्जुन...

सवाल है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए झारखंड के इन नेताओं को चुनने के पीछे का मकसद क्या हो सकता है। अर्जुन मुंडा खूंटी से भाजपा के सांसद हैं। दोनों नेता आदिवासी समाज से आते हैं। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में एसटी के लिए रिजर्व सीटों पर भाजपा को जबरदस्त समर्थन मिला है। लिहाजा, आलाकमान ने इन दोनों राज्यों में विधायक दल के नेता को चुनने के लिए झारखंड से अर्जुन मुंडा और आशा लकड़ा को भी पर्यवेक्षक बनाया है। जाहिर है कि दोनों राज्यों में सीएम के चुनाव में इनकी अहम भूमिका रहेगी। एक तरह से भाजपा यह संदेश दे रही है कि वह एसटी समुदाय को लेकर कितनी गंभीर है।

# अब यूपीआइ से कर सकेंगे पांच लाख रुपये तक पेमेंट

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लोगों को राहत देते हुए शुक्रवार को अस्पतालों में इलाज और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले के लिए लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) के जरिये भुगतान की सीमा एक बार में एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी है। इस पहल का मकसद चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में भुगतान को लेकर यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ाना है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए शुक्रवार को कहा कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा को मौजूदा के एक लाख रुपये से

**▶▶ अस्पतालों में इलाज और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले के लिए आरबीआइ ने भुगतान की सीमा पांच लाख रुपये की**

बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, इस बारे में जल्दी ही अलग से निर्देश जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ श्रेणियों को छोड़कर यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा एक लाख रुपये निर्धारित है। जिन श्रेणियों को पहले से छूट है, उसमें पूंजी बाजार (संपत्ति प्रबंधन कंपनी, ब्रोकिंग, म्यूचुअल फंड आदि), क्रेडिट कार्ड भुगतान, कर्ज वापसी, ईएमआई, बीमा आदि शामिल हैं। इन मामलों में यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा दो लाख रुपये है। केंद्रीय बैंक ने पूर्व में खुदरा




प्रत्यक्ष योजना (आरडीएस) और आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) के लिये आवेदन को लेकर यूपीआई के तहत भुगतान की सीमा बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया था। आरबीआई की खुदरा प्रत्यक्ष योजना के तहत व्यक्तिगत निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों में बिना मध्यस्थों के निवेश की अनुमति है।

# रेपो रेट 6.5 प्रतिशत बरकरार

**रिजर्व बैंक ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत किया**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप लगातार पांचवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। साथ ही अगले साल होने वाले आम चुनावों से पहले मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चित परिदृश्य के बीच चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया।

वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के



लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किये गये निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने परिस्थितियों पर गौर करने के बाद आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया।

वहीं छह सदस्यों में से पांच ने उदार रुख को वापस लेने के अपने रुख पर कायम रहने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि नीतिगत दर कुछ समय तक ऊंची बनी रह सकती है।

# दिसंबर के अंत तक तैयार होगा अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का निर्माण कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला खंड तीन साल में शुरू होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि हम अपने पूंजीगत व्यय कार्यक्रम पर बहुत अधिक ध्यान दे रहे हैं, जहां तक हवाई अड्डों का सवाल है, हमारी 95,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना है। इसमें सरकार का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत और निजी क्षेत्र का 75 प्रतिशत होगा। उन्होंने भारत में बुनियादी ढांचे का समग्र विकास विषय पर एक सम्मेलन के मौके पर अयोध्या हवाई अड्डे के बारे में पूछने पर कहा कि वह दैनिक आधार पर परियोजना की निगरानी कर रहे हैं। एक चार्ट बनाया गया है, जिसमें परियोजना में हो रही प्रगति को अंकित किया जाता है। उन्होंने कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि इस महीने के अंत तक यह बनकर तैयार हो जाएगा और जब यह पूरा हो जाएगा तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका



**नवी मुंबई में दूसरा हवाई अड्डा और उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डा अगले साल के अंत तक चालू हो जायेगा : सिंधिया**

उद्घाटन करेंगे। सिंधिया ने कहा कि नवी मुंबई में दूसरा हवाई अड्डा और उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डा अगले साल के अंत तक चालू हो जाएगा। रेलवे क्षेत्र के बारे में उन्होंने कहा कि 2014 के बाद नयी उच्च गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत के साथ एक बदलाव आया। ये गाड़ी केवल 52 सेकंड में 100 किलोमीटर की गति छू सकती है। सिंधिया ने कहा कि देश रेल सेवाओं और यात्रियों की सुरक्षा में सुधार जारी रखेगा। तीन साल के भीतर हम (सरकार) भारत में बुलेट ट्रेन लाने जा रहे हैं। भारत रेल सेवा में पहला स्थान हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि 2026 के अंत और 2027 की शुरूआत में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला खंड शुरू हो जाएगा।

# देवभूमि में करें पूंजी निवेश

## प्रधानमंत्री ने निवेशकों से की अपील, बोले- मेरे जीवन का महत्वपूर्ण समय उत्तराखंड में बीता

**▶▶ देवभूमि के आशीर्वाद से मेरे जैसे फकीर का बना हजारों करोड़ का साम्राज्य : रामदेव**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में निवेशकों से भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण कालखण्ड उत्तराखण्ड में बीता है। यहां के लिए रिटर्न में कुछ कर पाने में मुझे विशेष आनन्द मिलता है। निवेशक यहां बेफिक्र होकर पूंजी निवेश करें, उन्हें भी जरूर इसका लाभ मिलेगा। उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पहले चार उद्योगपतियों ने उद्बोधन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी अनुकूल नीतियों से हमारा देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और प्रधानमंत्री से मिली प्रेरणा व सहयोग से ही वे देश की तरक्की में अपना योगदान दे पा रहे हैं। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन के कुछ साल उत्तराखण्ड में बिताये हैं। यहीं से उनके जीवन में नया मोड़ आया और आज वह



दमदार, यशस्वी और तेजस्वी प्रधानमंत्री बनकर उभरे हैं, जिनका देश और दुनिया में डंका बज रहा है। रामदेव ने कहा कि कुछ साल पहले फकीर होते हुए मैंने उत्तराखण्ड में व्यवसाय शुरू किया था आज मेरा हजारों करोड़ का साम्राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवूभूमि है और यहां जो भी ईमानदारी से निवेश करेगा उसे जरूर लाभ मिलेगा। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व वक्ताओं के द्वारा उनके बारे में कही गई यह बात सही है कि उनके जीवन का महत्वपूर्ण समय देवभूमि में व्यतीत हुआ है। इसलिए जब भी मैं यहां के लिए कुछ करता हूं तो मुझे आनन्द मिलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड टूरिज्म का सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है। यहां नेचर, कल्चर, हैरिटेज सबकुछ है। यहां योग, आयुर्वेद, तीर्थ, एडवेंचर स्पोर्ट्स, हर प्रकार की संभावनाएं हैं। इन्हीं संभावनाओं को एक्सप्लोर करना और उन्हें अवसरों में बदलना, ये आप जैसे साथियों की प्राथमिकता जरूर होनी चाहिए।

### प्रधानमंत्री ने आइएएडीबी का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के लाल किले में भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन बिएननेल (आईएएडीबी)-2023 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और प्राचीन धरोहर पूरी दुनिया के पर्यटकों को आकर्षित करती है। आज देश विरासत पर गर्व की भावना को लेकर अपने उसी गौरव को फिर से आगे बढ़ा रहा है। दिल्ली के लाल किले में 09 से 15 दिसंबर तक आईएएडीबी का आयोजन किया जा रहा है। यह हाल ही में आयोजित इंटरनेशनल म्यूजियम एक्सपो (मई 2023) और फेस्टिवल ऑफ लाइब्रेरीज जैसी प्रमुख पहलों का अनुसरण करता है। आईएएडीबी कलाकारों, वास्तुकारों, डिजाइनरों, फोटोग्राफरों, संग्राहकों, कला पेशेवरों और जनता के बीच समग्र वार्तालाप शुरू करने और सांस्कृतिक संवाद को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक

**नयी दिल्ली।** सरकार ने प्याज की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और इसकी कीमतों पर काबू पाने के लिए अगले साल मार्च तक इसके (प्याज) निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज की निर्यात नीति को 31 मार्च, 2024 तक मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में कर दिया गया है। राजधानी दिल्ली में स्थानीय सब्जी विक्रेता 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम पर प्याज बेच रहे हैं। इसकी वजह से आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने लगा है। इसके पहले अक्टूबर में केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजारों में 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर



बफर प्याज स्टॉक बेचने का फैसला किया था। सरकार ने इस साल 28 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्याज के निर्यात पर 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) भी तय किया था। इसके पहले अगस्त में प्याज पर 31 दिसंबर तक 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया गया था। हालांकि, डीजीएफटी ने कहा कि अन्य देशों को उनके अनुरोध के आधार पर सरकार से मंजूरी लेकर प्याज के निर्यात की अनुमति होगी। इसके अलावा इस अधिसूचना से पहले ही लदान हो चुकी प्याज की खेप को भी निर्यात की अनुमति है। इसके अलावा अगर प्याज की खेप इस अधिसूचना के जारी पहने के पहले सीमा शुल्क को सौंप दी गई है और इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली में उसे दर्ज किया जा चुका है तो उस प्याज के निर्यात की भी अनुमति है। ऐसी खेपों को अगले साल पांच जनवरी तक निर्यात किया जा सकेगा। चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से चार अगस्त के बीच देश से 9.75 लाख टन प्याज का निर्यात किया गया था। निर्यात मूल्य के लिहाज से शीर्ष तीन आयातक देश बांग्लादेश, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हैं। खरीफ फसल सत्र में प्याज की खेती के रकबे में कमी की खबरों के बीच इसके दाम चढ़ने लगे हैं।

### मैं कानून और संविधान का सेवक हूं : सीजेआइ

**नयी दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि एक न्यायाधीश के रूप में वह कानून और संविधान के सेवक हैं। जब प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ आज की कार्यवाही के लिए बैठी तो अधिवक्ता मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा ने अदालत के समक्ष एक मामले का उल्लेख किया। वकील ने पीठ के समक्ष कॉलेजियम प्रणाली में सुधारों की जरूरत और वरिष्ठ अधिवक्ता पद समाप्त किये जाने की जरूरत का उल्लेख किया। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आपको अपने दिल की बात सुनने की आजादी है।

# एसयूआइटी ने खींचीं सूर्य की पहली पूर्ण डिस्क तस्वीरें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सूर्य मिशन आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान पर लगे सन अल्ट्रा वायलट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) ने सूर्य की पहली पूर्ण-डिस्क तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किया है। एसयूआईटी ने विभिन्न वैज्ञानिक फिल्टरों का उपयोग करके सूर्य के फोटोस्फीयर यानी बाहरी परत और क्रोमोस्फीयर यानी मध्यपरत की तस्वीरों को कैद किया है। इसरो ने शुक्रवार को एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि 20 नवंबर को आदित्य एल-1 का एसयूआईटी पेलोड चालू किया गया। इस पेलोड



में लगे टेलीस्कोप ने 6 दिसंबर को 11 अलग-अलग फिल्टर के साथ सूर्य की पहली प्रकाश विज्ञान तस्वीरें लीं। इनका अध्ययन वेधशाला में किया जा रहा है।

# नये शिखर पर निफ्टी

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान बढ़ाने और नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से शुक्रवार को बैंकिंग एवं अन्य शेयरों में जमकर लिवाली हुई। इस तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए उच्चस्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 303.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत बढ़कर 69,825.60 अंक के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। सूचकांक दिन में कारोबार के दौरान नए रिकॉर्ड स्तर 69,893.80 अंक तक भी गया। निफ्टी भी 68.25 अंक यानी 0.33 प्रतिशत चढ़कर 20,969.40 अंक की नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 2.69 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। जेएसडब्ल्यू

**▶▶ सेंसेक्स 303 अंक बढ़कर 69,825 पर, निफ्टी 68 अंक छलांग लगाकर 21 हजार के करीब पहुंचा**

स्टील (2.44 प्रतिशत) और इन्फोसिस (1.67 प्रतिशत) भी खासी बढ़त में रहे। एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। आरबीआई की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने शुक्रवार को रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया। जुलाई-सितंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया।

# फिल्म फाइटर का टीजर जारी



**मुंबई।** अगले वर्ष 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म फाइटर का टीजर जारी कर दिया गया है, जिससे दर्शक एक्साइटेड हैं और फिल्म के बारे में और ज्यादा जानने के लिए बेकरार हैं। फिल्म का टीजर दर्शकों को 'फाइटर' की दुनिया के बारे में बताता है। टीजर में आकर्षक विजुअल से लेकर कलाकारों की टोली का बेहतरीन प्रदर्शन है, जिसमें स्क्वाड्रन लीडर के रूप में रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण फर्स्ट टाइम ऑन-स्क्रीन पेयरिंग और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में अनिल कपूर की दिखेंगे है।

# अभिनेता जूनियर महमूद का निधन

**कैंसर से हारे जिंदगी की जंग 68 साल में ली अंतिम सांस**

**मुंबई।** कारवां, हाथी मेरे साथी और मेरा नाम जोकर जैसी फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से मशहूर हुए चरित्र अभिनेता जूनियर महमूद का कैंसर के कारण शुक्रवार को निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। जूनियर महमूद के छोटे बेटे हसनैन सैय्यद ने बताया कि मेरे पिता पेट के कैंसर से जूझ रहे थे और उनका गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात दो बजे निधन हो गया। उनकी हालत पिछले 17 दिन से गंभीर बनी हुई थी। उनका एक महीने में 35 से 40 किलोग्राम वजन कम हो गया था। जूनियर महमूद का असली नाम नईम सैय्यद था। उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में मोहब्बत जिंदगी है (1966) और नौनिहाल (1967) से फिल्मी कॅरियर की शुरूआत की थी। दिवंगत हास्य कलाकार महमूद ने 1968 में रिलीज हुई फिल्म सुहाग रात में उनके साथ काम किया था और इसी



दौरान उन्होंने सैय्यद को जूनियर महमूद नाम दिया था। अभिनेता के करीबी मित्र सलाम काजी ने बताया कि जूनियर महमूद के पेट में दर्द था और एक स्थानीय चिकित्सक उनका उपचार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जब उनका वजन कम होने लगा तो उनके परिवार ने उन्हें टाटा मेमोरियल अस्पताल ले जाने का फैसला किया। काजी ने कहा कि उन्होंने उनकी जांच की और वहां चिकित्सकों ने बताया कि उनके फेफड़े एवं यकृत में कैंसर है और उनके पेट में एक ट्यूमर है। उन्हें पीलिया भी था। फिल्म निर्देशक संजय गुप्ता उन फिल्मी हस्तियों में शामिल रहे, जिन्होंने जूनियर महमूद को सोशल मीडिया के जरिए सबसे पहले श्रद्धांजलि दी। गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आप पूरी तरह से फिल्मों से जुड़े मेरे बचपन का एक अभिन्न हिस्सा थे। जूनियर महमूद, ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे। इतने वर्षों तक मनोरंजन करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। ट्रेड यूनियन सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया। जूनियर महमूद 1966 से इसके सदस्य थे। जूनियर महमूद ने अभिनेताओं जितेंद्र और सचिन पिलगांवकर से मिलने की इच्छा व्यक्त की थी, जिसके बाद दोनों ने मंगलवार को उनके आवास पर उनसे मुलाकात की थी।

## एक नजर में

### अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन के बेटे हंटर को ग्रैंड जूरी ने कर चोरी का दोषी ठहराया



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन के पुत्र हंटर बाइडेन को अब कर चोरी के मामले में दोषी ठहराया गया है। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार कैलिफोर्निया में एक ग्रैंड जूरी ने 56 पन्नों के अभियोग पर गुरुवार को सुनवाई की। अखबार के अनुसार ग्रैंड जूरी ने हंटर को मूल्यांकन की चोरी, कर दाखिल करने और भुगतान करने में विफलता और धोखाधड़ी वाले कर रिटर्न दाखिल करने के आरोप में दोषी ठहराया है। फिलहाल इस पर व्हाइट हाउस की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले हंटर बाइडेन पर गन मामले में फंस चुके हैं इस पर व्हाइट हाउस ने प्रतिक्रिया दी थी कि अगर हंटर को दोषी ठहराया जाएगा तो बाइडेन उन्हें माफ नहीं करेंगे।

### बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर रॉकेट हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास पर शुक्रवार सुबह हुए रॉकेट हमले में छिटपुट माली नुकसान हुआ है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। अमेरिकी और इराकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इराक के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को 14 कत्युशा रॉकेट दागे गए, जिनमें से कुछ दूतावास के द्वार के निकट, जबकि अन्य नदी में गिरे। अधिकारी ने कहा कि रॉकेट से छिटपुट माली नुकसान हुआ है,लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने कहा कि दूतावास परिसर और यूनियन तीन के आसपास अमेरिका और गठबंधन बलों पर कई रॉकेट हमले हुए। अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने और बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान की खबर नहीं मिली है। दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुबह लगभग सवा चार बजे अमेरिकी दूतावास पर दो रॉकेट से हमला किया गया।

### काठमांडू एयरपोर्ट पर 14 किलो सोना बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में सोने की तस्करी रुक नहीं पा रही। काठमांडू में दो दिन पहले तस्करी कर लाए गए आठ किलोग्राम सोने की जांच चल ही रही थी कि गुरुवार रात 14 किलो सोने की तस्करी का एक नया मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि गुरुवार रात 11:56 बजे फ्लाई दुबई की फ्लाइट एफजेड 573 से काठमांडू उतरे गोरखा जिला निवासी चंद्र बहादुर घले को गिरफ्तार कर लिया गया है। कस्टम टीम ने घले के पास से 14 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। साथ ही घले से पूछताछ के आधार पर काठमांडू के धुम्बाराही इलाके से मीन बहादुर घले को भी हिरासत में लिया गया है।

### अमेरिका मे भारतीय मूल के मोटल मालिक की हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तर कैरोलीना राज्य के न्यूपोर्ट शहर में भारतीय मूल के 46 वर्षीय मोटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर ने खुद को भी कमरे में बंद करके गोली मार ली, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। बुधवार को जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो उसे मोटल के अंदर सत्येन नाइक नामक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला, जिसके शरीर पर गोलियों के निशान थे। न्यूपोर्ट पुलिस के प्रमुख कीथ लुइस ने कहा कि 10 बजने के कुछ ही देर बाद 911 सेंटर को कॉल आई कि एक व्यक्ति जबरन हॉस्टेस हाउस में घुसने की कोशिश कर रहा है। न्यूज-टाइम्स समाचार पत्र ने लुइस के हवाले से कहा, ह्लपीछे से शोर-गुल सुनाई दे रहा था और इसके कुछ ही देर बाद एक और कॉल आई कि एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। गोली लगने के बाद आपात कर्मी नाइक को कार्टरेट हेल्थ केयर ले गए। बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध हमलावर ट्रॉय केलम होस्टेस हाउस के एक कमरे के अंदर बंद मिला। लुइस ने कहा, ह्लसंदेह था कि उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया है, जिसके बाद हमने विशेष प्रतिक्रिया टीम (एसआरटी) को सूचित करके कमरे में बंद व्यक्ति को निकालने के लिए सहायता मांगी।

### पुणे : फैक्टरी में आग लगने से छह की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड इलाके में मोमबत्ती बनाने वाली एक फैक्टरी में शुक्रवार को आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पिंपरी-चिंचवड नगर निगम आयुक्त शेखर सिंह ने कहा कि दमकल विभाग को अपराह्न करीब दो बजकर 45 मिनट पर तलवाडे स्थित फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि फैक्टरी में आम तौर पर जन्मदिन समारोह में इस्तेमाल की जाने वाली मोमबत्तियां बनाई जाती हैं। शेखर सिंह ने कहा कि आग बुझा दी गई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि घायलों को पुणे और पिंपरी चिंचवड नगर निगम क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### ओडिशा में हाथी ने दो को कुचलकर मार डाला

भुवनेश्वर। ओडिशा के अंगुल जिले में अलग-अलग स्थानों पर एक जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। एक वन अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जान गंवाने वाले लोगों की पहचान सारधापुर गांव के गुरू नायक और चेलियापाडा गांव की अनिथु साहू के रूप में की गयी है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार रात को इन दोनों के शव बरामद किये। अंगुल के संभागीय वन अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि हाथी ने पहले सारधापुर में घूमने निकले नायक पर हमला किया और फिर चेलियापाडा में साहू को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि हम हाथी द्वारा इन दोनों को कुचलकर मार डालने की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं। आमतौर पर हाथी हार्मोन संबंधी बदलाव के चलते हिंसक व्यवहार दिखाते हैं। हम हाथी के व्यवहार का अध्ययन कर रहे हैं और फिर उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार इन दोनों के परिवारों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !